## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 | 23.3 |
| डालटनगंज | 34.2 | 25.5 |
| धनबाद | 34.2 | 27.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 13 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 127 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## हिंद महासागर में चीन और पाक की खतरनाक जुगलबंदी

# भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ेगी टेंशन

**शुभम संदेश डेस्क**

विदेश मामलों की संसदीय समिति ने मंगलवार को हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी और प्रभाव को लेकर चिंता जताई है. समिति ने कहा है कि यह भारत की सुरक्षा और रणनीतिक हिंतों के लिए बहुत बड़ी जोखिम की बात है. समिति ने अपनी रिपोर्ट 'इवैल्यूएशन ऑफ इंडियाज इंडियन ओशन स्ट्रैटजी' नाम से संसद में पेश की है. रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन-पाकिस्तान के बीच बढ़ता गठजोड़ न सिर्फ संयुक्त सैन्य अभ्यास के लिए है, बल्कि इससे पाक की नौसेना का आधुनिकीकरण हो रहा है और यह बहुत बड़ा जोखिम है.



**संप्रभुता और स्वतंत्रता की सुरक्षा की चुनौती:** समिति के मुताबिक हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और पाक के साथ उसके तालमेल को देखते हुए, इस ओर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है. क्योंकि, इससे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बिगड़ सकता है और भारतीय सामारिक स्वायत्तता के लिए खतरा पैदा हो सकता है. वहीं, समिति ने हिंद महासागर क्षेत्र में तीन चुनौतियों की पहचान की है. ये हैं, भू-राजनीतिक, समुद्री सुरक्षा खतरे और बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी की कमी. रिपोर्ट के अनुसार हिंद महासागर क्षेत्र में भारत जो सामरिक चुनौतियां झेल रहा है, उसके बारे में मंत्रालय ने लिखित जवाब में कहा है, भारत के लिए रणनीतिक चुनौतियों में समुद्री यातायात, समुद्री डकैती, आतंकवाद, नैविगेशन से जुड़ी चिंताओं की वजह से संप्रभुता और स्वतंत्रता की सुरक्षा का जोखिम शामिल हैं.

**चीनी नौसेना की बढ़ती ताकत :** दूसरी चुनौती में इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी है. चीन जिस तरह यहां अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में जुटा हुआ है. चीन कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पर काम कर रहा है. वह कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिनका दोहरा इस्तेमाल हो सकता है. इसके अलावा चीन रिसर्च और सर्वे वाले जहाज भी भेज रहा है, जिससे वह समुद्र से जुड़े हर तरह का डेटा जुटाना चाहता है. रिपोर्ट में चिंता जताते हुए कहा गया कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी और उसके बढ़ते प्रभाव को लेकर चिंता एक ऐसा घटनाक्रम है, जो भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यापक रणनीतिक हितों के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा कर रहा है. रिपोर्ट में इस बात पर भी ध्यान खींचा गया है कि कैसे चीन की नौसेना ने तेजी से विकास करते हुए अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है और पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी की नेवी दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना बन चुकी है. रिपोर्ट में यह चिंता भी जाहिर की गई है कि कैसे चीन अपनी नौसेना के बेड़े में अत्याधुनिक युद्धपोत शामिल कर रहा है, जिनमें मल्टीपल कैरियर बैटल ग्रुप और अतिरिक्त एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल है. इनके अलावा पनडुब्बियां और अन्य नौसैनिक जहाज भी उतार रहा है. इससे पता चलता है कि चीन किस तरह हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिशों में लगा हुआ है.

**चीन, पाकिस्तान की जुगलबंदी से कैसे निपटे भारत:** समिति ने कहा है कि इतनी ही बड़ी चिंता चीन और पाक के बीच समुद्री गठजोड़ है, जिसके तहत दोनों न सिर्फ नौसैनिक अभ्यास करते हैं, बल्कि इसके साथ पाक नौसेना का भी आधुनिकीकरण हो रहा है. रिपोर्ट के अनुसार दोनों देशों की समुद्री जुगलबंदी इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन को बुरी तरह से बिगाड़ सकता है. इन सबको देखते हुए समिति ने सुझाव दिया है कि भारत को चीन-पाकिस्तान की ओर से संयुक्त नौसैनिक खतरे को देखते हुए इनके मुकाबले के लिए पूरी तरह से सक्रिय रहना होगा. भारत को अपनी नौसेना को मजबूत करने के अलावा सहयोगी देशों के साथ क्षेत्र में साझा नौसैनिक अभियान करते रहना होगा, ताकि रणनीतिक संतुलन कायम रहे. समिति ने चीन की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के लिए सैटेलाइट-आधारित सर्विलांस सिस्टम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल करने को कहा है.

### एलएसी के पास चीन की नई रेल परियोजना, भारत के लिए खतरे की घंटी

चीन बड़ी रेल परियोजना शुरू करने जा रहा है, जो तिब्बत को शिनजियांग से जोड़ेगी और भारत के साथ एलएसी के पास से गुजरेगी. यह रेल लाइन भारत के अक्साई चिन क्षेत्र से होकर जाएगी, जो पहले से ही विवाद का विषय है. साथ ही, यह 2017 के डोकलाम विवाद वाली चंबी घाटी तक भी पहुंचेगी. चीन ने 2006 में तिब्बत को रेल नेटवर्क से जोड़ा था. इसके बाद 2014 में ल्हासा-शिगात्से और 2021 में ल्हासा-न्यिंगची रेल लाइन शुरू की गईं. अब चीन अपनी रेल नेटवर्क को और गहराई तक ले जाना चाहता है, खासकर भारत की सीमा के पास.

#### भारत के लिए चिंता के दो पहलू और

**अक्साई चिन विवाद :** अक्साई चिन भारत का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन 1950 से चीन के कब्जे में है. 1950 के दशक में चीन ने इसी क्षेत्र में शिनजियांग-तिब्बत हाईवे (जी219) बनाया था, जो 1962 के भारत-चीन युद्ध का एक बड़ा कारण बना. उस समय भारत को इस सड़क की जानकारी तब हुई जब यह चीनी नक्शों में दिखी, जिससे कूटनीतिक तनाव बढ़ा. अब रेल लाइन भी इसी क्षेत्र से होकर जाएगी, जो भारत के लिए खतरे की घंटी है.

**सीमा सुरक्षा :** एलएसी के पास यह रेल लाइन चीन को अपनी सेना और सैन्य उपकरणों को तेजी से तैनात करने में मदद करेगी. इससे सीमा पर तनाव बढ़ सकता है, खासकर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम जैसे संवेदनशील इलाकों में.

---

### ब्रीफ न्यूज

#### बोले ओवैसी- मुनीर तो सड़क छाप आदमी

**नयी दिल्ली।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के परमाणु हमले वाली धमकी को निंदनीय बताया है. उन्होंने कहा है कि मुनीर की भाषा सड़कछाप आदमी जैसी है. मुनीर इन दिनों अमेरिका में हैं और वहां से भारत के खिलाफ आग उगल रहे हैं. ओवैसी ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ये अमेरिका से हो रहा है, जो कि हमारा साझीदार है. वह सड़कछाप की तरह बोल रहा है. अब हमें अपना डिफेंस बजट बढ़ाना होगा, ताकि हम तैयार रह सकें.

#### रोकी गई बदरीनाथ व हेमकुंड की यात्रा

**गोपेश्वर।** मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट के बाद बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा 14 अगस्त तक के लिए रोक दी गई है. मंगलवार को डीएम ने बताया कि मौसम विभाग के ने अगले दो दिनों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. बदरीनाथ हाइवे पर कमेडा के पास भू-स्खलन के कारण रास्ता रुक गया है. इससे वाहनों की आवाजाही मुश्किल से हो पा रही. यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 14 अगस्त तक के लिए बदरीनाथ तथा हेमकुंड की यात्रा को स्थगित किया गया है.

#### इंडोनेशिया में भूकंप के तगड़े झटके आए

**नयी दिल्ली।** इंडोनेशिया के पापुआ क्षेत्र में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई. भूकंप ने स्थानीय लोगों में दहशत मचा दी, लेकिन सुनामी का खतरा नहीं है और अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं आई है. भारतीय राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से 39 किमी नीचे था. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, भूकंप पापुआ के अबेपुरा शहर से लगभग 193 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आया.

---

## एसआईआर पर सुनवाई में याचिकाकर्ताओं से बोला सुप्रीम कोर्ट

# आप अवैधता साबित करें पूरी प्रक्रिया रद्द कर देंगे

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

बिहार में वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि लोगों के पास आधार, राशन और इपिक कार्ड होने के बावजूद, अधिकारी इसे प्रमाण के तौर पर नहीं मान रहे हैं. इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ऐसे दस्तावेज यह दिखाने के लिए काफी हैं कि आप उस क्षेत्र के निवासी हैं. जस्टिस कांत ने दोहराया कि अगर सितंबर के अंत तक भी अवैधता साबित हो जाए, तो भी पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है. सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस कल, 13 अगस्त को जारी रहेगी.

**आधार कार्ड नागरिकता का पक्का प्रमाण नहीं:** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में आधार कार्ड को निवास का पक्का प्रमाण नहीं माना जा सकता. याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव से महज ढाई महीने पहले 5 करोड़ लोगों को अमान्य घोषित करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है. इस पर सुप्रीम कोर्ट अगर 5 करोड़ लोगों को अमान्य घोषित किया जाता है, तो हम यहां बैठे हैं. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 2003 तक जो लोग वोटर लिस्ट में हैं, उन्हें कोई दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं है. जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि नागरिकता पर कानून संसद की ओर से बनाया जाना चाहिए. अभिषेक सिंघवी ने कहा कि मौजूदा वोटर लिस्ट में शामिल लोगों के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाना गलत है. यह मामला तत्काल हस्तक्षेप का हकदार है, वरना चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर असर पड़ सकता है. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से दोहराया कि अगर सितंबर के आखिर तक किसी भी स्तर पर अवैधता साबित हो जाती है, तो पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है.



**वोटर लिस्ट में कई जीवित लोग मृत दिखाए गए:** जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने मंगलवार को आरजेडी नेता मनोज झा की याचिका पर सुनवाई की. मनोज झा ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सूची में कई लोग मृत दिखाए गए हैं, जबकि वे जीवित हैं, और इसके विपरीत भी हो रहा है. जस्टिस कांत ने कहा कि यह कहना गलत है कि बिहार में किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं हैं. उन्होंने माना कि आधार और राशन कार्ड मौजूद हैं, लेकिन उन्हें निवास का पक्का प्रमाण नहीं माना जा सकता.

**चुनाव आयोग ने कहा- 30 सितंबर को आएगी फाइनल लिस्ट:** चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि इस तरह की प्रक्रिया में कुछ गलतियां होना स्वाभाविक है. उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित होने से पहले गलतियों को ठीक किया जा सकता है. विपक्षी दलों का कहना है कि इस प्रक्रिया से करोड़ों योग्य मतदाता वोट देने से वंचित रह सकते हैं. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सिर्फ आधार कार्ड होने से यह साबित नहीं होता कि आप बिहार में ही रहते हैं. आपको दूसरे दस्तावेज भी दिखाने पड़ सकते हैं. कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर मतदाता सूची में बहुत ज्यादा गड़बड़ी हुई तो वह दखल देगा. अब देखना यह है कि चुनाव आयोग 30 सितंबर तक मतदाता सूची को कितना ठीक कर पाता है.

### कोई व्यक्ति आधार, पैन या वोटर आईडी रखने से भारत का नागरिक नहीं बन जाता

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक अहम मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सिर्फ आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी जैसे दस्तावेज रखने से कोई भारत का नागरिक नहीं बन जाता. कोर्ट ने यह टिप्पणी कथित तौर पर बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए की. जमानत अर्जी दाखिल करने वाले उक्त व्यक्ति पर जाली और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारत में एक दशक से भी अधिक समय तक रहने का आरोप है.



जस्टिस अमित बोरकर की बेंच ने कहा कि नागरिकता अधिनियम के प्रावधान यह निर्धारित करते हैं कि भारत का नागरिक कौन हो सकता है और नागरिकता कैसे प्राप्त की जा सकती है तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज केवल पहचान या सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हैं. कोर्ट ने कथित बांग्लादेशी नागरिक बाबू अब्दुल रऊफ सरदार को जमानत देने से इनकार कर दिया. जो बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था. उसने कथित तौर पर फर्जीवाड़ा कर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और भारतीय पासपोर्ट जैसे दस्तावेज बनवा लिये थे.

---

### रीति और परंपरा



दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्धकर्म उनके पैतृक गांव नेमरा में पूरी धार्मिक मान्यताओं के साथ किया जा रहा है. सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन पूरी श्रद्धा से सारा विधि-विधान पूरा कर रहे हैं. इसी क्रम में मंगलवार को कल्पना सोरेन ने ढेंकी से चावल कूटकर आटा तैयार की. 16 अगस्त को गुरुजी के श्राद्धकर्म का अंतिम दिन होगा.

-नेमरा की हर गतिविधि की खबर पेज 2 पर देखें.

### आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश अदूरदर्शी और करुणाहीन : राहुल

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी आदेश पर अब सियासी और सामाजिक बहस तेज हो गई है. बीजेपी सांसद व पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी के बाद अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी कोर्ट के आदेश की आलोचना की है.

उन्होंने इसे अदूरदर्शी और करुणाहीन बताया. राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का सुप्रीम कोर्ट का निर्देश दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-समर्थित नीति से एक कदम पीछे है. ये बेजुबान आत्माएं कोई समस्या नहीं हैं, जिन्हें मिटाया जा सके.

उन्होंने सुझाव दिया कि आश्रय, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल के जरिये इन जानवरों को बिना क्रूरता के सुरक्षित और नियंत्रित रखा जा सकता है. लेकिन इस तरह कुत्तों को हटाना क्रूर, अदूरदर्शी और करुणा से परे हैं. राहुल गांधी ने ऐसे समाधान अपनाने को कहा, जिससे जन सुरक्षा और पशु कल्याण दोनों हो सके.

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव मंजूर

# स्पीकर ने बनाई कमेटी सदस्यों के नाम भी घोषित

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की कैश कांड मामले में मुश्किलें बढ़ रही हैं. उनके खिलाफ लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. इस प्रस्ताव पर 146 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों शामिल हैं. स्पीकर ने एक जांच कमेटी भी बनाई है. इस कमेटी में शामिल जजों का नाम घोषित कर दिया गया है. स्पीकर बिरला की बनाई हुई जांच कमेटी में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के एक-एक जज को शामिल किया गया है. वहीं एक कानूनविद को भी कमेटी में शामिल किया गया है. कमेटी की रिपोर्ट आने तक महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा. कमेटी में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अरविंद, कर्नाटक हाई कोर्ट के वकील बीबी आचार्य और मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन को शामिल हैं.

#### आखिर क्यों हटाने की चल रही है कोशिश

इस साल 14 मार्च को जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास में आग लग गई. वे तब दिल्ली हाईकोर्ट में थे. फायर सर्विस की टीम उनके घर पहुंची. आग पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन चौंकाने वाला नजारा देखने को मिला. जस्टिस वर्मा के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले हुए नोटों के बंडल मिले, जो कि बोरे में भरकर रखे गए थे.

**क्या होता है महाभियोग प्रस्ताव:** किसी भी जज को हटाने के लिए संसद के किसी भी एक सदन में महाभियोग प्रस्ताव लाया जा सकता है. प्रस्ताव पहले रास के सभापति या लोस स्पीकर के सामने पेश किया जाता है. फिर जांच के लिए कमेटी गठित की जाती है. इसमें सुप्रीम कोर्ट के जज, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और विशिष्ट विधि विशेषज्ञ को शामिल किया जाता है.

---

## सम्मान: 15 अगस्त को कर्नल सोफिया कुरैशी होंगी केबीसी 17 के लिए अमिताभ बच्चन की मेहमान

# विंग कमाडंर व्योमिका के साथ सुनाएंगी 'ऑपरेशन सिंदूर' की दास्तान

**शुभम संदेश डेस्क**

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन 11 अगस्त 2025 से शुरू हो चुका है. 25 वर्षों से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहा यह शो इस बार भी नए जोश, नई कहानियों और खास मेहमानों के साथ लौट आया है. इस सीजन में स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर एक देशभक्ति से भरपूर विशेष एपिसोड प्रसारित होने वाला है, जिसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' में भाग लेने वाली बहादुर महिला अफसरों को आमंत्रित किया गया है. शो का यह प्रोमो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.





**भारत की असली नायिकाएं हॉट सीट पर :** 15 अगस्त को प्रसारित होने वाले इस स्पेशल एपिसोड में अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर बैठेंगी -कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह,कमांडर प्रेरणा देवस्थलीइन वीरांगनाओं ने न सिर्फ देश सेवा की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं, बल्कि 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे महत्वपूर्ण सैन्य मिशन के बारे में जानकारी देकर दर्शकों को गर्व से भर दिया.

**क्या था 'ऑपरेशन सिंदूर':** एपिसोड के दौरान कर्नल सोफिया ने बताया कि यह मिशन मई 2025 की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में अंजाम दिया गया था.7 से 10 मई के बीच चले इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह किया. साथ ही नियंत्रण रेखा और पश्चिमी सीमा पर दुश्मन के ड्रोन हमलों का मुंहतोड़ जवाब भी दिया गया. इस मिशन की योजना और क्रियान्वयन में इन महिला अधिकारियों की अग्रणी भूमिका रही.

#### अमिताभ बच्चन ने मंच पर किया अभिनंदन

जब अमिताभ बच्चन ने इन बहादुर महिलाओं को मंच पर बुलाया, तो उन्होंने गर्व से कहा – भारत माता की…और दर्शकों ने जोरदार आवाज में उत्तर दिया – जय .यह दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, और लाखों लोग इन नायिकाओं को सलाम कर रहे हैं.

#### महिलाओं की हिम्मत और समर्पण की कहानी

विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली ने भी अपनी जिम्मेदारियों, भूमिका और मिशन के अनुभव को शेयर किया. उन्होंने बताया कि आज की भारतीय महिला सेना सिर्फ सहायक भूमिकाओं में नहीं, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर रहकर भी देश की सुरक्षा कर रही है .इनकी कहानियां सिर्फ वीरता नहीं, बल्कि आत्मबल, अनुशासन और प्रेरणा की मिसाल हैं.

## भारतीयों के लिए बड़ा गिफ्ट साबित होगा अमेरिका का फैसला

# ट्रंप बोले- गोल्ड पर नो टैरिफ

**शुभम संदेश डेस्क**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोने को लेकर एक ऐलान किया, जिससे गोल्ड के रेट धड़ाम हो गए. घरेलू बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक में अचानक सोना सस्ता हो गया. सोमवार को एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 1400 रुपए से ज्यादा टूटा, तो वहीं मंगलवार को भी गोल्ड रेट में गिरावट देखने को मिली.

दरअसल अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तमाम अटकलों को खारिज करते हुए अपने ट्रूथ सोशल अकाउंट पर पोस्ट करते हुए साफ किया कि सोने पर टैरिफ नहीं लगाया जाएगा. इसके बाद से भी सोने के भाव में गिरावट के बीच विशेषज्ञ इसे भारतीय खरीदारों के लिए भी राहत का फैसला मान रहे हैं.

#### एक्सपर्ट बोले- ये भारत के लिए अच्छा

सोने की कीमतों में तेजी पर लगा ये ब्रेक भारतीय खरीदारों के लिए भी राहत भरा है. ट्रंप के सोने पर टैरिफ को लेकर लिए गए इस फैसले का भारतीय बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. ऐसा होना उन भारतीयों के लिए अच्छा मौका है, जो इस फेस्टिव सीजन में सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं. इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट आईबीजेए.कॉम के मुताबिक, बीते कारोबारी दिन 24 कैरेट सोने का भाव 1,00,201 रुपए प्रति 10 ग्राम था, लेकिन मार्केट में कारोबार बंद होने पर ये टूटकर 1 लाख रुपए के नीचे आकर 99,957 रुपये पर क्लोज हुआ. इसके अलावा 22 कैरेट गोल्ड 99,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट का दाम 91,187 रुपए प्रति 10 ग्राम, 18 कैरेट गोल्ड प्राइस 74,662 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया.

**एमसीएक्स पर बिखरा सोने का भाव:** सबसे पहले बताते हैं आसमान पर पहुंचीं सोने की कीमतों में अचानक आई इस तगड़ी गिरावट के बारे में, तो बता दें कि जैसे ही ट्रंप ने सोने पर कोई टैरिफ नहीं लगाने का ऐलान किया, तो इसके बाद अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ये 2.48% गिरकर 3,404.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गया. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भाव में सोमवार को 1409 रुपए की कमी आई और ये गिरकर 1,00,389 रुपये पर आ गया. यही नहीं मंगलवार को भी ये टूटा और खबर लिखे जाने तक सोना 1002 रुपये फिसलकर 1,00,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था.

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म का आठवां दिन, हेमंत ने पूरे किए विधान







नेमरा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के आठवें दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति हेतु पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप श्राद्ध कर्म का विधान पूरा किया. इस दौरान नेमरा गांव में लोगों का हुजूम हर दिन पहुंच रहा है. लोग आते हैं और गुरुजी को श्रद्धांजलि देते हैं और सीएम हेमंत सोरेन को भरोसा दिलाते हैं कि हम सब आपके साथ हैं.

### पुत्रवधु धर्म और परंपराओं को निभाते हर दिन दिख रहीं कल्पना सोरेन

## ढेंकी में कूटे चावल को चलनी से चालती दिखीं



शुभम संदेश। रांची

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद, उनकी पुत्रवधु विधायक कल्पना सोरेन हर दिन अपने कर्तव्य व परंपराओं को निभाती हुईं दिखाई दे रही हैं. वह पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गुरुजी के श्राद्धकर्म में घर में सक्रिय रूप से संलिप्त हैं. हर दिन, वह दिवंगत गुरुजी की आत्मा को अर्पित करने के लिए पारंपरिक खाद्य सामग्री बनाती हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसे दिवांगत गुरुजी की आत्मा को अर्पित करते हैं. यह श्राद्धकर्म का एक हिस्सा है, जिसे हर दिन निभाना पड़ता है.

मंगलवार को एक तस्वीर साझा करते हुए कल्पना सोरेन ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- “हमारे पारंपरिक विधान और रीति-रिवाज का अभिन्न हिस्सा है ढेंकी, वीर योद्धा दिशोम गुरु अमर रहें.” इस तस्वीर में वह ढेंकी से चावल कूटती हुई नजर आ रही हैं. बता दें कि 16 अगस्त को गुरुजी का श्राद्धकर्म है और इस अवसर पर देशभर से लाखों लोगों की श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जुटने की संभावना है.

## स्वदेशी के नाम पर भाजपा का दोहरापन उजागर: सतीश पौल

शुभम संदेश। रांची

अगस्त क्रांति की पावन स्मृति में जब देश आत्मनिर्भरता और बलिदान की भावना को स्मरण कर रहा है, तब भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का स्वदेशी प्रेम केवल मंचीय भाषणों तक सीमित दिखाई देता है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा का आचरण उनके कथनों के विपरीत है.

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के घर, कार्यालय और चुनावी प्रचार में उपयोग की जाने वाली अधिकांश वस्तुएं—चाहे मोबाइल फोन हों, वाहन, वस्त्र या प्रचार सामग्री—विदेशी कंपनियों की होती हैं. “स्वदेशी का नाम लेकर जनता को उपदेश देना और खुद विदेशी उत्पादों का इस्तेमाल करना भाजपा की आदत बन चुकी है,” उन्होंने कहा.

मुजनी ने तंज कसते हुए कहा, भाजपा का स्वदेशी प्रेम ऐसा है—भाषण में भारत माता की जय और सामान में ‘मेड इन चाइना’.घर-घर स्वदेशी का नारा देने वाले नेता अपने ही घरों में विदेशी ब्रांड्स का शोरूम चला रहे हैं. भाजपा का स्वदेशी अभियान वैसा ही है जैसे कोई डुप्लीकेट ब्रांड—दिखने में असली, असल में नकली. भाजपा नेताओं के लिए स्वदेशी केवल मंच पर पहना जाने वाला कुर्ता है; भाषण समाप्त होते ही वे विदेशी कोट-पैंट में लौट आते हैं. उन्होंने यह भी मांग की कि भाजपा नेता अपने घर और कार्यालय में उपयोग किए जा रहे सभी उत्पादों की सूची सार्वजनिक करें और यह साबित करें कि वे वास्तव में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं. जब तक वे खुद आदर्श प्रस्तुत नहीं करेंगे, तब तक “घर-घर स्वदेशी” केवल एक चुनावी नारा और दिखावा ही रहेगा. प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए मुजनी ने कहा कि वे हर विदेशी दौरे पर महंगे विदेशी ब्रांड्स के सूट, जूते और चश्मे पहनते हैं, जो स्वदेशी भावना के विपरीत हैं. उन्होंने कहा, “भाजपा का स्वदेशी अभियान केवल भाषणों और फोटो-ऑप तक सीमित है, जबकि सच्चा स्वदेशी मतलब होता है—देश के किसानों, कारीगरों, बुनकरों और छोटे उद्योगों का संरक्षण.” उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संकल्प है कि स्वदेशी को केवल दिखावे का मुद्दा नहीं, बल्कि जीवन के व्यवहारिक पक्ष का हिस्सा बनाया जाएगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत का सपना ज़मीन पर साकार हो सके.

### स्वतंत्रता दिवस 2025: 2 आईपीएस, 2 एएसपी, 2 डीएसपी को भी पदक

# 43 पुलिस अफसर और जवान पदक से किए जाएंगे सम्मानित

शुभम संदेश। रांची

स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के 43 पुलिस अफसरों और जवानों को पदक से सम्मानित किया जाएगा. इनमें दो आईपीएस, 2 एएसपी, 2 डीएसपी, 3 इंस्पेक्टर समेत 43 दारोगा व जवान शामिल हैं. पदकों से अलंकृत किए जाने वाले पुलिस अफसरों और जवानों को 13 अगस्त तक पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची को प्रतिवेदित करने की बात कही गई है. वहीं अलंकरण समारोह में अवर निरीक्षक स्तर के ऊपर के पुलिस पदाधिकारियों को यूनिफॉर्म में आने का निर्देश दिया गया है.



**विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक**

- **सब इंस्पेक्टर अमर तांती :** झारखंड जगुआर
- **असाधारण आसूचना कुशलता पदक :** इंस्पेक्टर रोहित कुमार रजक, स्पेशल ब्रांच झारखंड पुलिस

**आईपीएस दीपक पांडेय, ऋषभ झा सहित कई को वीरता पदक**

दीपक पांडेय (आईपीएस), ऋषभ झा (आईपीएस), अनुराग राज (एएसपी, सीआरपीएफ), विजेंद्र कुमार मिश्रा (एएसपी, सीआरपीएफ), ओम प्रकाश तिवारी (डीएसपी), दीपक कुमार (डीएसपी), दिग्विजय सिंह (इंस्पेक्टर), राजीव कुमार (इंस्पेक्टर), विश्वजीत कुमार सिंह (सब इंस्पेक्टर), रोशन कुमार सिंह (सब इंस्पेक्टर), उमेश सिंह (हवलदार), सुभाष दास (कांस्टेबल), रविन्द्र टोप्पो (कांस्टेबल), गोपाल गंझू (कांस्टेबल), कृष्ण उरांव (आरक्षी), रंजीत कुमार (आरक्षी).

**पुलिस सराहनीय सेवा पदक :** रणधीर कुमार सिंह (कांस्टेबल), विमल कुमार छेत्री (कांस्टेबल), सलमोनी मिंज (हेड कांस्टेबल), संजय उरांव (हेड कांस्टेबल), हेमा रानी कुल्लू (कांस्टेबल), रेखा कुमारी (कांस्टेबल), संजीव कुमार गुप्ता (कांस्टेबल), ऋतुराज (हेड कांस्टेबल), राजेंद्र राम (हेड कांस्टेबल), अरुण उरांव (हेड कांस्टेबल), संजय कुमार (हेड कांस्टेबल).

## अखिलेश यादव पहुंचे नेमरा दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



शुभम संदेश। रांची

समाजवादी पार्टी के प्रमुख सह उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव मंगलवार नेमरा पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि भी अर्पित की. अखिलेश यादव ने शिबू सोरेन को आदिवासियों का बड़े नेता बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्षों और मजबूत विचारधारा से जुड़ा रहा. शिबू सोरेन का संघर्ष और विचारधारा उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विरासत में मिली है. उन्होंने विश्वास जताया कि हेमंत सोरेन इस विरासत को आगे लेकर जाएंगे और झारखंड के विकास के लिए काम करेंगे.

**लोकसभा में चल रहा आंदोलन एक लंबी लड़ाई**

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा में आंदोलन की एक लंबी लड़ाई चल रही है, जो आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि यह लड़ाई लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जरूरी है. एसआईआर मामले में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ‘हक मारी’ और ‘मत मारी’ कर रही है. भाजपा की नीतियों से आम जनता परेशान है और उनकी पार्टी इसके खिलाफ लड़ाई लड़ रही है.

## पूर्व सांसद ने पारसनाथ स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेल मंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने जैन धर्मावलंबियों की सुविधा को लेकर पारसनाथ स्टेशन पर लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था निर्धारित करने को लेकर मंगलवार को रेलमंत्री को पत्र भेजा है. उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि मधुबन (पारसनाथ) में जैन समाज के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी के दर्शन के लिए सालोंभर देश–दुनिया से हज़ारों जैन तीर्थ यात्री आते हैं. जिनमें खासकर वृद्ध, महिला और बच्चों का अनुपात सबसे अधिक होता है.



## भाजपा और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को शर्मशार किया : केशव महतो कमलेश

शुभम संदेश। रांची



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर भारत के लोकतंत्र को शर्मसार करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि संविधान में प्रत्येक नागरिक को समान वोट देने का अधिकार दिया गया है, लेकिन भाजपा, चुनाव आयोग से मिलकर इस अधिकार की चोरी कर रही है. उनका दावा है कि भाजपा सत्ता पाने के लिए वोट चोरी जैसे गंभीर अपराध को अंजाम दे रही है.कमलेश ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सत्ता की लालसा ने देश को अराजकता की ओर धकेल दिया है. विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है और संवैधानिक संस्थाएं सरकार के अधीन काम कर रही हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर वोट चोरी में सहयोग कर रहा है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।.राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत वोट चोरी के सबूतों के बावजूद चुनाव आयोग निष्क्रिय बना हुआ है. कमलेश ने मांग की कि इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और मतदान के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं, ताकि जनता का लोकतंत्र में विश्वास बना रहे. उन्होंने जनता से लोकतंत्र बचाने की अपील की.

## झारखंड के लिए एक महीने में स्वीकृत हुए 2 लाख से अधिक पीएम आवास : संजय सेठ

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के दो लाख से अधिक प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग ने पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उनका आभार जताया. मंत्री संजय सेठ ने कहा प्रधानमंत्री का संकल्प हर कच्चा मकान को छत मिले, इसी संकल्प के साथ शिवराज सिंह चौहान आगे बढ़ रहे हैं. कहा कि मुझे खुशी है कि झारखंड की जनता की हर जरूरत और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है.



ज्ञात हो कि 15 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी से मुलाकात की थी. तब उन्हें झारखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की स्थिति से अवगत कराया था. इस मुलाकात के दौरान झारखंड के 2,22,069 प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए आवास स्वीकृत करने का आग्रह किया था. इस आग्रह के आलोक में ही झारखंड के 2 लाख से अधिक प्रतीक्षारत लाभार्थियों के लिए पीएम आवास की स्वीकृति दी गई है.

## एक नजर

### लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने अपने गाने से दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद रहे शिबू सोरेन के निधन के बाद उन्हें लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं. इसी कड़ी में झारखंड के लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने भी दिवंगत शिबू सोरेन को अपने गाने के माध्यम से श्रद्धांजलि दी है. गायक आशुतोष द्विवेदी ने मंगलवार को अपना गाना लॉन्च करने बाद यूट्यूब पर उपलोड किया और अपनी ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की. गाना के बोल हैं वीर शिबू सोरेन का झारखंड दीवाना है. गुरुजी को याद कर अपनी मधुर आवाज से लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने उनकी पूरी जीवनी को इस गीत के माध्यम से परिभाषित किया है. इस गीत में उन्होंने वीर शिबू सोरेन की गाथा का पूर्ण वर्णन किया है. उन्होंने उनके संघर्षों को भी गीत के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है. आशुतोष ने शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा जाकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टर सौंपकर उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया. मुख्यमंत्री ने आशुतोष का धन्याद किया और संगीत की दुनिया में आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया. नेमरा में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से अवधेश ठाकुर, सतीश मिश्रा और अतिंद्र नाथ वैध उपस्थित थे.

### नई दिल्ली की तिरंगा बाइक रैली में शामिल हुए रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ



**रांची/दिल्ली।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को नई दिल्ली में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया. इस रैली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने देशभक्ति की अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी. सेठ ने कहा कि तिरंगा झंडा और राष्ट्र के सम्मान में निकाली गई इस रैली में शामिल होकर गौरवान्वित हूं. यह तिरंगा हमारी एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरण रिजेजू ,जितेंद्र सिंह,दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जीतन प्रसाद, टोकन साहू सहित कई केंद्रीय मंत्री,सांसद व हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए.

### हरमू में हुए दर्दनाक हादसे के बाद मंत्री दीपक बिरूआ की सख्त चेतावनी

# नशे में और तेज रफ्तार से वाहन चलाते एक्सीडेंट हुआ तो आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस रद्द होगा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में नशे की हालत में और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के लिए अब हालात और कठिन होने वाले हैं. परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने साफ चेतावनी दी है कि ऐसे लापरवाह चालकों की अब खैर नहीं. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नशे की हालत में या तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए दुर्घटना करता है, तो उसकी गाड़ी का आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द कर दिया .यह कड़ा निर्णय राजधानी रांची के हरमू इलाके में एक भीषण सड़क



**नशा नाश करता है और जरूरत से ज्यादा गति, क्षति का कारण**

मंत्री दीपक बिरूआ ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक जागरूकता संदेश जारी करते हुए लिखा– “नशा नाश करता है और जरूरत से ज्यादा गति, क्षति का मुख्य कारण बनती है.” उन्होंने चेतावनी दी कि न केवल विभागीय स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, बल्कि न्यायालय द्वारा दी जाने वाली सजा भी चालकों को भुगतनी होगी.

हादसे के बाद सामने आया है, जहां तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर वाहन ने तीन महिलाओं को कुचल दिया. इस घटना में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे राज्य में शोक और आक्रोश का माहौल है. मंत्री बिरूआ ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा, “एक मां और उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. किसे पता था कि एक लापरवाह वाहन चालक की लापरवाही इतनी बड़ी त्रासदी ला सकती है.”

मंत्री दीपक बिरूआ ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है. एक छोटी सी गलती पूरे परिवार को बिखेर सकती है. सभी नागरिक परिवहन के साथी बनें. अगर कोई व्यक्ति गलत तरीके से वाहन चला रहा हो या नशे की हालत में गाड़ी चला रहा हो, तो उसकी तस्वीर लें और हमें भेजें. हम त्वरित कार्रवाई करेंगे.”उन्होंने यह भी कहा कि केवल सरकार ही नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े. मंत्री ने हर नागरिक से इस मुहिम में भागीदार बनने का आह्वान किया, जिससे हम एक सुरक्षित और सतर्क समाज की स्थापना कर सकें. सरकार अब सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है. नशा और रफ्तार पर नियंत्रण अब केवल चेतावनी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई का रूप ले चुका है. इस घटनाक्रम के बाद उम्मीद है कि जनता में जागरूकता बढ़ेगी और सड़क पर लापरवाही से चलने वालों में डर पैदा होगा, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं रोकी जा सकेंगी.

## हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत रहेगी बरकरार

**रांची।** हाईकोर्ट ने मंगलवार को गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को केस डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसपर राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने चार सप्ताह का समय देने का आग्रह किया. जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया. यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है. जिसमें शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में हुई.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 13 अगस्त 2025 । भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 । रांची एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 127 । मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




### भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी एशिया कप में किया क्वालीफाई

## टीम में झारखंड की 3 बेटियां शामिल

**शुभम संदेश । रांची**

20 साल का इंतजार खत्म कर भारतीय अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी एशिया कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है. इस ऐतिहासिक सफलता को भारत की झोली में डालने वाली टीम में झारखंड की तीन बेटियां शामिल थीं, जिनमें गुमला जिले की विकसित बड़ा, बबीता कुमारी और मिशिमा कुमारी शामिल हैं. इन तीनों बेटियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है.

इन तीनों खिलाड़ियों ने 2 से 10 अगस्त तक म्यांमार में आयोजित अंडर-20 एएफसी कप क्वालीफायर प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और यह सफलता हासिल की. इस सफलता को हासिल करने में गुमला की बेटी विकसित बड़ा का बहुत बड़ा योगदान रहा है. वह गुमला जिले के आवासीय बालिका प्रशिक्षण परिसर की छात्रा हैं और गुमला में ही रहकर अपनी पढ़ाई कर रही हैं. आगामी 2026 में होने वाले एफसी महिला एशिया कप के लिए इन खिलाड़ियों ने अब से ही अपनी तैयारी शुरू कर दी है. विकसित बड़ा के लौटने के बाद, उसके साथियों, कोच और अन्य लोगों ने उसका भव्य स्वागत किया. इस दौरान, हमने विकसित बड़ा सहित अन्य खिलाड़ियों से बात की और उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष के बारे में जानकारी ली.



## गांव की हालत ने बनाया अर्थशास्त्री आदिवासी हो समाज के एकमात्र प्रोफेसर हैं

**शुभम संदेश । चाईबासा**

पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित मंझारी प्रखंड के पिछड़े गांव बरकुंडिया में जन्मे डॉ. बलभद्र बिरुवा ने बचपन में गांव की दयनीय आर्थिक स्थिति को करीब से देखा. यह स्थिति उनके जीवन का नया मोड़ साबित हुई, जिसने उन्हें अर्थशास्त्र के प्रति गहरी रुचि दी. शिक्षा को हथियार बनाकर उन्होंने संघर्ष की राह पर कदम बढ़ाया और आज दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित सत्यवती कॉलेज (ऑफ कैंपस) में असिस्टेंट प्रोफेसर (इकॉनोमिक्स) के पद पर कार्यरत हैं. यहां वह भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था का ज्ञान बांट रहे हैं और विद्यार्थियों को नई सोच की दिशा दे रहे हैं. वे अपने हो समाज से है और अपने समाज के एक मात्र प्रोफेसर हैं.

नैक की ओर से 'ए प्लस' ग्रेडिंग प्राप्त इस पचास वर्ष पुराने कॉलेज में करीब 190 शिक्षकों के बीच डॉ. बिरुवा अकेले आदिवासी प्रोफेसर हैं, जो अपने समुदाय के लिए गर्व का विषय हैं. हालांकि वह वर्तमान में एडहॉक श्रेणी में कार्यरत हैं, लेकिन उनका समर्पण और मेहनत उन्हें छात्रों के बीच एक प्रेरणादायक शिक्षक बनाता है.

डॉ. बिरुवा ने ग्रेजुएशन संत जेवियर्स कॉलेज, रांची से, पोस्ट-ग्रेजुएशन जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी से और पीएचडी दिल्ली यूनिवर्सिटी से पूरी की। गांव की खस्ता अर्थव्यवस्था को देखकर अर्थशास्त्र को अपना विषय बनाने वाले डॉ. बिरुवा अब न केवल ज्ञान बांट रहे हैं, बल्कि अपनी कहानी से छात्रों को यह भी सिखा रहे हैं कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, इच्छाशक्ति और मेहनत से उन्हें बदला जा सकता है.

### ब्रीफ न्यूज

#### किराएदार के घर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर ।** मानगो थाना क्षेत्र के ओल्ड सुभाष कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक किराएदार के घर से नकदी, जेवर और इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली. वारदात उस समय हुई जब घर की मालकिन पिंकी देवी अपने पति महेंद्र राणा के साथ 8 अगस्त को राखी पर्व मनाने कोडरमा गई हुई थीं. पुलिस के अनुसार, सोमवार देर शाम मकान मालिक ने फोन कर पिंकी देवी को ताले के टूटे होने और घर के भीतर सामान बिखरा होने की सूचना दी. रात करीब 10 बजे दंपती घर पहुंचे तो देखा कि अलमीरा का लॉक तोड़कर करीब 70 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, एलईडी टीवी और सोने के गहने गायब थे. पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था. पिंकी देवी ने बताया कि उनके पति लिफ्ट निर्माण का काम करते हैं और चोरी के समय घर पूरी तरह खाली था. सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की.

#### युवक की डूबने से मौत पुलिस जांच में जुटी

**मेदिनीनगर ।** पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. इस घटना में लेस्लीगंज थाना के एकता गांव के 30 वर्षीय कइल युवक भुइयां की मौत हुई है. बताया जा रहा है कि यह घटना सोमवार को दोपहर तीन बजे हुई. व्यक्ति मलय डैम के सेरंगदाग के बंजारी टोला घाट पर नहाने करने गया था. इसी क्रम में वह गहरे पानी में डूब गया. स्थानीय लोगों को जैसे ही जानकारी मिली लोगों ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी. मिली जानकारी के अनुसार कइल भुइयां अपने ससुर के साथ मछली खरीदने के लिए नदी के घाट पर गया था. इसी दौरान वह डैम के पानी में नहाने के लिए नीचे उतरा और गहरा पानी होने के कारण युवक डूब गया. जिसके बाद साथ में गए लोगों ने हल्ला मचाया. फिर स्थानीय लोगों के द्वारा खोजबीन शुरू कर दी गई. वहीं सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की खोजबीन शुरू कर दी. लोगों ने बताया कि कइल भुइयां के पत्नी के अलावा चार छोटे-छोटे बच्चे है.

### हजारीबाग : बड़कागांव में जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों का बवाल

## एनटीपीसी अफसरों पर हमला तोड़फोड़, जीएम समेत कई घायल

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

जिले के बड़कागांव प्रखंड में मंगलवार को एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक की जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने खूब बवाल किया. जनसुनवाई का जगह बदलने पर गुस्साई भीड़ ने एनटीपीसी के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसमें एनटीपीसी बादाम के जीएम एके सक्सेना सहित कई लोग घायल हो गए. इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने करीब 15 सरकारी और पुलिस गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की.

जानकारी के मुताबिक महुंगाईकला के पंचायत भवन में एनटीपीसी और उसकी आउटसोर्सिंग कंपनी बीजीआर की तरफ से रैयतों के साथ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. जनसुनवाई में ग्रामीण अपनी आपत्तियां दर्ज कराने पहुंचे थे. भूमि अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर पहले से चल रहे विवाद के कारण ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे थे. एक बार जनसुनवाई का स्थान भी बदला गया, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता गया. फिर दोपहर में रैयतों और प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हुई और फिर यह झड़प में बदल गई. ग्रामीणों ने पदाधिकारियों पर पत्थर से हमला कर दिया. झड़प में दर्जन भर लोगों के घायल हो गये, जिनमें सीओ समेत कई सरकारी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं. घटना के मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया है. वहीं घायलों का इलाज नजदीकी अस्पतालों में चल रहा है. घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव है. प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है. बताया जाता है कि ग्रामीण परियोजना के मुआवजे, पुनर्वास और रोजगार को लेकर लंबे समय से नाराज थे. उनका कहना है कि कंपनी और प्रशासन ने उनकी मांगों को अब तक गंभीरता से नहीं लिया, जिसके कारण विरोध उग्र हो गया. फिलहाल मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता के साथ सैकड़ों महिला और पुरुष पुलिस जवान मौजूद हैं.



**जनसुनवाई का स्थान बदलने को लेकर विवाद**

दरअसल बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में जनसुनवाई आयोजित किया जाना था. लेकिन अचानक जनसुनवाई के स्थान को बदल कर महगाई कला कर दिया गया. जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो उन्होंने इस पर विरोध व्यक्त किया. इस पर ग्रामीणों की सरकारी अधिकारियों और पुलिस बल से झड़प हो गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया और उन पर हमला किया. प्रदर्शनकारियों ने सरकारी और पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की. इस हमले में एनटीपीसी के जीएम एके सक्सेना समेत कई अधिकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं.

**स्थिति नियंत्रण में, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात**

घटना के बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है. लेकिन क्षेत्र में तनाव बना हुआ है. प्रशासन ने बताया कि दोषियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## बदमाशों ने युवक की गाड़ी तोड़ी पिस्टल लहरा कर धमकी भी दी

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**



मानगो थाना क्षेत्र के आजादनगर में सोमवार देर रात 36 वर्षीय जोहर अली पर बदमाशों ने कार से टक्कर मारने के बाद हमला कर पिस्टल लहराकर जान से मारने की धमकी दी. रोड नंबर 7 मदीना मस्जिद के पास किराए के मकान में रहने वाले जोहर अली ने पुलिस को बताया कि वे अपनी तीन भतीजियों के साथ आशियाना आपटमेंट से लौट रहे थे, तभी मदीना मस्जिद के पास उनकी थार गाड़ी को सामने से बिना नंबर प्लेट वाली ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी.

टक्कर के बाद कार में सवार युवकों ने उनसे धक्का-मुक्की की और धमकाते हुए उनके पीछे-पीछे घर तक पहुंचे. रोड नंबर 7 मदीना मस्जिद के नजदीक हमलावरों ने पत्थर से उनकी गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और पिस्टल लहराकर डराने की कोशिश की. इस घटना से जोहर अली और उनका परिवार गहरे सदमे और दहशत में है.

पीड़ित ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. मानगो थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, वहीं इलाके में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके.

## बच्चे को जन्म देने के 3 दिन बाद महिला ने खुद का गला रेता, अस्पताल में भर्ती

**जामताड़ा ।** जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के महुलबना गांव में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 30 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया. बताया जा रहा है कि महिला ने तीन दिन पहले ही एक बच्चे को जन्म दिया था. घायल महिला की पहचान चांदमुनि हांसदा के रूप में हुई है. मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे के अनुसार, महिला ने हाल ही में जामताड़ा सदर अस्पताल में सीजेरियन डिलीवरी के जरिए एक बच्चे को जन्म दिया था. रविवार शाम को ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिली थी और वह अपने बच्चे के साथ घर लौट आई थी. महिला के पति, सुचंद किस्कू ने पुलिस को बताया कि घर आने के बाद से ही चांदमुनि एनेसथिसिया के नशे में कुछ-कुछ बड़बड़ा रही थी. इसी दौरान सोमवार दोपहर उसने अचानक धारदार हथियार से खुद का गला रेत लिया. गंभीर रूप से घायल अवस्था में महिला को तुरंत जामताड़ा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है.

## पाकुड़ में सबसे अधिक 145 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड

**शुभम संदेश । रांची**

झारखंड के पाकुड़ जिले के महेशपुर में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश 145.6 मिमी रिकॉर्ड की गई. इस दौरान राजधानी रांची में 14.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. राज्य के अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश रिकॉर्ड की गई है. इनमें तोरपा में 104.5, जामताड़ा में 96.8 मिमी, शिकारीपाड़ा में 90.2 मिमी, गारू में 65 मिमी, बड़कीसुरैया में 62, हजारीबाग के बीसी में 59, खूंटी में 56.5, पाकुड़िया में 50.9, अमरपारा में 47, दुमका में 44.4, सिसई में 40.2, गोविंदपुर डीवीसी में 38.4, महारो में 30.2, धालभूमगढ़ में 28.4, तोरपा में 28 और मुसाबनी में 26.8 मिलीमीटर बारिश शामिल है. वहीं, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न स्थानों पर बुधवार को तेज हवा का झोंका और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की है. साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका जताई है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है. मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही इससे हल्की गर्मी और उमस का एहसास हुआ. रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 35.8, डाल्टनगंज में 33.4 डिग्री, बोकारो में 33.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

## 200 रु बकाया नहीं चुकाने पर डॉक्टर ने मरीज पर कर दिया चाकू से हमला, गिरफ्तार

**शुभम संदेश । बोकारो**

जिले से एक बड़ा मामला सामने आया है जहां एक मरीज के द्वारा इलाज का 200 रुपये बकाया नहीं चुकाने पर डॉक्टर के द्वारा मरीज को कैंची से जख्मी करने का आरोप लगा है. मामला जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र का है. इस घटना को लेकर पीड़ित ने पेटरवार थाने में शिकायत दर्ज कराई है. जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झोला छाप डॉक्टर पंकज कुमार को हिरासत में ले लिया है. वहीं उस झोला छाप डॉक्टर से पूछताछ भी की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार,



पीड़ित ने पंकज कुमार नाम के एक झोला छाप डॉक्टर से इलाज करवाया था, जहां इलाज का कुछ पैसा बकाया रह गया था. अरुण वह रकम मात्र 200 रुपए थी. जब डॉक्टर ने मरीज से बकाया पैसे मांगे तो मरीज ने अपनी आर्थिक समस्या बताकर पैसे लौटाने के लिए थोड़ा समय और मांगा. इस बात पर डॉक्टर गुस्सा हो गया और तैश में आकर क्लीनिक में रखी कैंची उठाई और उस पर हमला कर दिया.

इस हमले से मरीज की पीठ पर गहरे जख्म हो गए. वहीं चेहरे और छाती पर भी चोट आए हैं. मरीज ने दर्ज शिकायत में कहा है कि उसने किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागा और सीधे पेटरवार थाना पहुंचा.

## डिज्नीलैंड मेला देखकर निकली लड़की को अगवा कर किया गया दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड से एक लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला मंगलवार को सामने आया है. लड़की अपनी सहेली के साथ डिज्नीलैंड मेला देखकर निकली थी और स्टेशन की ओर जा रही थी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है. उनसे पूछताछ की जा रही है.

शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने मंगलवार को इस घटना की पुष्टि की. उन्होंने बताया कि दो आरोपित पकड़े गए हैं. उनसे पूरे मामले में पूछताछ की जा रही है. जल्द विस्तार से जानकारी दी जाएगी. जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 11 बजे डिज्नीलैंड मेला देखने के बाद दो लड़की स्टेशन रोड की ओर से गुजर रही थी. ओवर ब्रिज के पास कुछ लड़कों ने दोनों लड़कियों में से एक को उठाया और फिर उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. लड़की को अगवा करने पर उसकी सहेली ने तत्काल इसकी जानकारी टीओपी टू की पेट्रोलिंग पुलिस को दी. सूचना मिलते ही टीओपी टू के प्रभारी राकेश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने सदीक चौक के पास अगवा लड़की को बरामद किया और मौके से कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़ा और शहर थाना पुलिस को सौंप दिया. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

### पर्व त्योहार: राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में 16 अगस्त को मनेगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

## शुरू हुईं तैयारियां, दही हांडी प्रतियोगिता समेत होंगे कई आयोजन

**शुभम संदेश । रांची**

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में 16 अगस्त को धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी. जन्माष्टमी को लेकर शहर के मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारी जोर-जोर से की जा रही है.

आचार्य मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि हर वर्ष भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है. इसे कृष्ण जन्माष्टमी या जन्माष्टमी के नाम से जानते हैं. इस वर्ष जन्माष्टमी 16 अगस्त ( शनिवार) को है. साल



2025 में भगवान श्रीकृष्ण का 5252वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा. इस दिन शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी.

उन्होंने बताया कि इस बार जन्माष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का अद्भुत संयोग बन रहा है, जिससे दिन की महत्ता बढ़ रही है. उन्होंने बताया कि पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि 15 अगस्त को रात 11 बजकर 49 मिनट पर प्रारंभ होगी और 16 अगस्त को रात 09 बजकर 34 मिनट पर अष्टमी तिथि का समापन होगा. उन्होंने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त 04:24 एएम से 05:07 एएम, अभिजित मुहूर्त 11:59 एएम से 12:51 पीएम,विजय मुहूर्त 02:37 पीएम से 03:29 पीएम और गोधूलि मुहूर्त 06:59 पीएम से 07:21 पीएम तक रहेगा.

आचार्य ने बताया कि द्वापर युग में भगवान विष्णु ने भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की रात श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया था. जन्माष्टमी केवल उपवास करने का अवसर नहीं है, ये पर्व आत्म-संयम, भक्ति और आंतरिक शुद्धि का माध्यम है. जन्माष्टमी व्रत आत्मिक साधना का एक तरीका है.

**व्रत के तीन तरीके**

**निर्जला व्रत :** एक बूंद जल भी नहीं लिया जाता, जब तक मध्यरात्रि में व्रत न खोला जाए. **फलाहार व्रत :** फल, दूध, मेवे और व्रत के अनुकूल व्यंजन खाए जाते हैं. आंशिक व्रत : एक बार भोजन लिया जाता है, जिसमें अनाज और सामान्य नमक नहीं होता.

**व्रत के नियम :** व्रत कर रहे हैं तो अन्न का त्याग करें. इस दिन गेहूं, चावल, दाल आदि का सेवन नहीं किया जाता. व्रत आमतौर पर फलाहार या निर्जला होता है. हमें अपने श्रद्धा और सामर्थ्य के हिसाब से व्रत करना चाहिए. व्रत के लिए अलग भोजन तैयार करना चाहिए. व्रत का खाना साफ बर्तनों में, साफ-सुथरे रसोईघर में बनाया जाए. इस दिन तामसिक भोजन जैसे लहसुन और प्याज मन की एकाग्रता को भंग करते हैं. इसलिए इनसे बचना चाहिए. व्रत कर रहे हैं तो साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें. स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा-स्थल को भी साफ-सुथरा रखें.

## एमजीएम अस्पताल के डिमना स्थानांतरण के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**

महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) अस्पताल को साकची से डिमना स्थानांतरित किए जाने को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया. अस्पताल को स्थानांतरित करने पर आमजन, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग गंभीर असुविधाओं का सामना कर रहे हैं. मरीजों और उनके परिजनों को लंबी दूरी तय करने में अधिक समय और खर्च लग रहा है, जिससे कई बार गंभीर मरीजों की स्थिति और बिगड़ रही है. इससे नाराज आम शहरी ने अस्पताल के बाहर मंगलवार को प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि डिमना तक सार्वजनिक परिवहन की कमी, आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सकीय सुविधा तक पहुंच में कठिनाई, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों के लिए यात्रा की परेशानी, साकची और आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के अभाव ने समस्या को और गंभीर बना दिया है.

इस मुद्दे पर जिला प्रशासन और सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम, को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि साकची एवं आसपास के क्षेत्रों में पुनः आवश्यक प्राथमिक और आपात चिकित्सा केंद्र की स्थापना की जाए. साथ ही डिमना स्थित अस्पताल तक सस्ती और सुलभ सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा एम्बुलेंस और मोबाइल मेडिकल यूनिट जैसी आपात सेवाओं को मजबूत किया जाए.



## 12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए 'टेकबी' से जुड़ने का सुनहरा मौका : 19 से 21 अगस्त तक झारखंड में सेलेक्शन कैंप

# स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग के बाद मिलेगी आईटी सेक्टर में नौकरी, छात्रवृत्ति और उच्च शिक्षा की भी सुविधा

शुभम संदेश । रांची

झारखंड के 12वीं पास छात्रों के लिए आईटी सेक्टर में करियर बनाने का एक बेहतरीन अवसर आया है. झारखंड सरकार और एचसीएल टेक की सहयोगी इकाई एचसीएल टीसीएस के बीच हुए समझौता (एमओयू) के तहत टेक बी प्रोग्राम शुरू किया गया है. इस प्लेसमेंट लिंक्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए छात्र न सिर्फ आईटी फील्ड में ट्रेनिंग पाएंगे, बल्कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एचसीएल कंपनी में नौकरी भी मिलेगी.



**चयन शिविर (सेलेक्शन कैंप) की तिथि और स्थान**

- समयः सुबह 9:30 से 10:00 बजे तक

**स्थान व तिथिः**

- 19 अगस्त 2025: घाटशिला महाविद्यालय, घाटशिला
- (घाटशिला, मुसाबनी, चाकुलिया, धालभूमगढ़, बहरागोड़ा, गुड़ाबांदा, डुमरिया के छात्र-छात्राओं के लिए)
- 20 अगस्त 2025: बीपीएम +2 उच्च विद्यालय, बर्मामाइंस, जमशेदपुर
- (जमशेदपुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए)
- 21 अगस्त 2025: सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (गर्ल्स), साकची, जमशेदपुर
- (पोटका, पटमदा, बोड़ाम क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए)

### क्या है टेक बी प्रोग्राम?

यह एक 12 महीने का विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जिसमें 6 महीने की आवासीय ट्रेनिंग शामिल है. इस ट्रेनिंग के लिए छात्रों को लखनऊ, नोएडा, मदुरई या विजयवाड़ा में से किसी एक केंद्र पर भेजा जाएगा.

**ट्रेनिंग पूरी होने के बाद छात्रों को:**

- 10,000 प्रति माह छात्रवृत्ति
- एचसीएल में नौकरी
- उच्च शिक्षा के लिए सहायता

### शैक्षणिक योग्यता

- छात्र ने वर्ष 2024-25 में 12वीं उत्तीर्ण की हो.
- सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड: न्यूनतम 70% अंक (साइंस और मैथ्स सहित)
- जैक बोर्ड: न्यूनतम 60% अंक
- आईटी रोल के लिए: मैथ्स/बिजनेस मैथ्स में कम से कम 60 अंक
- नॉन मैथ्स विद्यार्थी: एसोसिएट (डीपीओ) रोल के लिए पात्र
- आईटीआई डिप्लोमा/पॉलिटेक्निक विद्यार्थी पात्र नहीं हैं
- सभी संकाय (विज्ञान, वाणिज्य, कला) के विद्यार्थी पात्र हैं

### जरूरी सूचना

एचसीएल टेकबी प्रोग्राम पूरी तरह निःशुल्क है. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क नहीं लिया जाता है. यदि आप 12वीं पास हैं और आईटी सेक्टर में भविष्य बनाना चाहते हैं, तो यह आपके लिए एक सुनहरा अवसर है. ऑनलाइन पंजीकरण करें और सेलेक्शन कैंप में भाग लेकर अपने करियर की शानदार शुरुआत करें.

**साथ लाने होंगे ये दस्तावेज (फोटोकॉपी या सॉफ्ट कॉपी में)**

- मूल दस्तावेज (रिजिनल) साथ न लाएं
- मोबाइल फोन (सक्रिय ईमेल आईडी के साथ)
- आधार कार्ड
- 10वीं का अंक पत्र
- 12वीं का अंक पत्र

**ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंकः**

https://registrations.hcltechbee.com/

**संपर्क करें (अधिक जानकारी के लिए):**

| नाम | मोबाइल नंबर | नाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| अभिषेक गर्गः | 7992345302 | मनाबिंदु साहाः | 9733870779 |
| अभिषेक कुमार | : 9905252292 | राजा कुणालः | 9123117130 |

## धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के 33वें अधिवेशन में बोले प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह

# धनबाद सांसद और बाघमारा विधायक दोनों आस्तीन के सांप, एक हाथ में भगवा तो दूसरे में लाल झंडा नहीं चलेगा





शुभम संदेश। रांची/बाघमारा

धनबाद सांसद व बाघमारा विधायक केंद्र सरकार के खिलाफ बंदी के समर्थन में उतरते हैं और सरकार का विरोध करते हैं. सांसद -विधायक एक हाथ में भगवा तो दूसरे हाथ में लाल झंडा लेकर चलते हैं. भाजपा में रहकर विधायक और सांसद दोनों आस्तीन के सांप के रूप में काम कर रहे हैं. इसलिए भाजपा के पदाधिकारियों को ऐसे विधायक - सांसद पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है. उक्त बातें भामसं के प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहीं. वे धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के 33 वें अधिवेशन को बरोरो क्षेत्र के गेस्ट हाउस में संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कोयला उद्योग और मजदूरों को बचाने के लिए कोल उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी द्वारा अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के बैनर तले चलाए जा रहे चार चरणों के आंदोलन का भी पुरजोर समर्थन किया. उन्होंने सांसद-विधायक के एटक यूनियन चलाने की भी घोर निंदा करते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी आगाह किया है. धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसं) के अधिवेशन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मुरारी तांती एवं संचालन महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन मंत्री अशोक मिश्रा, महामंत्री बीएएमए झारखंड प्रदेश सह चुनाव प्रभारी भारतीय मजदूर संघ झारखंड प्रदेश राजीव रंजन सिंह उपस्थित थे.

मुरारी तांती पुनः अध्यक्ष बनाये गये

अधिवेशन के शुभारंभ से पहले बीसीसीएल के क्षेत्रों से आये कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों के साथ शोभा यात्रा निकाली गई. ततपश्चात संघ का झंडोत्तोलन, द्वीप प्रज्वलन, भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दत्तोपंत ठेंगडीजी की प्रतिमा पर माल्यर्पण के साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, श्रीफल देकर अधिवेशन आरंभ किया गया. अधिवेशन के दौरान धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्यों को दो वर्षों के लिए जिम्मेवारी दी गयी. मुरारी तांती को पुनः अध्यक्ष बनाया गया, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष-सुशील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष- मंतोष तिवारी, अरिंजय श्रीवास्तव, अयोध्या मिश्रा, एसके मिश्रा, मो इस्माईल मल्लिक, शोभा पांडेय, महामंत्री-उमेश कुमार सिंह,संयुक्त महामंत्री -भौमिक महतो, मंत्री-संजीव कुमार सिंह,राजलाल यादव, लोकेश कुमार सिंह, संत कुमार चौहान,लालमोहन दास, जय श्रीवारा,संगठन मंत्री-सुशील कुमार,कोषाध्यक्ष-प्रशांत नियोगी ,सह कोषाध्यक्ष-उत्तम उत्तम कुमार पांडेय, कार्यालय मंत्री-अनिल कुमार चुने गए.

### माधव सिंह विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए गए

पदाधिकारियों के अलावा कार्यसमिति सदस्य ऊषा झा,गायत्री देवी, कृष्ण कन्हैया सिंह को मनोनीत किया गया. वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य माधव सिंह बनाए गए. इसके अलावा क्षेत्रीय सचिव कार्यसमिति के पदेन सदस्य होंगे, जिसकी घोषणा झारखंड प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी सह झारखंड प्रदेश भारतीय मजूदर संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने की. अधिवेशन में मुख्य रूप से मंत्री अभाखम संघ के मंत्री केके सिंह, भामसंघ धनबाद जिला के मंत्री सह महामंत्री भनि एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन भामसंघ झारखंड प्रदेश धर्मजीत चौधरी, कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बीसीसीएल, ईसीएल और सीएमपीएफ माधव सिंह, झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के कार्यसमिति सदस्य ओम कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, भामसं के जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के महामंत्री, सीएमपीएफ के महामंत्री सहित धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के समस्त क्षेत्रीय और शाखा कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित थे.

## एक नजर

### दीपोत्सव मेला के पोस्टर का हुआ विमोचन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को दिगम्बर जैन भवन में दीपोत्सव मेला के पोस्टर का विमोचन किया गया. यह मेला चार और पांच अक्टूबर को दिगम्बर जैन भवन हरमू रोड में लगेगा। मेले में कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम, राखी सहित कई चीजों के स्टाल लगाए जाएंगे. मेले में शॉपिंग के अलावा फ़ूड स्टाल और गेम्स भी रहेगा। स्टॉल की बुकिंग शुरू हो गई है. कई स्टाल बुक भी हो गए हैं. संस्था की मीडिया प्रभारी ने बताया कि मेले से रिलेटेड कोई भी जानकारी के लिए संस्था की चार संयोजिकाओं मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी और रोज़ी खंडेलवाल से संपर्क किया जा सकता है. इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी, वर्षा धानुका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं.

### श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति तुपुदाना के अध्यक्ष बने मोहित नाथ शाहदेव

**रांची।** राजधानी रांची के तुपुदाना में मंगलवार को श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की वार्षिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें इस वर्ष के दुर्गोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. सर्वसम्मति से मोहित नाथ शाहदेव को समिति का अध्यक्ष चुना गया. वार्षिक बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया. मुख्य संरक्षक के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, संरक्षक के रूप में सतीश पंडा, राजेश साहु, अनिल बंसल, निर्मला गाड़ी, नीरज कुमार लाल और कृष्ण प्रजापति को शामिल किया गया है. समिति का अध्यक्ष मोहित नाथ शाहदेव को बनाया गया है. उपाध्यक्ष के रूप में अंकित सिंह चुने गए हैं. कर्ण नाथ शाहदेव महासचिव और जयंत नाथ शाहदेव सचिव बनाए गए हैं. सुमन मंडल महामंत्री, संतोष प्रजापति कोषाध्यक्ष और रोशन प्रजापति सह-कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त हुए हैं. पूजा प्रभारी भोला राम और सोनू दुबे, जगराता प्रभारी विवेक शाहदेव और अनिल बंसल बनाए गए हैं. इन सबके अलावा विसर्जन प्रभारी विक्रमजीत शाहदेव और अनूप सिंह तथा भोग प्रभारी के रूप में अभिषेक सिंह और मंटू साहू नियुक्त किए गए हैं. विधिक सलाहकार की जिम्मेदारी समावेश भंजदेव के पास है. मेला व्यवस्थापक पिरवा कच्छप, छोटू तिर्की, राजेश वर्मा, विनीत साहू, शुभम कच्छप और अजय रजक हैं. इस समिति के माध्यम से इस बार का दुर्गा पूजा महोत्सव सफल बनाने का संकल्प लिया गया है.

### स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची में मांस-मछली और मुर्गा की नहीं होगी बिक्री

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रांची नगर निगम ने आवश्यक सूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि 15 अगस्त 2025 को रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी बधशालाएं एवं मांस, मछली, मुर्गा की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी. इस दिन क्रय-विक्रय पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. नगर निगम के उप प्रशासक द्वारा जारी पत्र (पत्रांक 744, दिनांक 12.08.2025) में कहा गया है कि यदि कोई दुकानदार या विक्रेता 15 अगस्त को मांस, मछली या मुर्गा बेचते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी. नगर निगम का यह निर्णय स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। नगर निगम ने सभी व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन कर प्रशासन को सहयोग करें.

### हिस्ट्रीशीटर संदीप थापा को सिविल कोर्ट से मिली बेल

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने कुख्यात हिस्ट्रीशीटर संदीप थापा को जमानत दे दी है. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त 5 की कोर्ट ने संदीप को बेल दी है. संदीप थापा की ओर से अधिवक्ता सुनील पांडेय और जेनी विभा ने बहस की. रांची पुलिस ने संदीप को 13 जून को गिरफ़्तार किया था. उसके पास से पुलिस ने दो रायफल, 23 जिंदा गोलियां, कार समेत कई अन्य सामान बरामद किया था. संदीप थापा हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी समेत कई मामलों में अभियुक्त रहा है. सिविल कोर्ट ने उसे कई मामलों में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है.

# पूर्व पार्षद असलम को मिली जमानत, फिर गिरफ्तार

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या में नामजद आरोपित पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद असलम को एक अन्य जानलेवा हमला करने के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने उसे जमानत दे दी है. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अंबुज नाथ की अदालत ने मंगलवार को असलम को 20-20 हजार रुपये के दो निजी मुचलके जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है.

असलम को बीते बीते 10 अगस्त को रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में हुए साहिल उर्फ कुरकुरे हत्याकांड में भी नामजद आरोपित बनाया गया है. उल्लेखनीय है कि बीते 23 जनवरी को कलीम (हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र निवासी) ने असलम और उसके भाई आसिफ के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कलीम की ओर से यह आरोप लगाया गया था कि 22 जनवरी को मोजाहिद नगर निवासी





पूर्व पार्षद और उसके भाईयों ने मिलकर इरशाद उर्फ अप्पू पर जानलेवा हमला किया. जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की.

प्राथमिकी में यह भी बताया गया था कि इरशाद के साथ मारपीट की यह घटना छेड़खानी का विरोध करने की वजह से हुई थी. मारपीट की घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था.

प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने मोहम्मद असलम को गिरफ्तार कर लिया था और अदालत के आदेश के बाद उसे जेल भेज दिया था. 22 जनवरी को जानलेवा हमला करने के मामले में असलम को उच्च न्यायालय ने तो जमानत दी है. लेकिन 10 अगस्त को हुई साहिल नाम के युवक की हत्या के मामले में पुलिस उसे कभी भी गिरफ्तार कर सकती है.

### जेल गेट से बाहर आते ही पुलिस ने असलम को फिर से कर लिया गिरफ्तार

रांची। पुलिस ने मंगलवार को जेल से बाहर आए पूर्व पार्षद मो. असलम को हिंदपीढ़ी इलाके में 10 अगस्त को हुई साहिल उर्फ कुरकुरे हत्याकांड मामले में गिरफ्तार कर लिया. वह युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पहले जेल में बंद था और उसे हाईकोर्ट से जमानत मिली थी. जैसे ही वह जेल से बाहर आया, पुलिस ने उसे जेल गेट के पास से ही साहिल उर्फ कुरकुरे हत्याकांड में गिरफ्तार कर लिया. कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है. कल ही पुलिस ने इस मामले में असलम के भाई आसिफ को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है.

# सीयूजे के पूर्व छात्र रुस्तम का शेवनिंग स्कॉलरशिप के लिए हुआ चयन

शुभम सदेश। रांची



झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे), रांची के पूर्व छात्र मो रुस्तम ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता पायी है. मो रुस्तम का यूनाइटेड किंगडम द्वारा प्रदत्त विश्व के प्रतिष्ठित शेवनिंग स्कॉलरशिप में चयन हो गया है. इस सफलता के बाद परिवार सहित विश्वविद्यालय में काफी ख़ुशी का माहौल है. बता दें कि इस स्कॉलरशिप के लिए विश्व भर में मात्र तीन प्रतिशत लोगों का चयन होता है.

मो रुस्तम ने सीयूजे के इंटीग्रेटेड एमटेक एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग से अपनी शिक्षा पूरी की है और अब उनका चयन लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस के एमएससी इंटरनेशनल सोशल एंड पब्लिक पॉलिसी प्रोग्राम में हुआ है. यह संस्थान विश्व के सर्वश्रेष्ठ सोशल साइंस संस्थानों में से एक माना जाता है. वहीं इसका सोशल पॉलिसी एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम क्यूएस विश्व यूनिवर्सिटी रैंकिंग- 2025 के अनुसार नंबर एक प्रोग्राम है.

बता दें कि शेवनिंग स्कॉलरशिप हर वर्ष भविष्य के लीडर बनाने के उद्दीश्य से एक वर्ष के ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए दिया जाता है. यह प्रोग्राम ऐसे लीडर तैयार करता है, जो अकादमिक रूप से भी सुदृढ़ होते हैं और साथ ही नेतृत्व करने की क्षमता भी विकसित करते हैं. इस खबर के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास और एनर्जी इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार समदर्शी सहित सभी लोगों ने बधाई दी है.

### हत्या के आरोपी कृष्णा साहू और प्रदीप साहू की जमानत हुई खारिज

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त सप्तम की अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी कृष्णा साहू और प्रदीप साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी है. दोनों आरोपी परियोजना केंद्र रातू से जुड़े हैं और पिछले 9 जुलाई से न्यायिक हिरासत में हैं. मामला पिठोरिया थाना क्षेत्र का है, जहां 12 जून 2023 को 12 लोगों के समूह ने दो भाइयों पर घातक हथियारों से हमला किया था. इस हमले में अशोक साहू की इलाज के दौरान मौत हो गई थी. अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में कहा कि केस डायरी से आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट होती है. अदालत ने अपराध की गंभीरता और उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए कहा कि हिरासत की अवधि मात्र जमानत का आधार नहीं हो सकती. इस आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी.

## हालत चिंतनीय : नागपुरी भाषा का व्यवसायीकरण चिंता का विषय : रामप्रवेश सिंह

# झारखंड में इसे निःस्वार्थ भाव से संवारा जाना चाहिए



शुभम संदेश। रांची

झारखंड के नागपुरी लेखक, साहित्यकार और गायक रामप्रवेश सिंह ने नागपुरी भाषा के व्यवसायीकरण पर चिंता जताई है. मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने नागपुरी भाषा को झारखंड की सांस्कृतिक पहचान बताया और कहा कि इसे निःस्वार्थ भाव से संवारा जाना चाहिए. रामप्रवेश सिंह ने कहा कि पहले नागपुरी भाषा को संजोने और आगे बढ़ाने में अनेक कलाकारों ने अपना जीवन निःस्वार्थ भाव से समर्पित किया, लेकिन अब इसे कई लोगों ने व्यवसाय का माध्यम बना दिया है. यह गलत है. इससे समाज दिग्भ्रमित है. आनेवाली पीढ़ी के बीच भी गलत संदेश जा रहा है.

उन्होंने कहा कि कुछ लोग नागपुरी को सहेजने में जीवन व्यतीत कर दिया, जबकि कुछ लोग इसे पूरी तरह अपने लाभ के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं. आधुनिक दौर में नागपुरी भाषा को जिस दिशा में ले जाया जा रहा है, वह चिंता का विषय है. उन्होंने कहा कि पहले गांव-देहात के हर कोने में मांदर-ढोलक की मधुर तान गूंजती थी, हर नागपुरिया के कंठ में गीत बसते थे.

रामप्रवेश सिंह ने कहा कि यह भाषा संस्कृति-सभ्यता की पहचान थी. लेकिन आज स्वार्थ और राजनीतिक दखलंदाजी के कारण नागपुरी भाषा का स्वरूप बदल गया है. कई बार उच्च शिक्षित परिवारों के बच्चे बिना स्नातक (ग्रेजुएशन) के स्नातकोत्तर (एम.ए.) नागपुरी में दाखिला लेकर नौकरी के लिए डिग्री हासिल करते हैं, जबकि असली नागपुरी भाषा जानने वालों को रोजगार में अवसर नहीं मिल पाते. उन्होंने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में नागपुरी विषय में कम नंबर मिलने की शिकायतों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस विषय को पढ़ाने वाले कोचिंग संस्थान भी केवल आर्थिक लाभ के लिए काम कर रहे हैं, जिससे नागपुरी के विद्यार्थी पिछड़ रहे हैं. रामप्रवेश सिंह ने जोर देकर कहा कि नागपुरी भाषा झारखंड की सांस्कृतिक पहचान है और इसे व्यवसाय नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव से संवारा जाना चाहिए. यदि झारखंडी कहलाना है, तो भाषा के प्रति अपनी अंतरात्मा को जागृत करना होगा, क्योंकि केवल पैसे महल बनाते हैं, लेकिन सम्मान और इतिहास केवल भाषा ही दे सकती है. उन्होंने अपील की है कि नागपुरी भाषा की मिठास को आधुनिकता के नाम पर बिगाड़ने वाले इस गलत प्रवृत्ति को रोका जाए और भाषा-संस्कृति को बचाने के लिए सभी समाजिक और साहित्यिक वर्ग एकजुट हों.

# डॉ. मेघा को 15 अगस्त को मिलेगा 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025'

शुभम संदेश। रांची



स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में "राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025" समारोह का आयोजन किया जा रहा है. वाईएसएस फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा. पुरस्कार के लिए झारखंड की लेखिका डॉ मेघा रानी का भी चयन किया गया है. उन्हें उनके साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए "राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025" से सम्मानित किया जाएगा. डॉ. मेघा रानी पिछले सात वर्षों से साहित्य के माध्यम से समाज में जागरूकता और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त रूप में प्रस्तुत कर रही हैं. उनका लेखन नारी विमर्श, सामाजिक यथार्थ, और कृष्ण भक्ति जैसे विषयों को समर्पित रहा है. इस बार रिटायर्ड सेना अधिकारियों की उच्चस्तरीय समिति ने देशभर से 100 विशिष्ट व्यक्तित्वों का चयन किया है.

**डॉ. मेघा रानी की चर्चित रचनाएं : शाश्वत सृजन, अस्तित्वः** एक नारी का, श्रीकृष्ण लीला (को-राइटर). श्रीकृष्ण लीला" को इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉड्र्स और ओओमजी बुक ऑफ रिकॉड्र्स में स्थान प्राप्त हुआ है, जो उनके लेखन की वैश्विक मान्यता का प्रतीक है. डॉ मेघा को नारी सम्मान , विश्व रत्न सम्मान और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार जैसे कई अन्य प्रतिष्ठित अलंकरण और दर्जनों पुरस्कार व सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं.

**लेखन यात्राः संघर्ष से सृजन तक :** डॉ. मेघा रानी की लेखनी की शुरुआत एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद हुई, जिसने उनके जीवन की दिशा को पूरी तरह बदल दिया. उस विपत्ति को उन्होंने अपनी प्रेरणा बना लिया और लेखन को एक साधना के रूप में अपनाया. कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी अभिव्यक्ति और भी प्रगाढ़ हुई, और उन्होंने लेखन को समाज के प्रति उत्तरदायित्व का माध्यम बनाया. वे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं से जुड़ी रही हैं, और उनके लेख नेशनल बुक ऑफ रिकॉड्र्स में भी दर्ज किए जा चुके हैं.

**बधाईयों का तांता लगा :** डॉ. मेघा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. युवा सामाजिक कार्यकर्ता अनिल अमिताभ पन्ना ने डॉ. मेघा ने कहा कि यह झारखंड के लिए अत्यंत गौरव का विषय है.

ब्रीफ न्यूज

### दहेज हत्याकांड के तीन आरोपियों को उम्रकैद

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने दहेज हत्याकांड के तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाया है. अभियोजन के अनुसार हेरहंज ग्राम निवासी मुकेश गुप्ता पर दहेज के लिए अपनी पत्नी अंजू देवी की हत्या गत 31 मार्च 20 को करने का आरोप था. अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 12गवाहों को अदालत में पेश किया गया, जबकि बचाव पक्ष की ओर से कुल दो गवाहों को पेश किया. प्राथमिकी के अनुसार अंजू देवी की शादी 28 अप्रैल 2018 को हेरहंज ग्राम निवासी मुकेश गुप्ता के साथ हुई थी. शादी के बाद से ही आठ लाख रुपए नगद एवं चारपहिया की मांग ससुराल वालों के द्वारा किया जा रहा था.

### आरसीआईटी कैंपस में लगा फ़्लेरिया कैंप

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर सीएचसी द्वारा नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी परिसर में मंगलवार को फ्लेरिया का कैंप लगाया गया. कैंप का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया.उन्होंने खुद भी आईडीए का दवा खाकर छात्र छात्राओं को दवा खाने के लिये प्रेरित किया.डॉ चंद्रवंशी ने कहा कि फ्लेरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिये हर हाल में नियमित दवा का सेवन करना होगा.कैंप में आरसीयू के लगभग सभी छात्र -छात्राओं ने दवा का सेवन किया.मौके पर इदरीस हवाई, इसरार हवारी,बबन राम, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, दामोदर यादव, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे.

### राजेंद्र प्रसाद साहू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा 14 को

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी प्रसिद्ध कोयला व्यापारी एवं लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष स्व राजेंद्र प्रसाद साहू की द्वितीय पुण्यतिथि 14 अगस्त को श्रद्धा और भावनाओं के साथ मनाई जाएगी. यह कार्यक्रम भामाशाह नगर स्थित तेली टोला में आयोजित होगा. जिसमें बालूमाथ के साथ-साथ चंदवा, लातेहार, चतरा, सिमरिया और रांची समेत कई जिलों से सैकड़ों लोग शामिल होंगे. इस अवसर पर शोक सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. स्व साहू के पुत्र रोशन कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि यह दिन उनके लिए केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि समाज में स्व साहू के योगदान को याद करने का अवसर है.

### नेताओं ने एसडीओ से की औपचारिक मुलाकात

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मैदान स्थित मां दुर्गा मंदिर कमिटी के पदाधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने सोमवार को अनुमंडलाधिकारी सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता से औपचारिक मुलाकात कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. मुलाकात के दौरान भाजपा नेता एवं मां दुर्गा मंदिर कमिटी के पदधारी पवन लाल अग्रवाल, प्रकाश लाल अग्रवाल, चंदन कुमार सिंह, जय प्रकाश उपाध्याय, योगेंद्र सिंह तथा झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित थे.

### सीआरपीएफ 11 बटालियन ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**लातेहार।** सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन द्वारा कमांडेंट याद राम बुनकर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे लातेहार शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी.

## जिले में अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 35 वाहनों को जब्त किया गया

# 20 लाख 59 हजार रुपया जुर्माना भी वसूला गया

शुभम संदेश। मेदिनीनगर



समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त समीरा एस ने मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की. बैठक में डीसी ने डीएमओ से पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली. डीएमओ सुनील कुमार ने बताया कि अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए जुलाई महीने में अब तक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 35 वाहनों को जब्त किया गया है. साथ ही 20 लाख 59 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया है. वहीं कुल 7 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है. इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े एक वाद दायर किया गया है. वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 19 वाहनों को जब्त कर 5 लाख 29 हजार रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया है. इसके अलावा अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गयी कार्रवाई में 28 वाहन जब्त किये गये हैं जिसमें सबसे अधिक हरिहरगंज में 06 वाहन जब्त किये गये हैं.इस दौरान सतबरवा, चैनपुर, मनातू, लेस्लीगंज, पाटन, मोहम्मदगंज, हैदरनगर व तरहसी में शून्य वाहन की जब्ती की गयी है.

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, तीनों एसडीओ, सहायक समाहर्ता, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी समेत प्रदूषण से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### उपायुक्त ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**मेदिनीनगर।** जुलाई महीने में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 14 लोगों की मृत्यु व 29 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि 28 सामान्य रूप से घायल है. वहीं जुलाई माह में अधिकांश सड़क दुर्घटना में बाइक वाले शामिल थे. जिन 14 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें 8 बाइक सवार शामिल हैं और सभी बगैर हेलमेट के थे. उक्त जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी है. बैठक में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा कि इन दिनों बारिश के कारण विभिन्न सड़कों पर कई गड्ढे हो गये है. उन्होंने आरसीडी के प्रतिनिधि को पांकी, हुसैनाबाद स्टेशन रोड, पड़वा सहित अन्य सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने की बात कही. इसी तरह डीसी ने गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों को 15 अगस्त के दिन सम्मानित करने की बात कही. इसी क्रम में उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही. इसके अलावा उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि की समीक्षा की.

## अव्यवस्था के बीच हुआ खेलो झारखंड कार्यक्रम, नहीं हुआ उद्घाटन

# भूख से तड़पते दिखे स्कूली बच्चे

मयंक विश्वकर्मा। बरवाडीह



प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड – 2025-26 का आयोजन मंगलवार को बरवाडीह रेलवे स्पोर्ट्स क्लब मैदान एवं गढ़वाटांड़ खेल मैदान में होना था. तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू होनी थीं, लेकिन कार्यक्रम न तो कोई जनप्रतिनिधि पहुंचे और न ही कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ. यहां तक कि बरवाडीह बीआरसी में पदस्थापित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी भी कार्यक्रम में उपस्थित होना जरूरी नहीं समझे, यहीं नहीं खेली झारखंड के तहत बरवाडीह में तीन कार्यक्रम हुआ और तीनों कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी नदारत रही. वहीं स्थानीय लोगों और शिक्षकों का कहना है कि यह कार्यक्रम महज औपचारिकता बनकर रह गया. बच्चों के लिए खेल आयोजन की व्यवस्थाओं को जानने-समझने की जिम्मेदारी लेने के बजाय संबंधित अधिकारी पूरी तरह उदासीन दिखे. कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थापक के द्वारा कार्यक्रम में सिर्फ खानापूर्ति की गई है. जिसका खामियाजा बरसात के बीच भीषण गर्मी में बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सैकड़ों स्कूली बच्चों के लिए न पानी का इंतज़ाम किया गया, न खाने का. बरसात के बावजूद उमस और भीषण गर्मी में बच्चों को बिना सुविधा के खेलना पड़ा. कई शिक्षकों ने अपने जेब से पैसा लगाकर अपने स्कूल के बच्चों के लिए खाने का इंतज़ाम किया. जानकारी के मुताबिक, इस आयोजन के लिए अलग से कोई फंड जारी नहीं किया गया. कुछ जगहों पर बच्चों को खाना तो बना, लेकिन वह भी स्कूलों के मिड-डे मील के राशन से. इस खाने के लिए भी विभाग की ओर से न तो अलग से सामग्री दी गई, न ही बाद में खर्च की भरपाई की जाएगी ऐसा कुछ शिक्षकों के द्वारा कहा जा रहा है. एक शिक्षक ने बताया कि इस तरह का जो भी कार्यक्रम होता है उसके लिए सरकार द्वारा फंड दिया जाता है जो खर्च का वाउचर लगाकर पैसा का निकासी किया जाता है पर यहां तो व्यवस्थापक द्वारा बच्चों को खाना खिलाने के लिए दूसरे स्कूलों के माथे थोप दिया गया जिससे स्कूल में शिक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ा है. यह सब देख साफ प्रतीत होता है कि कार्यक्रम के लिए आवंटित फंड को सीधा डकारने का योजना बनाया गया है.

जहां बच्चों को थोड़ा बहुत खाना दिया गया, वहां भी बच्चों को सिर्फ खिचड़ी-चोखा, पतला दाल-भात और पानी जैसी सब्जी दी गई. खेल जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को सामने लाना है, पर उसे लापरवाही और भ्रष्टाचार से बदनाम किया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, इस योजना में लाखों रुपये के बंदरबांट की पूरी संभावना है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो खेलो झारखंड जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बच्चों का उत्साह बढ़ाने के बजाय उनका विश्वास तोड़ देगा.

### भाजपा की तिरंगा यात्रा आज

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के तत्वावधान में 13 अगस्त बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय से सुबह 9.30 बजे होगी. उक्त जानकारी पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने दी है. तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, प्रदेश महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार सिंह, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया शामिल रहेंगे. जिलाध्यक्ष तिवारी ने पलामूवासियों से इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में सपरिवार शामिल होकर देशभक्ति की भावना को प्रकट करने का आह्वान किया है.

### महुआडांड़ पुलिस टीम ने तिरंगा अभियान चलाया

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र मे महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में SSB एवं IRB के संयुक्त टिम द्वारा मोटरसाइकल से घूमकर हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया. थाना क्षेत्र के हामी, अम्बवाटोली, दीपाटोली, गुडगुटोली, कुरो मोड़, जरहाटोली, राजडंडा, रामपुर एवं अन्य स्थानों में अभियान के दौरान आमजनों से अपील की गई कि हर घर तिरंगा लगाना है. बाइकचालकों को रॉड सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियम के बारे में जागरूक किया गया. साथ ही नशा का सेवन से हो रहे क्षति एवं नशा मुक्ति को लेकर भी आम जनता खास कर युवाओं को जागरूक किया गया.

## एक नजर

### युवा दिवस पर सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मंगलवार को हिण्डालको इंडस्ट्रिज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर टीम द्वारा युवाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया. प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने पुरस्कार व आम का पौधा देकर सम्मानित किया. मौके पर सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी माइंस के परिधि में आने वाले गांवों के सभी उम्र के लोगों को हर संभव लाभ पहुंचाने का काम करती है. युवा परिवर्तन के वाहक होते हैं. युवा जिस काम करने का संकल्प ले लेते हैं उसे पूरा करने के बाद ही आराम करते हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की युवा पीढ़ी प्रगति की मिशाल थामने वाली वह शक्ति है जिसकी उम्मीद की किरणें समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक रौशनी फैलाती है. सीएसआर हेड ने कहा कि इलाके के बच्चे जो आर्थिक अभाव में ट्यूशन नहीं पढ़ पा रहे हैं वैसे नवीं एवं दसवीं कक्षा के बच्चों के लिए पाटन मोड़ एवं कठौतिया में रिमेडियल कोचिंग सेंटर खोला गया है.

### भाजपा ने महापुरूषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी, लातेहार के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर एव महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई की और प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित किया गया. मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत जोगनाटंड स्थित स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर साफ सफाई की गयी और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह जी ने कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जिला के सभी मंडलों में घर-घर तिरंगा अभियान चला रही हैं. देश की स्वतंत्रता में आहुति देने वाले सभी महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यर्पण व आसपास स्वच्छता अभियान चला रही हैं. स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव जिला महामंत्री अमलेश सिंह व बंसी यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, पूर्व जिप सदस्य महेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह, उत्तम कुमार, नितेश यादव, राजबली राम, व गिरधारी राम सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे.

### आज़ादी और बलिदान का प्रतीक है राष्ट्रीय ध्वज: चौरसिया

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर, पथरा, रामगढ़, मेदनीनगर नगर निगम, डाल्टनगंज ग्रामीण, पोलपोल, सतबरवा, भंडरिया और बरगड़ के मंडल अध्यक्षों के बीच तिरंगा झंडा वितरित किया. मौके पर विधायक श्री चौरसिया ने शाहपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा लहराकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव का संदेश देते हुए कहा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, यह हमारी आज़ादी, त्याग और बलिदान का प्रतीक है. हर घर पर तिरंगा फहराकर हम अपने देश के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश देंगे. उन्होंने कहा कि यह अभियान हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने का संकल्प है. उन्होंने आम जनता से अपील की कि 15 अगस्त को घर-घर तिरंगा फहराकर आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाएं.

### कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम संपन्न

**महुआडांड़(लातेहार)।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत दुरुप पंचायत के ग्राम मौनाडीह में मंगलवार को कांग्रेस का पंचायत स्तरीय संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, लातेहार प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आदरणीय धीरज प्रसाद साहू तथा झारखंड उत्कृष्ट विधायक रामचन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महुआडांड़ कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज ने की. इस दौरान पंचायत अध्यक्ष समेत पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए. कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष के रूप में तिंतियुस टोप्पो, उपाध्यक्ष कमील बृजिया सहित अन्य पदाधिकारी का चयन किया गया. अपने संबोधन में प्रखण्ड अध्यक्ष अभय मिंज ने कहा, जीपीसीसी का गठन जनता की सेवा का अवसर है. हम गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करेंगे और कांग्रेस का संदेश हर बूथ तक पहुंचाएंगे.

### हुसैनाबाद में बंद हुआ जिला स्तरीय कैंप कार्यालय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा पूर्व उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर शुरू किया गया जिला स्तरीय कैंप कार्यालय कार्यक्रम अब बंद हो चुका है. पहले प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय पदाधिकारी विभिन्न विभागीय कार्यों का त्वरित निष्पादन करते थे, जिससे आम लोगों को अपने नजदीक ही सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिल जाता था.कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड सहित कई जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ प्रदान किया जाता था. साथ ही बिजली, पेयजल, भूमि विवाद, वन भूमि हस्तांतरण जैसी समस्याओं का मौके पर समाधान भी किया जाता था. लेकिन उपायुक्त शशि रंजन के तबादले के बाद कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन बंद हो गया है.

### अंचल कार्यालय में जनप्रतिनिधियों की औपचारिक मुलाकात

**बालूमाथ (लातेहार)।** मंगलवार को बालूमाथ अंचल कार्यालय में जनप्रतिनिधियों ने अंचल अधिकारी बालेश्वर राम से औपचारिक मुलाकात की. इस अवसर पर बालूमाथ के मुखिया नरेश लोहरा,शिवनाथ ठाकुर, ब्रह्मदेव राम और मोहम्मद अशफाक उपस्थित रहे. जनप्रतिनिधियों ने अंचल अधिकारी को गुलदस्ता भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. मुलाकात के दौरान आपसी सौहार्द और संवाद का माहौल देखने को मिला. जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर संक्षिप्त चर्चा की और उम्मीद जताई कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी. अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि जनहित के सभी कार्यों में पूर्ण गंभीरता और तत्परता के साथ काम किया जाएगा.

## भाजपा जिला महामंत्री बंशी यादव ने सीओ से मुलाकात की



शुभम संदेश। लातेहार

भाजपा जिला महामंत्री बंशी यादव ने सोमवार को नव पदस्थापित अंचल अधिकारी नंदकुमार राम से उनके कार्यालय वेश्म में मुलाकात की. उन्होने बुके भेंट कर राम का स्वागत किया. इस दौरान यादव ने लातेहार अंचल की जमीन समस्याओं से उन्हें अगवत कराया. उन्होने कहा कि लातेहार में जमीन विवाद की समस्यायें विकराल है. बताया कि हाल सर्वे में गड़गड़ी के कारण आये दिन जमीन विवाद होते हैं और मामले थाना और कोर्ट-कहचरी तक पहुंचते हैं. इससे आम आदमी को काफी नुकसान हो रहा है. उन्होंने जिला मुख्यालय में कई सरकारी जमीन व आहर व तालाब में जबरन किये जा रहे अतिक्रमण की भी शिकायत की. कहा कि सरकारी भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराना जरूरी है. उन्होंने जमीन से जुड़े मामलों को संवेदनशील हो कर पारदर्शी तरीके से निपटाने का आग्रह अंचल अधिकारी से किया. इस पर अंचलाधिकारी राम ने बताया कि वे लातेहार जिले में काफी लंबे समय हैं और उन्हें यहां की जमीन समस्याओं का ज्ञान है. उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक को न्याय मिले इस दिशा में वे पूरी पारदर्शिता के साथ काम करेंगे. इस दौरान यादव ने क्षेत्रीय मुद्दों, विकास परियोजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की.

## राहुल गांधी के साथ पूरा 'देश' खड़ा है: बिट्टू पाठक

शुभम संदेश। पलामू



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची संशोधन के नाम पर गरीबों व आदिवासियों के नाम हटाए जाने कथित ''वोट चोरी के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी और इंडिया गठबंधन के नेता निर्वाचन आयोग तक पैदल मार्च कर रहे थे. लोकतांत्रिक अधिकारों की अवहेलना करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. इस अलोकतांत्रिक कदम के विरोध में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक जी के नेतृत्व में स्थानीय छः मुहान चौक पर पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया. मौका पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जननायक लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी की यह लड़ाई राजनीतिक नहीं है, यह संविधान को बचाने की लड़ाई है, 'एक व्यक्ति- एक वोट' की लड़ाई है. हम एक साफ-सुथरी और सही मतदाता सूची चाहते हैं.'' जननायक राहुल गांधी ने ठोस सबूत पेश कर दिए हैं. इन सबूतों से साफ हो गया है कि चुनाव आयोग ने भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए खुली धोखाधड़ी की है. यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है. वोट चोरी सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि देश के संविधान और जनता के अधिकारों की हत्या है. मोदी सरकार ईमानदारी से नहीं, बल्कि फर्जी तरीकों से सत्ता में आई है. चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था नहीं रहा. वह सत्ता के इशारों पर काम कर रहा है, संविधान को कमजोर किया जा रहा है और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अपंग बनाया जा रहा है. कांग्रेस पार्टी इस साजिश को उजागर करती रहेगी और जनता के वोट की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी. वोट चोरी की सच्चाई अब देश के सामने है.''वोट चोरी नहीं चलेगा नहीं चलेगा,वोट चोरी बंद करो बंद करो देश का हर मतदाता मांग करता है: साफ़-सुथरी मतदाता सूची. ये हक़ हम हर हाल में लेकर रहेंगे. इस अवसर पर श्याम नारायण सिंह 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला कुमारी सत्यानंद दुबे, शमीम अहमद, राईन ईश्वरी सिंह, तारकेश्वर पासवान, सुरेश पाठक, गिरजा राम ,शैलेश चंद्रवंशी, रुद्र शुक्ला, खुर्शीद खान, कौशल पासवान, रिजवान खान विद्या सिंह चेरो, अशोक तिवारी, मिथिलेश सिंह, मिठू खान, सत्येंद्र सिंह, नफीस खान, चंद्रमणि दुबे इंदु भगत रेखा सिंह, शंकर पांडे, अशोक तिवा,री अनिल सिंह, जितेंदर कमलापु,री अजय साहू, नंदकिशोर मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, सौरव पां,डे देवांग शुक्ला, शेर खान समेत कई लोग उपस्थित थे.

बैठक

## डीसी ने भवन प्रमंडल के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा की, कहा

# दो अक्टूबर तक पूरे जिले में शुरू करें सीजीएलएम

शुभम संदेश। लातेहार



उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में भवन प्रमंडल के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में भवन प्रमंडल के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में विभिन्न निर्माण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई और आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए. विशेष रूप से टाउन हॉल, लातेहार के सुदृढ़ीकरण कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालय अभियंता को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने 15 अगस्त तक सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम के तहत क्लीन एंड ग्रीन लातेहार के पांच केंद्र प्रारंभ करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया. उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि दो अक्टूबर तक पूरे जिले में सीजीएलएम को पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाए, ताकि नगर क्षेत्र में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें. पृथक्करण केंद्र पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का दायित्व कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद को सौंपा गया. समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में तत्परता बरतें, योजना समय पर पूर्ण हो तथा गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो यह सुनिश्चित कराएं. बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेंत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

### जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया. जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी% अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा. जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से समस्यायें सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा. जन शिकायत निवारण में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए. जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन अधिग्रहण, बिजली बिल त्रुटिकरण, रोजगार, धोखेबाजी करने से संबधित जुड़े थे. जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें. उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है.

### चाचा ने भतीजे की लाठी डंडे से की पिटाई, मौत

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के बहेराटांड़ मुहल्ले में सोमवार की रात्रि चाचा ने अपने भतीजे को लाठी डांटे से जमकर पिटाई कर दी. जिससे रांची रिम्स में इलाज के दौरान भतीजा की मौत हो गई. बताया जाता है कि चाचा मंटू भुईयां व भतीजा विपिन भुइयां के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुई. इसी दौरान चाचा ने भतीजा को बेरहम से पिटाई कर दी. जिससे भतीजा विपिन भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों ने घायल बिपिन भुईयां को ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया. इलाज के लिए रांची रिम्स में उसकी मौत हो गई. मौत के बाद परिजनों ने शव लेकर घर पहुंचे और मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो दल बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच की.

## चितरपुर कोल ब्लॉक हासिल करने में सफल रही अलॉय स्टील

कमरूल आरफी। बालूमाथ (लातेहार)

कोल ब्लॉक नीलामी प्रक्रिया के तहत हाल ही संपन्न कोल ब्लॉक वाणिज्यिक नीलामी के 12वें दौर में कुल सात कोयला ब्लॉकों की नीलामी होने के पश्चात बालूमाथ के बहुप्रतीक्षित चितरपुर कोल ब्लॉक उड़ीसा अलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड रश्मि ग्रुप सर्वाधिक बोली लगाकर हासिल करने में सफल हुई है. बालूमाथ प्रखंड के चितरपुर कोल परियोजना चितरपुर पीएफ व बालूमाथ वन क्षेत्र में आता है. जिसे चितरपुर कोल ब्लॉक परियोजना के नाम से जाना जाता है. जो पूर्व में अभिजीत ग्रुप की कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड को आवंटित हुआ था. जिसके आधार पर अभिजीत ग्रुप द्वारा बिजली संयंत्र निर्माण कराया जा रहा था. कोल ब्लॉक आवंटन रद्द होने से बिजली संयंत्र निर्माण अधर में लटक गया. इस परियोजना का स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था. खासकर वन क्षेत्र में होने और जमीन के अधिग्रहण के मुद्दों पर स्थानीय लोग परियोजना के विरोध में थे. परियोजना लातेहार जिले के औद्योगिक और आर्थिक विकास से जुड़ी है, लेकिन साथ ही यह पर्यावरणीय और सामाजिक चिंताओं का भी केंद्र रही है.

खनिज संपदाओं से परिपूर्ण बालूमाथ प्रखंड में वर्तमान में सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा तेतरियाखाड एवं मगध परियोजना से कोयले का खनन किया जा रहा है. नॉर्थ धाधू के अंतर्गत आने वाले दो कोल ब्लॉक में एक एनएलसी इंडिया लिमिटेड व दूसरी एनटीपीसी की नेशनल माइनिंग लिमिटेड को आवंटित की जा चुकी है.

## ब्रीफ न्यूज

### बिना किसी बिल के हो रही है महुआ की अवैध सप्लाई

**चौपारण।** बाजार में इन दिनों महुआ और गुड़ का कारोबार तेज़ी पर है, लेकिन पूरा व्यापार कानूनी दायरे से बाहर चल रहा है. प्रतिदिन लाखों रुपये का माल बिना किसी बिल, वॉचर या परमिट के बेचा जा रहा है, जिसे पिकअप वैन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और सवारी गाड़ियों में भरकर भगहर पंचायत के विभिन्न अवैध शराब भट्ठियों तक पहुँचाया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, भगहर पंचायत में 200 से अधिक शराब भट्टियां संचालित हैं, जहां इन दिनों महुआ और गुड़ की भारी खपत हो रही है. इससे न केवल आबकारी अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है,

### शिबू सोरेन की मृत्यु से पूरा देश मर्माहत है: अखिलेश

**रामगढ़।** समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों सह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को नेमरा से वापस लौटने के दौरान चितरपुर बाजार टांड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे. उनके साथ झारखंड के श्रम नियोजन मंत्री संजय यादव व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की मौजूद थे. यहां पहुंचने पर उनका स्वागत कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर द्वारा बुके देकर व साफा पहनाकर किया गया. मौके पर उन्होंने कहा कि स्व शिबू सोरेन झारखंड सहित पूरे देश के नेता थे. उन्होंने आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक व शोषितों को आगे बढाने का काम किये हैं.

### पीएम व अबुआ आवास को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप की अध्यक्षता में रोजगार सेवक पंचायत सेवक, व पंचायत सहायक के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई. जिसमें अबुआ आवास, पीएम आवास योजना की समीक्षा की गई. इस बाबत बीडीओ ने सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व सभी पंचायत सहायक को निर्देश दिया कि अबुआ आवास के लिए वैसे लोगों को चिन्हित करे जो सरकार के द्वारा जारी मापदंड को पूरा करते है. कहा कि किसी भी सूरत में वैसे लाभुक को चयन नहीं करना है जो सरकारी अहर्ता को पूरा नहीं करते हो. कहा कि पीएम आवास का सर्वे किया जा रहा है.

### मानवता ही हमारी असली पहचान है: हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग।** बड़कागांव प्रखंड में एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के भूमि मुआवजा भुगतान शिविर के शुरू होने से पहले ही स्थिति तनावपूर्ण हो गई. अचानक हुए हिंसक घटनाक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इस घटना में कई लोग एनटीपीसी के घायल हो गए लगभग 10 अधिकारी और 4 पुलिसकर्मी घायल हुए. इनमें एक एचओपी स्तर के अधिकारी और तीन डीएम स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं. चोटें अधिकतर सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में आईं. घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत आरोग्यम अस्पताल पहुँचाया गया. यहाँ अस्पताल प्रशासन, संचालक और पाँच सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सक टीम पहले से तैयार खड़ी थी. बिना समय गंवाए घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया और उनकी हालत को स्थिर किया गया. गंभीर रूप से घायल मरीजों को आरोग्यम कुणाल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ उनका इलाज लगातार जारी है.

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना में मेगा टिंकरिंग डे का हुआ भव्य आयोजन

# वैज्ञानिक सोच व तकनीकी कौशल को मिलेगा बढ़ावा

शुभम संदेश। रामगढ़



एटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) और एनआईटीआई आयोग के संयुक्त तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरकाकाना में मेगा टिंकरिंग डे का भव्य आयोजन किया गया. यह एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम युवाओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक विचारों और तकनीकी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पतरातू के सीओ मनोज कुमार चौरसिया के स्वागत, दीप प्रज्ज्वलन और स्वागत गीत से हुई. इसके पश्चात कक्षा 8वीं 'बी' के छात्र वैभव मिश्रा द्वारा प्रस्तुत विज्ञान गीत ने उपस्थित जनसमूह में नवाचार के प्रति उत्साह और जिज्ञासा की भावना का संचार किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रोबोटिक वॉक का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मानव रूपी रोबोट की भूमिका में टवेशा, वंशिका शाह, पूर्वी सैनी, माहिरा परवीन, साक्षी श्रेया, समायरा और आदित्य ने भाग लिया. टिंकरिंग लैब के छात्रों द्वारा मेटल डिटेक्टर, ड्रोन, वर्किंग कार मॉडल सहित कई विज्ञान और तकनीक आधारित नवोन्मेषी मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी समझ और परिश्रम की सराहना की.

प्रधानाचार्य मुस्तफा मजिद ने इस अवसर पर कहा, "इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच और तकनीकी कौशल को विकसित करने में सहायता मिलती है." मुख्य अतिथि चौरसिया ने भी बच्चों को नवाचार और प्रयोगशीलता के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यही भावी भारत की असली पहचान है. कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही. शिक्षिका नवोदिता शिप्रा, कुमारी अपर्णा, मनोज महतो और प्रेरणा ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं मंच सज्जा की जिम्मेदारी रूपम श्रीवास्तव ने सफलता पूर्वक निभाई. कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ. पूरे दिन विद्यालय परिसर में विज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार का वातावरण बना रहा. यह आयोजन निश्चित रूप से विद्यार्थियों में शोधपरक सोच को विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा.

## परसाबाद का आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना बीमारों का इंतज़ार घर

# छह महीने से डॉक्टर-एनएम गायब

अर्चित सेठ। जयनगर (कोडरमा)









आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्रामीणों को घर के पास बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए खोला गया परसाबाद का आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब अपनी ही बदहाली का प्रमाण बन गया है. यहां पिछले छह महीने से एक भी डॉक्टर तैनात नहीं है, जबकि नर्स (एनएम) भी महीने में मुश्किल से कुछ ही दिन दिखाई देती हैं. हालात ऐसे हैं कि इलाज की उम्मीद में आने वाले मरीजों को अब इस केंद्र में सिर्फ जंग खाए ताले, वीरानी और चारों ओर फैले जंगल जैसे ऊँचे-ऊँचे घास-पौधों का ही सामना करना पड़ता है. केंद्र के चारदीवारी के भीतर और बाहर काई और झाड़ियां फैल चुकी हैं. जगह-जगह झाड़ियां इतनी घनी हो गई हैं कि उनमें सांप-बिच्छू और जहरीले कीड़े-मकोड़े तक पनपने लगे हैं. बरसात में यह घास और भी हरी-भरी होकर दीवारों तक चढ़ जाती है, जिससे भवन किसी सुनसान खंडहर जैसा नजर आता है. मरीजों के लिए दरवाजे तक पहुंचना भी डर का काम हो गया है. चिकित्सक और स्टाफ के न होने से ग्रामीणों को मामूली बुखार, पेट दर्द या चोट जैसी साधारण समस्या के लिए भी निजी अस्पताल, जयनगर स्वास्थ्य केंद्र या कोडरमा सदर अस्पताल जाना पड़ता है. गरीब मजदूर परिवारों के लिए यह दूरी और खर्च दोनों ही भारी पड़ते हैं.

सबसे ज्यादा मार गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों पर पड़ रही है. अब महिलाओं को हर छोटी जांच के लिए भी इधर उधर जाना पड़ता है. कई बार रात में प्रसव पीड़ा के दौरान गर्भवती महिलाएं पहुंचती है तो दर्द से कहार कर दरवाजे के पास इंतजार करती है.जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है. मजबूरी में इधर उधर जा कर इलाज करवाना पड़ता है. ग्रामीणों ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र नहीं, सजावट का सामान है. परसाबाद निवासी दीपक कश्यप ने कहा छह महीने से डॉक्टर नहीं हैं, एनएम भी गायब रहती हैं. यहां से दवा भी लोगों को नहीं मिलता गरीब आदमी कहां जाए विभाग इस समस्या से जल्द निदान दिलाए. गांव की बिपुल सिंह ने बताया कि मरीज तो आते है यहां पर ताला बंद देख वापस लौट जाते हैं लोगों को इस भवन से कोई लाभ नहीं मिल पाता, गर्भवती महिलाओं को सब से अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है. निजामुद्दीन अंसारी ने कहा सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर यह केंद्र बनाया, लेकिन अब यहां सिर्फ ताला और जंगल जैसे घास हैं. इलाज का नाम नहीं है. ग्रामीण लोग परेशान है. ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर और एनएम की तत्काल उपस्थिति की मांग की है. इस संबंध में जब स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार से दूरभाष पर संपर्क कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कहा कि फोन पर सभी विवरण साझा करना संभव नहीं है. आवश्यक जानकारी के लिए उन्होंने कार्यालय में उपस्थित होने का अनुरोध किया.

### केरेडारी में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के धरने के दौरान हिंसा

**केरेडारी (हजारीबाग)।** एनटीपीसी द्वारा चिमनी भट्ठा व चारदीवारी तोड़े जाने के विरोध में बीते 12 दिनों से धरने पर बैठे पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके समर्थकों पर हिंसक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगा है. रविवार रात धरने में शामिल समर्थकों ने हाईवा वाहन चालकों से रंगदारी मांगते हुए दर्जनों वाहनों को रोका और चालकों से लाठी-डंडों से मारपीट की. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे वाहन मालिक अनिल कुमार का कथित रूप से अपहरण कर झुमरी टांड़ ले जाकर बेरहमी से पिटाई की गई. पीड़ित ने बताया कि 20-25 लोगों ने हाथ-पैर बांधकर उसके साथ मारपीट की और सोने की चेन व 3000 नकद भी लूट लिए. गंभीर रूप से घायल अनिल को केरेडारी सीएचसी में भर्ती कराया गया.

### डोमचांच में करंट लगने से महिला की हुई मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के बेहराड़ीह गांव में मंगलवार सुबह 42 वर्षीय आरती देवी, जो द्वारिका राणा की पत्नी थीं, अपने नए मकान की छत पर पानी डालने गईं. छत के पास से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गईं. परिवार और पड़ोसियों ने उन्हें तुरंत कोडरमा सदर अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है.

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने नेमरा में शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



शुभम संदेश। हजारीबाग

सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने शिबू सोरेन के अतुलनीय साहस, समाजसेवा एवं समर्पण को याद करते हुए उनकी दिव्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया. मुन्ना सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इस अपूरणीय दुःख की घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल है, जो न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्रोत है. उनका योगदान और आदर्श आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्तम्भ के रूप में सदैव जीवित रहेगा. मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, विरेन्द्र सिंह, विनय सिंह, ओम झा, कृष्ण किशोर प्रसाद, सुनील ओझा, केडी सिंह, दीपक सिंह, बबलू सिंह मौजूद थे.

## वन विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर आए व्यापारी को ग्रामीणों ने खदेड़ा

विनोद यादव। चतरा



हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के केदलीकला पंचायत अंतर्गत बेलगड़ा नावाडीह के गोमिया पहाड़ के पास वन विभाग के फर्जी अधिकारी बनकर आए एक अज्ञात व्यापारी के द्वारा आरा मशीन के माध्यम से दो हरे लिप्टस पेड़ो की कटाई का मामला प्रकाश में आया है हालांकि ग्रामीणों ने फर्जी अधिकारी को खदेड़ दिया.मौके पर पहुंची वन विभाग के टीम ने दो पेड़ सहित जड़े भी बरामद की हैं.

जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम एक बाइक से दो अज्ञात व्यापारी जंगल पहुंचे और आरामशीन के माध्यम से अंधाधुन पेड़ो कि कटाई करने लगे जिसके बाद ग्रामीण आरा मशीन की आवाज सुनकर जंगल की ओर पहुंचे जहां देखा की दो अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मशीन की माध्यम से पेड़ की कटाई की जा रही है. जिसके बाद जब ग्रामीणों ने उनलोगो से परिचय पूछा तो लकड़ी माफिया (व्यापारी) के द्वारा बताया गया की हमलोग वन विभाग के अधिकारी हैं. जिसके बाद ग्रामीणों को उनपर सक हुआ इसके बाद ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से वन विभाग के अधिकारी से बात की जहां बताया गया की कोई भी अधिकारी उस फील्ड में नहीं गया हैं.

जिसके बाद सैकड़ों ग्रामीण जुट गए ग्रामीणों को एकजुट देखते ही फर्जी वन अधिकारी और उसके सहयोगी बाइक चालू कर नौ दो ग्यारह हो गए हालांकि ग्रामीणों ने फर्जी अधिकारी को पकड़ने का प्रयास भी किया लेकिन सफल नहीं हो पाए. इसकी सूचना रात को ही हंटरगंज प्रभारी वनपाल चंदन कुमार को दी गई. सूचना मिलते ही सुबह अपने टीम के प्रभारी वनपाल घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों से पेड़ कटाई के संबध में जानकारी ली. इधर ग्रामीणों ने बताया कि 50 वर्ष पूर्व से कितना मुश्किल से पेड़ को बचाएं है. फर्जी अधिकारी ने आंख में धूल झोंककर सारा पेड़ को कटाई करने का प्लान बनाया था जिसका मोबाइल नंबर 8667616249 है. आगे ग्रामीणों ने कहा कि जान दे देंगे लेकिन पेड़ को कटने नहीं देंगे.

**समझौता** आईसेक्ट विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के बीच एमओयू

# झारखंड में लीची उत्पादन को मिलेगा नया आयाम

शुभम संदेश। हजारीबाग



सम कुलपति डॉ गौरव शुक्ला, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ विकास दास सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित थे.

झारखंड की मिठास भरी लीची अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान बनाने को तैयार है. आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग और राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र, मुजफ्फरपुर (बिहार) के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए. इसका उद्देश्य लीची सहित विभिन्न फलों के उत्पादन, गुणवत्ता, तकनीकी सहयोग और विपणन को नई दिशा देना है. राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र परिसर में आयोजित इस समझौते कार्यक्रम के दौरान आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने इस समझौते को विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह कदम न केवल शोध और तकनीकी सहयोग को मजबूत करेगा, बल्कि राज्य के किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीकों से जोड़ने में सहायक होगा. कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि एमओयू के तहत किसानों को उन्नत किस्म के पौधे, खेती की आधुनिक तकनीक, पैकेजिंग और ब्रांडिंग में सहयोग दिया जाएगा, जिससे वे स्थानीय के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बना सकेंगे.

सम कुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने इस साझेदारी को विश्वविद्यालय के विज़न और मिशन के अनुरूप बताया. उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी क्षेत्र में शोध, प्रशिक्षण और नवाचार को बढ़ावा देकर यह पहल किसानों की आय दोगुनी करने में मदद करेगी. साथ ही विद्यार्थियों को नई तकनीक समझने, नवाचार एवं स्वयं के व्यवसाय करने की दिशा में भी मदद मिलेगी. राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ विकास दास ने कहा कि हम किसानों को वैज्ञानिक जानकारी, प्रशिक्षण और नई तकनीकों से लैस करेंगे, जिससे वे लीची उत्पादन में गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार कर सकें. कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि यह पहल झारखंड की लीची को देशभर में पहचान दिलाने का काम करेगी. बताते चलें कि समझौते के तहत न केवल लीची बल्कि अन्य फलों, सब्जियों और कृषि उत्पादों पर भी शोध, प्रशिक्षण, पैकेजिंग और विपणन की आधुनिक तकनीकों पर काम किया जाएगा. साथ ही किसानों को फसल कटाई के बाद की प्रक्रियाओं और मूल्यवर्धन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा.

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**कोडरमा।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह स्थल - बागीटॉड स्टेडियम की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई. उपायुक्त ने बताया कि 15 अगस्त को पूर्वाह्न 09:05 बजे बागीटॉड स्टेडियम में ध्वजारोहण किया जाएगा. इसके लिए मैदान का समतलीकरण, रंग-रोगन और सजावट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं. उपायुक्त ने बताया कि 14 अगस्त 2025 को संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक शिव वाटिका, झुमरी तिलैया में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए.

## एक नजर

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के तहत उपायुक्त श्री ऋतुराज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की. बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए. प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से आयुष्मान कार्ड निर्माण, जमीन कब्जा विवाद, बिजली वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत 70 ऊर्जा मित्रों की मांगें, गांव में सड़क निर्माण कार्य में अवरोध, धमकी एवं रंगदारी की शिकायतें, जानलेवा हमले और रास्ता अवरोध जैसे जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल रहे. उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले पर संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि "जनता दरबार केवल शिकायत सुनने का मंच नहीं, बल्कि इसका उद्देश्य नागरिकों को शीघ्र, सुलभ और न्यायसंगत समाधान प्रदान करना है."

### चतरा में तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन

**चतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आज दिनांक 12 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी चतरा नगर मंडल मे फाँसी तलाब से अवल मुहल्ला केसरी चौक पुराना पेट्रोल पम्प जतराहिबाग डीसी ओफीस चौक होते हुवे शहीद बिनय भारती पार्क में तिरंगा यात्रा को समाप्त किया गया, तिरंगा यात्रा देशभक्ति की अद्भुत तस्वीर देखने को मिला लोगों ने बाइक एवं हाथों में तिरंगा लेकर भव्य तिरंगा यात्राएं निकालीं. इन तिरंगा यात्राओं में युवाओं, ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार के प्रदेश अध्यक्ष बने दीपक पांडेय

**हजारीबाग।** अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय को कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार झारखंड प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इसकी घोषणा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संतोष चतुर्वेदी के द्वारा की गई. श्री चतुर्वेदी ने नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करते हुए बिश्वास व्यक्त किया की श्री पांडेय के नेतृत्व में प्रदेश में संगठन मजबूत होगा एवं परिवार हित में कार्य होगा. राष्ट्रीय संगठन सचिव नवीन कुमार मिश्रा ने दीपक की मनोनयन पर कहा की नए अध्यक्ष पूर्व से संगठन द्वारा दिए गए कार्यों को बखूबी निभाई है और आगे भी प्रदेश के सभी जिलों में संगठन विस्तार करते हुए जनहित के कार्य को नई गति प्रदान करेंगे. प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर दीपक कुमार पांडेय के द्वारा केंद्रीय कमिटी तथा राज्य कमिटी के प्रति आभार जताया.

### चंदवारा सूचना केंद्र में कार्यशाला का आयोजन

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड के कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र में प्रखंड स्तरीय खरीफ़ कार्यशाला का आयोजन किया गया. जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित मिश्रा द्वारा किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान हमारे देश कि रीढ है भारत कि सत्तर फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर करता है किसानों को नई तकनिकी से खेती करने पर जोर दिया और मोटा अनाज ज्यादा से ज्यादा लगाने कि सलाह दिया. कृषि विज्ञान केन्द्र जयनगर से वैज्ञानिक डाक्टर चचिला कुमारी ने अपने सम्बोधन में मशरूम कि खेती कि बैज्ञानिक विधि से करने के बारे में विस्तार से जानकारी दिया एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया.प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि किसान धान एवं मक्का का बीमा अपने निकटतम प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपना फार्म भरकर आनलाईन करायें.

### डीसी ने की जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा



**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 एवं जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रखंडवार कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई. उपायुक्त ने घरेलू नल कनेक्शन कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने और योजनावार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. उन्होंने सतडीहा, कटैया माधोपुर, राजाबार सहित विभिन्न ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा कर कनीय अभियंताओं को अधिक से अधिक नल कनेक्शन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया. स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस पंचायतों की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुए उपायुक्त ने सभी पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों की कार्यशीलता, दैनिक सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति का सत्यापन करने का निर्देश दिया. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत संकलन, पृथक्करण, कंपोस्टिंग एवं गड्ढा निर्माण कार्यों को गति देने को कहा.

### टंडवा मंडल में तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

**टंडवा।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण कार्यक्रम, जो 13 अगस्त को होना था, अब एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है. मंडल महामंत्री रंजीत कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि 13 अगस्त को जन-जन नेता, सिमरिया विधानसभा के भूतपूर्व विधायक एवं झारखंड के भूतपूर्व सांसद सचिव,पत्थलगड्डा प्रखंड में श्रद्धेय स्वर्गीय उपेंद्रनाथ दास जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन है. इस महत्वपूर्ण अवसर पर अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें और दोनों कार्यक्रमों की गरिमा बनी रहे, इसी कारण तिरंगा यात्रा की तिथि परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण अब गुरुवार को आयोजित किया जाएगा. इस दिन भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर नगर भ्रमण करेंगे, देशभक्ति के नारे लगाएंगे और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करेंगे. कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा. मंडल महामंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और टंडवा व आसपास के क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे नए निर्धारित दिनांक को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं.

### मेटा पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र करें समाधान: डीसी

**कोडरमा।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत कोषांग (मेटा पोर्टल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त जन शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई. बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, लघु सिंचाई, निबंधन, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजनों की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व प्राथमिकता के आधार पर किया जाए. विशेष रूप से दाखिल-खारिज एवं भूमि विवाद से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का त्वरित समाधान किया जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो. उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कहा कि, जनता की शिकायतों का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए. मेटा पोर्टल पर दर्ज हर शिकायत का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए.

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत डीसी ने ली दवा

**हजारीबाग।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह समेत वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक का सेवन किया. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, जिसका बचाव संभव है यदि हम सभी समय पर निर्धारित दवा का सेवन करें. उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें.

## ब्रीफ न्यूज

### पुल से टकराया बाइक तीन युवक की हुई मौत

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के नाथपुर वन टोली गांव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवक की मौत हो गई. सूत्रों के अनुसार तीनों युवक नशे में थे और हेलमेट भी नहीं पहने थे. मरने वालों में लौवाकेरा निवासी गुमला आईटीआई का छात्र संदीप सिंह, इसी गांव का बंटी सिंह और नाथपुर निवासी जिरिया उरांव के नाम शामिल है. घटना सोमवार देर शाम की है. जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक बाइक में पालकोट बाजार से अपना गांव लौट रहे थे. नाथपुर बनटोली के समीप मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ा और एक पुल से टकरा गया. स्थानीय लोगों के अनुसार संदीप सिंह और जिरिया उरांव का घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी.

### जारी में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जारी (गुमला)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बारडीह निवासी प्रेमा स्वाति टोप्पो 19 वर्ष ने सोमवार की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. कारण को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लिया और गुमला सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

### घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**गुमला।** बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समीप सड़क दुर्घटना में घायल प्रदीप कंसारी की सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक प्रदीप कंसारी गुमला में डीएसपी रोड का रहने वाला था और पार्क के समीप किसी होटल में काम करता था. आठ अगस्त को किसी कारण से वह सड़क पार कर रहा था तभी काली मंदिर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार कार ने उसे धक्का मारते हुए भाग गया. सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गई. मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया.

### हाइवा की तेज रफ्तार से बाल-बाल बचे आजसू नेता

**इटकी।** तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम बाल-बाल बच गए. घटना के विरोध में मुर्तजा आलम और ग्रामीणों ने साहेब मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया, जिससे लंबा जाम लग गया. सूचना पाकर इटकी थाना और अंचल अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया. मुर्तजा आलम ने युआरसी कंपनी और ठेकेदार से साहेब मोड़, कुंदी रोड और प्रखंड मुख्यालय गेट के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है.

### गंभीर बुखार से इलाज के दौरान बच्चे की हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लालिमाटी गांव में गंभीर बुखार से पीड़ित बिनोद भारती के पांच वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई. प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती के प्रयासों से गांव के दर्जनों मासूमों की जांच कर जान बचाई गई. डॉ संजीव कुमार ने बताया कि वायरल फीवर और पीलिया रोग के कारण बच्चे अस्वस्थ हो गए हैं. समय पर इलाज शुरू कर दिया गया है और कई मासूमों की जान बचाई गई. डॉ कुमार ने गंभीर बुखार से ग्रसित एक बच्ची का इलाज कर उसे स्वस्थ किया. उन्होंने ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है. जरूरत पड़ने पर तत्काल उपचार की व्यवस्था कीया जा रहा है.

## एनसीसी कैडेटों ने तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता यात्रा निकाली, बोले प्रिंसिपल

# राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश का गौरव है

**शुभम संदेश। गुमला**

डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेटों ने मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता यात्रा निकाली. 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा ने तिरंगा यात्रा के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला को बधाई दी. उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनसीसी कैडेट परिवार और समाज के बीच राष्ट्रीयता का अलख जगा रहे हैं. डीएवी गुमला के प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत



महोत्सव मनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक पहल है. लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए 'हर घर तिरंगा अभियान' शुरू किया गया है. राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश का गौरव है और हर घर तिरंगा अभियान हमलोगों को हर कोने में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करता है. एएनओ सेकेंड आफिसर अभिजीत झा ने बताया कि हमारे कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने जितने जोश के साथ आज के अभियान में भाग लिया वह उनका तिरंगे के प्रति प्यार और गहरा लगाव दर्शाता है. तिरंगा रैली एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है. प्रधानाचार्य, एएनओ तथा 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के सूबेदार भोला प्रसाद शर्मा, हवलदार सौरभ, हवलदार समरजीत ने इस रैली का नेतृत्व किया. यह रैली परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम से प्रारंभ होकर पटेल चौक होते हुए थाना रोड आदि से होकर गुज़री. इस दौरान कैडेटों तथा विद्यार्थियों में देशप्रेम तथा तिरंगे के प्रति उत्साह देखने को मिला और उन्होंने राष्ट्रीय नारों से लोगों को देश प्रेम से सराबोर किया.

### भाजपा का तिरंगा यात्रा आज

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा बुधवार को पूर्वाह्न नौ बजे परमवीर अल्बर्ट एक्का स्मारक स्थल से आरंभ की जाएगी. यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने दी. उन्होंने गुमला शहर के सभी सामाजिक संगठन, स्वयं सेवी संगठन, प्रबुद्धजन एवं शैक्षणिक संस्थानों को आमंत्रित किया है.

## शुभम संदेश की खबर का असरः झुके किचन शेड को तोड़ कर फिर से बनाएं

**बजरंग महतो। घाघरा (गुमला)**

देवकी बाबा धाम मंदिर परिसर में जिला परिषद द्वारा बनाए जा रहे किचन शेड निर्माण में अनियमितता की खबर सामने आने के बाद विभाग तुरंत हरकत में आ गया. शुभम संदेश के सोमवार खबर प्रकाशित हुई थी कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं हो रहा है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए थे. जिला परिषद के कनीय अभियंता पवन खलखो ने स्थल पर पहुंच कर जांच की और निर्माण में खामियों को स्वीकार किया.

जांच में पाया गया कि किचन शेड का छज्जा एक तरफ झुक गया था. अभियंता ने तुरंत झुके हुए हिस्से को तुड़वाने और उसे नए सिरे से गुणवत्तापूर्ण ढंग से बनाने का निर्देश दिया. कनीय अभियंता ने संवेदक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी कार्य मानक के अनुरूप होने चाहिए, अन्यथा भविष्य में कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल है. लोगों ने जिला परिषद की पारदर्शिता और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित होगी. ग्रामीणों को उम्मीद है कि भविष्य में सभी कार्य गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए संपन्न होंगे.

## जन शिकायत निवारण दिवस में डीडीसी ने सुनी जनता की समस्याएं

# दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**शुभम संदेश। गुमला**

मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक विभिन्न समस्याओं से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचे. राशन, आवास, स्वास्थ्य, नगर निकाय व्यवस्था, सड़क निर्माण, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नशा मुक्ति जैसे कई मुद्दों पर लोगों ने अपनी परेशानियां रखीं. चंदाली इंद्र टांड़ मोहल्ला के निवासियों ने टूटी सड़कों की मरम्मत और बिजली के खंभे लगाने की मांग की. वहीं, सिसई निवासी अभिषेक उरांव ने हिमाचल प्रदेश में नौकरी के लिए गए बंणन उरांव के लापता होने की जानकारी दी और युवक की खोज में प्रशासन से सहयोग की अपील की. डीडीसी ने आवेदन को पुलिस अधीक्षक व श्रम अधीक्षक को अग्रसारित किया. पालकोट की सीता मुनि देवी ने पति की मृत्यु के बाद बच्चों के पालन-पोषण में आ रही कठिनाई साझा की. उन्होंने



छह वर्षीय पुत्री के पढ़ाई के लिए स्पांसरशिप योजना का लाभ दिलाने की मांग की. वहीं कुलाबीरा पंचायत के राजपति साहू ने बताया कि भारी बारिश से उनका कच्चा मकान ढह गया है और फिलहाल वह दूसरों के घर में रहने को विवश हैं.

उन्होंने आवास योजना या आपदा राहत के तहत मदद की अपील की. इन मामलों पर डीडीसी ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक सहायता देने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इसके अलावा, जमीन विवाद, सामाजिक पेंशन, आंगनबाड़ी सेविका से जुड़ी समस्याएं, रोजगार सहायता, घरेलू विवाद समाधान, और अन्य विषयों पर भी कई आवेदन प्राप्त हुए. डीडीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से पढ़ा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समयबद्ध, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से शिकायतों का समाधान करें.

उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और हर आवेदन को प्राथमिकता दी जाएगी. जन शिकायत निवारण दिवस पर जनता ने प्रशासनिक पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा.

### कल्याण अस्पताल में एकदिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**लोहरदगा।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा वित्त पोषित कल्याण अस्पताल हेंसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर में एक दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया. इस मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम के द्वारा लोहरदगा रांची लातेहार आदि जिलों के तकरीबन 43 गांव के ग्रामीणों का चिकित्सा जांच किया गया. इस मेगा हेल्थ कैंप में हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विजय प्रसाद एमडी फिजिशियन डॉक्टर शिव शंकर मुंडा, जेनरल फिजिशियन डॉ बी मांझी, डॉ पीपी सिन्हा, आंख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजू कुमारी गुप्ता के द्वारा मरीजों का चिकित्सीय जांच एवं परामर्श दिया गया इस मेगा हेल्थ कैंप में नस एवं हड्डी रोग के 56 आंख रोग के 35 दंत रोग के 08 सामान्य बीमारी के 78 बुखार के 30 कुल 189 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया. जिसमें 17 मरीजों का एक्स-रे सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 13, 22 मरीज का 57 पैथोलॉजिकल टेस्ट किया गया. साथ ही सभी मरीजों को निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया. मेगा हेल्थ सिविल को संपन्न करने में प्रबंधक प्रणव पाठक, राजीव रंजन समेत सभी का योगदान रहा.

## एक नजर

### शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208वीं जयंती मनाई गई



**रांची।** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ प्रांगण और बड़कागढ़ जगन्नाथपुर ठाकुर निवास में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208वीं जयंती मनाई गई. सबसे पहले ठाकुर निवास में शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई. जयंती समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि वीर स्वतंत्रता सेनानी और छोटानागपुर राज परिवार के सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया. उन्होंने सरकार से शहीद परिवार को सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी सहायता देने, शहादत स्थल का सौंदर्यीकरण करने और शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव को हर संभव मदद करने की अपील की.

### बारिश से कीचड़ में तब्दील हुई सड़क, लोग परेशान

**भंडरा/लोहरदगा।** इस बार की तेज बारिश ने शहर की प्रमुख सड़कों की हालत खस्ता कर दी है. जलजमाव की वजह से जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं जो गड्ढे पहले से मौजूद थे. वह बड़े और गहरे हो गए हैं. ऐसे जख्मी सड़के पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को हादसे का दावत दे रही हैं. बारिश से कीचड़ इन सड़कों को मरम्मत का इंतजार है. खासकर भैसमुंडो से उदरंगी पावर सबस्टेशन जोड़ने वाली सड़क की हालत गिल्ला हो गई है. बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. उखड़ी और गड्ढा युक्त यह सड़क इधर से गुजरने वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गई है. रोज हादसे हो रहे हैं.

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राजीव कुमार ने की. बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे. बीडीओ ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक कार्यालय में समयानुसार झंडोत्तोलन किया जाएगा. उन्होंने बताया कि पूर्व वर्ष की समय-सारणी के अनुसार सभी कार्यालयों में झंडोत्तोलन की प्रक्रिया संपन्न होगी वही इस वर्ष दो जगह जेएमएम पार्टी और मुद्रांक विक्रय कार्यालय में क्रमशः 10:40 और 10:50 बजे झंडातोलन किया जायेगा बाकी पूर्व वर्ष के समय सारणी के अनुसार ही झंडा तोलन किया जायेगा. साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने के निर्देश दिए. बीडीओ ने साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था एवं आवश्यक अन्य तैयारियों को लेकर भी संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए.

### बीडीओ ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा

**घाघरा (गुमला)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, 15वें वित्त के जेई और बीपीओ मौजूद रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य मनरेगा, जनमन योजना और अबुवा आवास जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था. बीडीओ दिनेश कुमार ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में कम से कम 100 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए.

### पिपरवार में हुई जनता मजदूर संघ की बैठक

**पिपरवार।** जनता मजदूर संघ की बैठक मंगलवार की शाम क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई.इस बैठक में सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. बैठक में कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर यूनियन के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया.

### भाजपा पिपरवार मंडल ने निकाला तिरंगा यात्रा

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के द्वारा मंगलवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र मे तिरंगा यात्रा निकाला गया. जानकारी के अनूसार यह तिरंगा यात्रा पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक से बहेरा शिव मंदिर तक निकाला गया.इस कार्यक्रम का नेतृत्व तिरंगा अभियान के संयोजक अरुण कुमार सिंह एवं सह संयोजक धनराज भोगता ने किया.

## लोहरदगा में बिना विज्ञापन के ग्राम संसाधन व्यक्ति पद की परीक्षा

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

झारखंड सोशल ऑडिट सोसायटी, रांची द्वारा 13 अगस्त को लोहरदगा जिले के सदर प्रखंड में ग्राम संसाधन व्यक्ति पद की परीक्षा आयोजित की जा रही है. इस परीक्षा को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. आरोप है कि इस परीक्षा के लिए विभाग द्वारा कोई सार्वजनिक विज्ञापन नहीं निकाला गया, फिर भी कुछ लोगों को चयन कर परीक्षा में शामिल किया जा रहा है. सूत्रों के अनुसार, जिन लोगों को परीक्षा में बैठने का मौका दिया गया है, उनकी योग्यता संदेहास्पद है और चयन प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय रखी गई. आरोप है कि विभाग ने कुछ लोगों को बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के परीक्षा में शामिल किया है, जिससे चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक, आवेदन आमंत्रित करने के लिए कोई भी सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी. ऐसे में यह सवाल उठना लाज़मी है कि विभाग को आवेदन कैसे और किनके माध्यम से प्राप्त हुए? यह पूरी प्रक्रिया विभाग और कुछ पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है. सबसे गंभीर आरोप फर्जी ग्राम सभा आयोजित कर चयन सूची तैयार करने का है. नियम के अनुसार, ग्राम सभा की एक निश्चित तिथि होती है और उसी तिथि पर पंचायत स्तर पर ग्राम सभा आयोजित की जाती है. लेकिन आरोप है कि विभाग ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए फर्जी ग्राम सभा दिखाकर कुछ लोगों को परीक्षा में शामिल किया. सूचना अधिकार अधिनियम कार्यकर्ता सुनील राम ने इस पूरे मामले की जाँच की माँग जिला समन्वयक हलधर महतो से की है.

### किस्को में एसएसबी 32वीं वाहिनी ने निकाली तिरंगा यात्रा

**किस्को/लोहरदगा।** सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी किस्को के द्वारा किस्को के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ हर घर तिरंगा यात्रा के तहत किस्को मुख्य चौक, थाना चौक समेत कई इलाकों में तिरंगा यात्रा निकाली गई. इस दौरान महात्मा गांधी अमर रहे, भगत सिंह अमर रहे, भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे, वीर बुधु भगत अमर रहे, वंदे मातरम्, जय जवान जय किसान, भारत माता की जय के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई. इस बीच एसएसबी 32वीं वाहिनी के कंपनी कमांडर मनीष कुमार चौबे व अन्य अधिकारी,जवानों एवं हजारों की तादाद में स्कूली बच्चे शामिल थे.

## एनएसयूआई ने चुनाव आयोग को घेरा

**शुभम संदेश। रांची**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के निर्देशानुसार झारखंड में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनावों में कथित वोट चोरी, मतदान केंद्रों पर अनियमितता और मतदाता सूची में गड़बड़ियों के खिलाफ आज राजधानी रांची में राष्ट्रीय छात्र संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदेश अध्यक्ष श्री विनय उरांव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता झारखंड चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और "वोट हमारी ताकत है, इसे चोरी नहीं होने देंगे", ₹वोट चोर हो सावधान, जाग गया है हिंदुस्तान₹, ₹वोट चोर, गद्दी छोड़₹ जैसे नारों से पूरे परिसर को गूंजा दिया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की लापरवाही और मिलीभगत के चलते लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर बट्टा लगा है. उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों का काम चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है, वही अगर गड़बड़ियों पर आंख मूंद ले, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है.

इस दौरान माहौल काफी उग्र होते देख आशोक नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कई आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया. हालांकि, गिरफ्तारी के बावजूद कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ और वे



नारेबाजी करते रहे. प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने मौके पर कहा हम लोकतंत्र के प्रहरी हैं. जनता का मताधिकार सर्वोच्च है और उस पर किसी भी तरह की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. मतदान केंद्रों पर धांधली, मतदाता सूची में हेरफेर और वोट चोरी जैसे अपराध लोकतंत्र की जड़ें कमजोर करते हैं. जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बहाल नहीं होती, एनएसयूआई का यह संघर्ष पूरे दमखम के साथ जारी रहेगा." उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यदि चुनाव आयोग ने इन गंभीर मुद्दों पर तुरंत और ठोस कार्रवाई नहीं की, तो एनएसयूआई राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी, जिसमें बड़े स्तर पर घेराव, रैली और प्रदर्शन शामिल होंगे. इस प्रदर्शन ने रांची में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है और युवाओं के बीच लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर एक नई जागरूकता और ऊर्जा का संचार किया है. पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह विरोध सिर्फ एक राजनीतिक कदम नहीं बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक गंभीर संदेश है, जो आने वाले दिनों में राज्य की राजनीति को गहराई से प्रभावित कर सकता है. इस मौके पर विशेष रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संकेत सुमन, गोपाल कृष्णा चौधरी, नसीम हुसैन, प्रदेश महासचिव मुशर्रफ हुसैन, सैफ अहमद, प्रदेश सचिव मनोहर साहू, रांची महानगर जिला अध्यक्ष सतीश केसरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अक्षय महतो, हजारीबाग जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, रामगढ़ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, पवन नाग, संजीत शाह, मुदस्साम सलीम, मयंक कुमार आदि सैकड़ो, साथी उपस्थित रहे.

**बैठक**

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# जमीन म्यूटेशन के मामलों को निष्पादित करें

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में परिसदन में जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई. बैठक में नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता का निर्धारण हेतु जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा व जांच, लोहरदगा जिला में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति के अध्ययन तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई. इधर बैठक में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के जाति, आवासीय एवं नन क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई जिसमें नियम के



पालन करते हुए नन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया. जमीन म्यूटेशन के लंबित मामलों को अंचल स्तर से ही त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया गया. इस बीच हाथियों द्वारा मृत्यु व मकान क्षति, फसल क्षति आदि की समीक्षा की गई जिसमें मकान क्षति व फसल क्षति में अंचल और वन विभाग के द्वारा संयुक्त जांच कर प्रभावित व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया. इसी प्रकार आग लगने से फसल की क्षति का भी सही आकलन करा कर अधिकतम मुआवजा दिलाये जाने का निर्देश दिया गया. सर्पदंश से मृत्यु, आपदा से मकान क्षति, फसल क्षति पर मिलनेवाली मुआवजा राशि की जानकारी भी ग्रामीणों तक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया. बैठक में इस वर्ष कल्याण विभाग की ओर से पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि का वितरण, साइकिल वितरण की समीक्षा की गई. साइकिल का वितरण विद्यालय प्रांगण में ही कराये जाने का निर्देश दिया गया.

जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया गया. जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला में अवस्थित आवासीय विद्यालयों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया. जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशु विकास की योजनाओं का लाभ नियमित रूप से ग्रामीणों को दिलाये जाने का निर्देश दिया. बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गव्य विकास की योजनाओं की भी समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये. मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा को पंचायत स्तर पर मत्स्य उत्पादन समितियों का गठन करने का निर्देश दिया गया तथा लंबित मछुआ आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया. मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप संवर्द्धन योजना की समीक्षा की गई और फलदार पौधों की आपूर्ति के समय पौधों की गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने का निर्देश प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया. श्रम अधीक्षक को प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों का निबंधन शिविर आयोजित करा कर किये जाने का निदेश दिया गया.

## पिछड़ा आयोग से मिला अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

लोहरदगा में झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव से अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल मिला और ज्ञापन दिया. ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा ने कहा की सर्वप्रथम सीएनटी एक जटिल और चंद्रवंशी समाज के लिए अभिशाप के सामान होता जा रहा है न बैंक कर्ज देती है और न समुचित जमीन का मूल्य मिलता है. ऐसे में चंद्रवंशी समाज और पिछड़ता चला जा रहा है. झारखण्ड में लगभग 35 लाख की आबादी है.

धनबाद, गढ़वा, पलामू, बिश्रामगढ़,



राँची, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बेरमो आदि स्थानों में चंद्रवंशी समाज की ज्यादा आबादी है लेकिन राजनैतिक शून्यता के कारण सामाजिक आर्थिक और आरक्षण के साथ साथ मुख्यधारा से काटते जा रहे हैं. इसलिए मुख्यधारा में लाने निमित्त पिछड़ा आयोग को पहल करने की आवस्यकता है जिनमे- झारखण्ड पिछड़ा वर्ग आयोग में चंद्रवंशी समाज का प्रतिनिधित्व मिले, सी एन टी मुद्दे पर सभी सीएनटी को एक सामान लाभ मिले अन्यथा चंद्रवंशी को सीएनटी से विमुख किया जाय, झारखण्ड के सात जिलों में पिछडो की आरक्षण शून्य है उसे लागु कराया जाय, राँची में पिछड़ा छात्रावास निर्माण कराया जाय ताकि मेघावी बच्चे उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले. प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व सी डब्लू सी चेयरमैन राजकुमार वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक अरविन्द वर्मा, व्यवसायी रवि वर्मा शामिल थे. झारखण्ड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पिछडो को भी समानता का लाभ देने निमित्त आयोग का गठन किया गया है.

## मंथन

# उच्च शिक्षा में घटती रुचि बढ़ती चिंता और समाधान

झारखंड के उच्च शिक्षा परिदृश्य में इस वर्ष नामांकन के आंकड़े गंभीर चिंता का विषय हैं. चांसलर पोर्टल के अनुसार, स्नातक व वोकेशनल कोर्सों में 3.61 लाख से अधिक आवेदन हुए, परंतु केवल 1.28 लाख छात्रों ने प्रवेश लिया. आंकड़ों का विश्लेषण है कि रांची विश्वविद्यालय हो या नीलांबर-पीतांबर, हर जगह बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गईं. पलामू विवि का अनुपात तो खासा चिंताजनक है, जहां 31,500 आवेदनों में से मात्र 5,073 दाखिले हुए. यह परिदृश्य न केवल शैक्षिक संस्थानों की प्रतिष्ठा और वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा, बल्कि राज्य की युवा पीढ़ी के भविष्य पर भी सवाल खड़े करता है. विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके पीछे कई वजहें हैं- अन्य राज्यों या निजी संस्थानों में आकर्षक अवसर, सीमित कोर्स विकल्प, ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया की जटिलताएं और आर्थिक कठिनाइयां. इसके अतिरिक्त, कई बार छात्रों को यह भरोसा नहीं होता कि यहां के कॉलेज उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक अवसर देंगे. स्थिति सुधारने के लिए सरकार व विश्वविद्यालयों को मिलकर रणनीतिक पहल करनी होगी. कोर्स संरचना को रोजगारमुखी बनाया जाए, ऑनलाइन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो, और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए विशेष सहायता योजनाएं लागू हों. साथ ही, कॉलेजों में संरचना, संकाय और प्लेसमेंट सुविधाओं को बेहतर बनाकर छात्रों का भरोसा वापस जीता जा सकता है. उच्च शिक्षा सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि विकास की रीढ़ है. यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह गिरता नामांकन आंकड़ा आने वाले वर्षों में शिक्षा और विकास दोनों के लिए खतरे की घंटी बन सकता है.

## नजरिया

# एनकाउंटर पर उठते सवाल और त्वरित न्याय की कसौटी

गोड्डा में सूर्या हांसदा की मुठभेड़ में हुई मौत ने एक बार फिर एनकाउंटर की वैधता पर बहस छेड़ दी है. पुलिस का दावा है कि कई मामलों में फरार सूर्या को गिरफ्तारी के बाद हथियार बरामदगी के लिए ललमटिया जंगल ले जाया गया, जहां उसने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद उसे गोली मार दी गई. वहीं, परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे घर से ले गई और तब से वह लापता था.सूर्या का अतीत आपराधिक मामलों से भरा रहा है. अडानी कंपनी के वाहनों में आगजनी से लेकर कई आरोपों तक. वह राजनीति में सक्रिय था और 2019 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुका था. सवाल यह है कि क्या किसी भी अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया के बजाय एनकाउंटर में खत्म करना उचित है? लोकतंत्र में कानून का शासन सर्वोपरि है. यदि कोई अपराधी है, तो उसे कोर्ट में सजा मिलनी चाहिए, न कि गोली से. एनकाउंटर की आड़ में पुलिस कार्रवाई यदि बिना निष्पक्ष जांच के हो, तो यह न्याय व्यवस्था में जनता का भरोसा कमजोर कर सकती है. जरूरी है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, ताकि सच सामने आ सके. साथ ही, पुलिस को भी ऐसे ऑपरेशनों में वीडियो रिकॉर्डिंग जैसी प्रक्रियाएं अपनानी चाहिए. अपराध और राजनीति के गठजोड़ को तोड़ना जरूरी है, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के साथ. वरना, न्याय और अन्याय की सीमा धुंधली हो जाएगी.

# इस पृथ्वी का प्राण है शाश्वत प्रेम का प्रदीप

डॉ मयंक मुरारी



**खलील जिब्रान की किताब 'प्रॉफेट' की सृजन संसार इतनी अहमियत क्यों?**

**शब्द और उसके भाव मिल कर क्रिया और कर्म को चित्रित करते हैं, जैसे कि उसे होना चाहिए. वह शब्दों की क्रियाशीलता के साथ जीवन के आरोहण की यात्रा कराते हैं, जिसमें ज्ञान होता है, और उत्थान के पथ का संकेत मिलता है.**

जीवन की तीन घटनाएं अहम हैं. जन्म आरंभ है, मृत्यु है अंत. प्रेम है इसका मध्य. प्रकृति में इस जन्म और मृत्यु के बीच जो प्रतिध्वनि है, जो ऊर्जा और जो प्रकाश है. वह प्रेम है. प्रेम रसायन है. प्रकृति का वह आकर्षण, पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण और ईश्वर का वह ग्रेस है. प्रेम का विस्तार करुणा, खुशी है, उत्कृष्टता है, आरोहण है. यह समय और स्थान को छूता है, जोड़ता है और जीवन को ऊर्ध्व करता है. यह रसायन नहीं, तो जीवन मृत्यु है. मृत्यु जीवन का अंत नहीं है, प्रेम का परिसमाप्ति अंत है. प्रेम का विरोध विछोह है, ईर्ष्या है, क्रोध है, भूख है और कामना है. जीवन का आगमन ही प्रेम की यात्रा है. जब हम प्रेम से वंचित होते हैं तो रोग पैदा होते हैं. जीवन में एक चिड़चिड़ाहट और एक क्रोध की सतत धारा बहती है. अल्बर्ट आइंस्टीन अपनी पुत्री लिसेर्ल को एक पत्र में कहते हैं कि यह अत्यंत शक्तिशाली शक्ति है, जिसका अभी तक विज्ञान कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं खोज पाया है.

विश्व के महानतम साहित्यकार खलील जिब्रान ने एक किताब लिखी है- प्रॉफेट यानी पैगंबर. विश्व सृजन संसार में इसका इतनी अहमियत क्यों है? इस किताब में वह कहते हैं कि प्रेम वह शक्ति सब कुछ समझाती है और जीवन को अर्थ देती है. यदि हम चाहते हैं कि हमारी प्रजाति जीवित रहे, यदि हमें जीवन में अर्थ खोजना है, यदि हम विश्व और इसमें निवास करने वाले संवेदनशील प्राणी को बचाना चाहते हैं, तो प्रेम ही एकमात्र उत्तर है. इस किताब पर ओशो ने कहा है कि द प्रॉफेट केवल इसलिए सुंदर है क्योंकि यह जरथुस्त्र की प्रतिध्वनि है. गैर-धार्मिक पुस्तकों में शेक्सपीयर और लाओत्सु के बाद सबसे ज्यादा इस किताब को दुनिया में पढ़ा गया है. माना जाता है कि इसकी करोड़ों प्रतियां बिक चुकी हैं. बीटल्स, जॉन एफ कैनेडी और इंदिरा गांधी उन लोगों में से हैं जो इसके शब्दों से प्रभावित हुए. बीबीसी की रिपोर्ट में इसी अहमियत पर कहा है कि यह पुस्तक लोगों के जीवन के विभिन्न चरणों में उनसे बात करने का एक तरीका है. इसमें एक जादुई गुण है, जितना अधिक आप इसे पढ़ेंगे उतना ही आप इसके शब्दों को समझ पाएंगे.जीवन में जो भी सत्य है, सुंदर है, उसे कहना सदा ही कठिन होता है. और प्रेम से ज्यादा न तो कुछ और सत्य ही है, न सुंदर ही. इरीन जोलियट-क्यूरी प्रसिद्ध वैज्ञानिक मैरी क्यूरी की बेटी थी. विश्व इतिहास में मां-बेटी के रूप में नोबेल पुरस्कार जीतीं. मैडम क्यूरी की तरह उनकी भी विकरण के प्रभाव से मृत्यु हुई. माता को विकरण के प्रभाव और रोजाना मृत्यु के नजदीक जाते देखते हुए भी इरीन ने विज्ञान के प्रति अपनी ललक कम नहीं होने दी. वह कहती है कि यह प्रेम की शक्ति थी, जो मुझे विज्ञान के प्रति समर्पित रखा. प्रेम अद्भुत रसायन है, जिसके बारे में प्रॉफेट में कहा गया है कि यह हर चीज का केंद्र है. जिब्रान अपने विचारों को काव्यात्मक निबंधों के रूप में व्यक्त करते हैं. वह जीवन और मृत्यु, प्रेम, धर्म और अध्यात्मवाद के बारे में इतने गहन तरीके से बात करते हैं कि यह हमारी आत्माओं में गहराई से उतर जाएगा.

वह कहते है कि सुंदरता अनंत काल है जो दर्पण में खुद को निहारता है. लेकिन आप अनंत काल हैं और आप दर्पण हैं. द प्रॉफेट काव्य निबंधों का एक संग्रह है जो दार्शनिक, आध्यात्मिक और सबसे बढ़कर प्रेरणादायक है. जिब्रान के चिंतन को 28 अध्यायों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रेम, विवाह, बच्चे, देना, खाना-पीना, काम, खुशी और दुख, आवास, कपड़े, खरीदना और बेचना, अपराध और सजा, कानून, स्वतंत्रता, कारण और जुनून, दर्द, आत्म-ज्ञान, शिक्षण, दोस्ती, बातचीत, समय, अच्छाई और बुराई, प्रार्थना, आनंद, सौंदर्य, धर्म और मृत्यु जैसे विषयों को शामिल किया गया है. यह छोटी सी किताब पूरी सच्चाई बयां करती है कि अगर इसे उस दिन पढ़ा जाए, जिस दिन लगे कि आज मरना है. यह प्रेम के बारे में उस तरह से समझाती है जैसा हम नफरत के बारे में महसूसते हैं लेकिन यह इसकी वास्तविकता है. प्रेम की खुद को पूरा करने के अलावा और कोई इच्छा नहीं होती. लेकिन अगर आप प्रेम करते हैं और आपकी इच्छाएं भी हैं, तो इन्हें अपनी इच्छाएं बनने दें. पिघल जाना और बहती नदी की तरह हो जाना जो रात में धुन गाती है, अत्यधिक कोमलता के दर्द को जानना. प्रेम की घायल होना और स्वेच्छा से और खुशी से खून बहाना. एक पंख वाले दिल से भोर में जागना और प्यार के एक और दिन के लिए धन्यवाद देना. दोपहर के समय आराम करना और प्रेम के परमानंद का ध्यान करना.

खलील जिब्रान की किताब उन सभी लोगों के लिए है जो जीवन के संस्थागत दृष्टिकोण से बाहर निकलने के लिए तैयार हैं, जिसमें दुनिया के लोग खुद को पाते हैं. आज साहित्य जगत की भी परिधि है, जिससे बाहर रहना गलत माना जाता है. ऐसे में प्रॉफेट की हर पंक्ति एक सहज उद्घोषणा है जो हम सभी के मन में इस बारे में है कि जीवन को किस तरह जिया जा सकता है और किस तरह जिया जाना चाहिए. मैंने विवाह के बारे में एक उद्धरण सुना है जो दो पेड़ों की तरह है जो एक दूसरे के पास खड़े हैं और उनके बीच थोड़ी सी जगह है ताकि हवा (भगवान) उनके बीच आ सके. भारतीय चिंतन में कहा गया है कि अक्षर ब्रह्म है. इस किताब में हरएक शब्द का महत्व है. उसका एक गूढ़ अर्थ है. शब्द और उसके भाव मिलकर क्रिया और कर्म को ऐसे चित्रित करते हैं, जैसे कि उसे होना चाहिए. वह शब्दों की क्रियाशीलता के साथ जीवन के आरोहण की यात्रा कराते है, जिसमें ज्ञान होता है, आध्यात्मिकता एकता की बात होती है और उत्थान के पथ का संकेत मिलता है. इसके उद्धरण विशेष रूप से पसंद है जो अपनी शैली और तीक्ष्णता के साथ शब्दों को प्राणवान बनाता है. एक जगह कहा गया है कि- आत्मा एक रेखा पर नहीं चलती है, न ही यह ईख की तरह बढ़ती है. आत्मा खुद को प्रकट करती है, असंख्य पंखुड़ियों वाले कमल की तरह. किताब एक बार में व्यक्तिगत तो कभी आध्यात्मिक विकास की बात करती है लेकिन खलिल जिब्रान की किताबें एक साथ जीने और सीखने की कला सिखाती है.

## आज का इतिहास

1784: भारत में प्रशासनिक सुधारों के लिए पिट्स इंडिया बिल ब्रिटिश संसद में पेश.
1902: इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक विकेट से हराकर ओवल की प्रसिद्ध जीत दर्ज की.
1951: भारत में निर्मित पहले विमान हिंदुस्तान ट्रेनर 2 ने पहली उड़ान भरी.
1956: लोकसभा में राष्ट्रीय राजमार्ग बिल पास.
1960: अफ्रीका फ्रांस के कब्जे से स्वतंत्र हुआ.
1993: थाईलैंड के नाखोन रचासिमा में होटल ढह जाने से 114 लोगों की मौत.
1994: अमेरिका-उत्तरी कोरिया के बीच जेनेवा में परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति.
1999: लेखिका तसलीमा नसरीन की पुस्तक आमार मएऐबेला पर बांग्लादेश में बैन.
2008: टाटा स्टील ने वियतनाम में की दो प्रमुख कंपनियों के साथ समझौता किया.
2008: भारत ने मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (एमबीआरएल) हथियार प्रणाली पिनाक का सफल परीक्षण किया.

## चिंतन

# जिस ताकत से विरोध हो, उसी ताकत से आप जवाब दीजिए

गंगा तट पर एक संत शिष्यों को शिक्षा दे रहे थे, तभी एक शिष्य ने पूछा, गुरुजी, यदि हम कुछ नया कुछ अच्छा करना चाहते हैं पर समाज उसका विरोध करता है तो हमें क्या करना चाहिए? गुरु जी बोले, इस प्रश्न का उत्तर मैं कल दूंगा. अगले दिन जब शिष्य नदी के तट पर आए, तो गुरु जी बोले, आज हम एक प्रयोग करेंगे इन मछली पकड़ने वाली डंडियों को देखो, ये एक ही लकड़ी से बनी हैं और एक समान हैं. फिर गुरुजी ने उस शिष्य को आगे बुलाया, जिसने प्रश्न किया था. पुत्र, ये लो इस डंडी से मछली पकड़ो. गुरु जी ने निर्देश दिया. शिष्य ने डंडी से बंधे कांटे में आटा लगाया और पानी में डाल दिया. फ़ौरन एक बड़ी मछली कांटे में आ फंसी. जल्दी बाहर की ओर खींचो, गुरु जी बोले. शिष्य ने ऐसा ही किया,उधर मछली ने भी पूरी ताकत से भागने की कोशिश की फलतः डंडी टूट गयी. कोई बात नहीं, ये दूसरी डंडी लो और पुनः प्रयास करो, गुरु जी बोले. शिष्य ने फिर से मछली पकड़ने के लिए कांटा पानी में डाला. इस बार जैसे ही मछली फंसी, गुरु जी बोले, आराम से हल्के हाथ से डंडी को खींचो. शिष्य ने ऐसा ही किया, पर मछली ने जोर से झटका दिया कि डंडी हाथ से छूट गयी. गुरु जी ने कहा, लगता है मछली बच निकली, चलो इस आखिरी डंडी से एक बार फिर से प्रयत्न करो.

शिष्य ने फिर वही किया. पर इस बार जैसे ही मछली फंसी गुरु जी बोले, सावधान, इस बार न अधिक जोर लगाओ न कम. बस जितनी शक्ति से मछली खुद को अंदर की ओर खींचे उतनी ही शक्ति से तुम डंडी को बाहर खींचो. कुछ ही देर में मछली थक जाएगी और तब तुम उसे बाहर निकाल सकते हो.शिष्य ने ऐसा ही किया और मछली पकड़ में आ गयी. क्या समझे आप लोग? गुरुजी ने कहा, ये मछलियां उस समाज की तरह हैं जो आपके कुछ करने पर विरोध करता है. यदि आप इनके खिलाफ अधिक शक्ति लगाएंगे, तो टूट जाएगे, यदि कम शक्ति लगाएंगे तो भी लोग आपकी योजनाओं को नष्ट कर देंगे.लेकिन यदि आप उतना ही बल लगाएंगे, जितने से वे आपका विरोध करते हैं, तो धीरे -धीरे वे थक जाएंगे. हार मान लेंगे और तब आप जीत जाएंगे. इसलिए कुछ करने में जब समाज विरोध करे, तो समान बल लगाइए, और अपने लक्ष्य को प्राप्त कीजिए.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #InternationalYouthDay
2. #TrueDevotion_BringsHappiness
3. Watch Sa TrueStory YtChannel
4. Saint Dr MSG
5. #BalancedLife
6. #WorldElephantDay
7. Adarsh Dincharya
8. विक्रम साराभाई
9. #straydogs
10. THE LIFE OF A SHOWGIRL

## बहुरंग



अनन्या पांडे बी टाउन की नई फैशनिस्टा बनकर उभर रही हैं. बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत करन जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से करने वाली अनन्या ने कम समय में ही लोगों के दिलों में अपनी जगह भी बना ली है और वो कई सारे न्यूकमर के अवॉर्ड भी जीत चुकी हैं. इसके साथ ही अनन्या का स्टाइल सेंस भी कमाल का है. फिर वो उनका रेड कार्पेट पर ग्लैमरस अंदाज हो या कूल स्टाइलिश कैजुअल लुक. हर बार वो मेजर फैशन गोल्स देतीं नजर आती हैं.

# अब जाकर मृणाल ठाकुर ने धनुष के साथ रिलेशनशिप की खबरों पर तोड़ी चुप्पी





अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और साउथ सुपरस्टार धनुष को लेकर हाल ही में सोशल मीडिया पर डेटिंग की खबरों ने खूब जोर पकड़ा. दोनों को कुछ मौकों और इवेंट्स में एक साथ देखा गया, जिससे इन अफवाहों को और हवा मिल गई. कई फैन्स ने उनकी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि मृणाल और धनुष एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, यहां तक कि कुछ ने तो दोनों की जल्द शादी होने तक की अटकलें लगा डालीं. लगातार बढ़ती चर्चाओं के बीच, अब मृणाल ठाकुर ने खुद चुप्पी तोड़ते हुए इस पूरे मामले पर खुलकर प्रतिक्रिया दी है और सच्चाई सामने रखी है.एक हालिया इंटरव्यू में मृणाल ठाकुर ने धनुष के साथ डेटिंग की अफवाहों पर खुलकर बात की और उन्हें हंसी में टाल दिया. उन्होंने साफ कहा कि धनुष उनके लिए सिर्फ एक अच्छे दोस्त हैं. मृणाल ने इन अफवाहों को मजाकिया करार देते हुए जोर देकर कहा कि उनके और धनुष के बीच किसी भी तरह का रोमांटिक रिश्ता नहीं है, बल्कि सिर्फ दोस्ती का बंधन है.

मृणाल और धनुष के रिश्ते की अफवाहें उस समय उभरने लगीं, जब कुछ दिन पहले धनुष, मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर में नजर आए. हालांकि, मृणाल ने इन चर्चाओं पर विराम लगाते हुए साफ कहा कि धनुष वहां अजय देवगन के निमंत्रण पर पहुंचे थे, उनका इस मुलाकात से कोई निजी संबंध नहीं था. उन्होंने बताया कि दोनों के बीच सिर्फ पेशेवर रिश्ता और आपसी सम्मान है. मृणाल ने यह भी जोड़ा कि साथ काम करने का अनुभव बेहद अच्छा रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर जो भी तस्वीरें और अटकलें उड़ाई जाती हैं, वे हमेशा सच्चाई को नहीं दर्शातीं. अपने बयान के जरिए मृणाल ने इन अफवाहों पर पूरी तरह से विराम लगा दिया. उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अपील की कि ऐसी बेबुनियाद खबरों पर ध्यान न दें और कलाकारों की निजी ज़िंदगी का सम्मान करें. अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि मृणाल और धनुष के बीच सिर्फ़ एक अच्छी दोस्ती है, इसके आगे कुछ भी नहीं.

# सन ऑफ सरदार 2 के दर्शकों के लिए फिल्म मेकर्स का बड़ा तोहफा



अजय देवगन और मृणाल ठाकुर स्टारर कॉमेडी-ड्रामा 'सन ऑफ सरदार 2' 01 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. रिलीज से पहले इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह दर्शकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने में संघर्ष करती नज़र आ रही है. ऐसे में, अगर आप इस फिल्म को देखने का सोच रहे हैं तो आपके लिए एक अच्छी खबर है, 'सन ऑफ सरदार 2' के मेकर्स अब दर्शकों के लिए एक खास तोहफा लेकर आए हैं.

'सन ऑफ सरदार 2' को अब दर्शक 12 अगस्त को सिर्फ 99 रुपये में देख सकते हैं. निर्माताओं ने इस ऑफर की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ₹यह आपका इशारा है पाजी... जल्दी से बुक कीजिए 'सन ऑफ सरदार 2' की टिकट, वो भी सिर्फ 99 रुपये में.

बॉक्स ऑफिसट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'सन ऑफ सरदार 2' ने रिलीज के 11वें दिन, यानी दूसरे सोमवार को 1 करोड़ रुपये की कमाई की. इस तरह फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11 दिनों में 43 करोड़ रुपये पहुंच गया है. करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ नीरू बाजवा, रोशनी वालिया, कुब्रा सैत, दीपक डोबरियाल, साहिल मेहता, चंकी पांडे और रवि किशन जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देते हैं.

## बॉक्स ऑफिस रिव्यू

# अक्षय और अरशद आमने-सामने, जॉली एलएलबी 3 में



अभिनेता अक्षय कुमार आखिरी बार 'हाउसफुल 5' में नजर आए थे, जहां उनकी कॉमिक टाइमिंग को दर्शकों ने खूब सराहा. अब अक्षय जल्द ही 'जॉली एलएलबी 3' में वापसी करने वाले हैं, जिसमें उनके साथ अरशद वारसी भी नजर आएंगे. इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार इस प्रोजेक्ट का दमदार टीज़र अब निर्माताओं ने जारी कर दिया है.

इस मजेदार झलक में जज त्रिपाठी (सौरभ शुक्ला) एक बार फिर दो जॉली के बीच उलझ जाते हैं, तेज़-तर्रार जॉली मिश्रा (अक्षय कुमार) और जुगाड़ जॉली त्यागी (अरशद वारसी). इसके बाद शुरू होता है ताबड़तोड़ तर्क-वितर्क, नोक-झोंक और धमाकेदार कोर्टरूम ड्रामा. दोनों जॉली एक-दूसरे को जुबानी मात देने में जुटे हैं, जबकि त्रिपाठी साहब की सहनशक्ति मानो आखिरी सीमा पर पहुंच चुकी है.

अक्षय कुमार और अरशद वारसी के साथ इस बार सौरभ शुक्ला, अमृता राव, हुमा कुरैशी और अन्नू कपूर भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे. टीजर में अक्षय और अरशद की आमने-सामने की टक्कर साफ झलकती है. सुभाष कपूर के निर्देशन और लेखन में बनी यह फिल्म 19 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. याद दिला दें, 'जॉली एलएलबी' 2013 में आई थी, जबकि इसका सीक्वल 2017 में रिलीज हुआ था.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. आत्मङ्क्षचतन करे. बिगड़ा कार्य बनेगा. शुभांक-5-7-9

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है. समय व्ययकारी सिद्घ होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. धार्मिक यात्रा का योग बना है. शुभांक-5-7-9

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. शुभांक-2-5-8

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी. शुभांक-1-3-5

**कन्या :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. बुरी संगति से बचे. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही. दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. यात्रा का योग बन रहा है. शुभांक-3-5-7

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मन प्रसन्न रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें. शुभांक-6-7-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा. शुभांक-1-4-6

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. एकाकी वृत्ति त्यागें. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. कार्य सफल होंगे. शुभांक-2-4-6

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. शुभांक-5-7-9



# छोटी हाइट होने पर कैसे करें कपड़ों का चयन

कई लोग अपनी हाइट से नाखुश रहते है, उन्हें लगता है कि वे थोड़े और लंबे होते तो अच्छा होता। लेकिन अगर कम व अवरेज हाइट होने पर भी सही ड्रेस व कपड़ों का चयन करें तो छोटी हाइट को भी लंबा दिखा सकते हैं। आइए, हम आपको कपड़ों के चयन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताते हैं जो छोटी हाइट को लंबा दिखाने में कारगर साबित होंगी -

- ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें पैर दिखें तो आप लंबी नजर आएंगी जैसे ऐसी कोई शॉर्ट ड्रेस, जो घुटने तक या उससे ऊपर हो। इस तरह की ड्रेस पहनकर छोटे कद को लंबा दिखाया जा सकता है।
- अगर आपका कद छोटा है तो आप हाई वेस्ट की जींस पहन सकती हैं। इस जींस में आपके पैर लंबे नजर आएंगे जिससे देखने वालों को आपकी लंबाई अधिक होने का एहसास होगा।
- छोटे कद को लंबा दिखाने के लिए ऐसे कपड़ों का चयन करें जो वी नेक के हो, जैसे वी-नेक वाली शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ती व ड्रेस आदि। गोल गले के कपड़े पहनने से आपको बचना चाहिए।
- कद को लंबा दिखाने के लिए सर से पैर तक एक ही रंग के कपड़े पहनें, जैसे टॉप और बॉटम दोनों का एक ही रंग होने पर आपका कद लंबा नजर आएगा। वैसे छोटे कद पर गहरे रंग के कपड़े भी देखने वालों को लंबा होने का एहसास देते है।
- गाउन पहनकर भी आप लंबी नजर आ सकती है।
- कपड़ों के अलावा हाई हील्स पहनकर भी आप हाइट को बढ़ा हुआ दिखा सकती हैं।

## शॉपिंग लिस्ट में शामिल करें को-ऑर्ड्स

कम्फर्टेबल आउटफिट्स खरीदना चाहती है तो को-ऑर्ड्स ट्राई करें। ये आउटफिट फिट होने के साथ बेहद स्टाइलिश भी है। इसको पहनने के कई फायदे हैं। इन्हें पहनने में झंझट नहीं होता, मौसम के हिसाब से कम्फर्टेबल है वहीं स्टाइल के मामले में भी नंबर वन। इन टू-पीस सेट्स के साथ आपको ज्यादा अक्सेसरीज भी कैरी करने की जरूरत नहीं। अगर आप अभी भी इस फैशन को ट्राई करने में झिझक रहे है तो बॉलिवुड सिलेब्स से आइडिया ले सकते है।



# जन्माष्टमी के मौके पर घर की ऐसे करें सजावट

**भगवान कृष्ण के जन्मदिन के मौके पर लड्डू गोपाल का मंदिर से लेकर घर को सजाने के लिए फूल की तोरण और कलरफुल साड़ी का इस्तेमाल कर सकती हैं।**

जन्माष्टमी का पर्व आने वाला है, इस दौरान लोग लड्डू गोपाल का जन्म को खास बनाने के लिए घर और मंदिर को सजाते हैं। इस पर्व को लोग कृष्ण जन्माष्टमी या गोकुलाष्टमी भी कहते है। यह पर्व श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। पूरे देश में इस त्योहार को अलग-अलग तरीके जैसे रास लीला, दही हांडी इत्यादि तरीके से सेलिब्रेट करते हैं। अगर आप इस मौके पर अपने घर को सजाने के लिए कुछ यूनिक आइडिया ढूंढ रही हैं,तो आप यहां से सजावट के तरीके देख सकती हैं।

### गुब्बारे और फूल से सजाएं घर

लड्डू गोपाल का जन्मदिन मनाने के लिए आप घर को फूल और गुब्बारे से सजाए। रंग बिरंगे गुब्बारों को घर की दीवारों, मंदिर के इर्द गिर्द लगाएं। साथ ही फूलों का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। अलग-अलग रंग के फूल की माला बनाकर मुख्य द्वार पर लगाएं।

### झालर लाइट का करें इस्तेमाल

भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण का जन्म के मौके पर आप अपने घर को मोमबत्ती, दीपक या झालरों लाइट्स का उपयोग कर सकती हैं। झालर लाइट को डोरी पर बांधकर छत से लटका सकती हैं। इसके अलावा मंदिर को सजाने के लिए इसके इर्द गिर्द झालर और दीपक रखे। लगा सकते हैं।

### घर के मुख्य द्वार पर लगाएं झूला

कृष्ण जन्माष्टमी पर आप घर के बाहर भगवान का द्वार सजा सकती है। इसके लिए घर के बाहर के हिस्से पर लड्डू गोपाल के लिए झूला लगाकर उसे फूल और लाइट की मदद से सजाएं और झांकी बनाए।

### रंगोली से सजाएं घर

हिंदू धर्म में रंगोली का खास महत्व है। इस मौके पर आप घर को रंगोली से सजा सकते हैं। इसके लिए आप अलग-अलग रंग और फूल का उपयोग कर सकती है। यह त्योहार की खुशी और घर सुंदरता को कई गुना बढ़ाने का काम करता है।



# घर को सजाने में इन चीजों का करें इस्तेमाल

**घर एक ऐसी जगह होती है, जहां हम खुद को सबसे ज्यादा सुकून में महसूस करते हैं। इसे सजाने का तरीका सिर्फ खुद की पसंद को ही नहीं दिखाता, बल्कि यह पड़ोसियों और मेहमानों पर भी गहरी छाप छोड़ता है। अगर आपके पास खड़ूस पड़ोसी हैं जो हमेशा शिकायत करते हैं, तो इन सजावटी आइटम का इस्तेमाल करके उन्हें भी वाहवाही करने पर मजबूर कर सकते हैं। आज हम आपको घर सजाने के कुछ अनोखे और क्रिएटिव आइडियाज बताने वाले हैं।**

### वॉल आर्ट

हैंडमेड वॉल आर्ट आप अपने घर के दिवारों पर लगा सकती है। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है। साथ ही यह आपके घर की खूबसूरती को बढ़ाने में आपकी मदद भी करता है। ऐसे में आप चाहे तो खुद से घर पर आसानी से वॉल आर्ट बना सकते हैं।

### हाउस प्लांट्स का जादू

हाउस प्लांट्स का जादू आपको घर को खूबसूरत बनाने में मदद कर सकता है। जी हां, आप चाहे तो हाउस प्लांट्स की मदद से भी अपने घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं। खूबसूरत गमले और छोटे-छोटे इनडोर प्लांट्स को लिविंग रूम या बालकनी में रखें।

### फ्रेश फ्लावर्स

फ्रेश फ्लावर की मदद से भी आप चाहे तो अपने घर की सजावट कर सकती है। यह आपके घर को फ्रेश रखने में मदद करता है साथ ही आपके घर की खूबसूरती को भी बढ़ाता है। ऐसे में आप चाहे तो गुलाब या लीली का फूल अपने घर को सजाने के लिए इस्तेमाल कर सकती है।





# सोच-समझकर चुनें घर की दीवारों का फ्लोरिंग कलर

**वास्तुशास्त्र के मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुने क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संकेत हैं।**

कहते है कि रंगो का हमारी जिंदगी मे गहरा प्रभाव पड़ता है। बात अगर वास्तुशास्त्र की करें तो इसके मुताबिक घर की दीवारों का रंग चुनने से कई वास्तु दोष दूर होते है। ठीक इसी प्रकार फ्लोरिंग कलर भी सोच-समझकर चुनें क्योंकि यह सकारात्मक या नकारात्मक ऊर्जा का संके हैं। चलिए आज हम आपको दिशा के मुताबिक फर्श के रंगों के बारे में बताते है जिनसे घर मे पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है।

### पूर्व दिशा

घर की पूर्व दिशा भगवान सूर्य को भी समर्पित मानी जाती है। अगर इस दिशा के वास्तु दोष सही हो तो समाज में मान-सम्मान बना रहता है। अगर आप भी यही चाहते है तो घर की इस दिशा का फर्श डार्क ग्रीन कलर चुनें।

### पश्चिम दिशा

वास्तु के मुताबिक, घर की पश्चिम दिशा में लक्ष्मी जी का वास होता है। इसलिए इस दिशा को दोषमुक्त रखने के लिए फर्श का रंग व्हाइट चुनें। ध्यान रखें कि इसपर कोई आकृति या डिजाइन न बनी हो।

### उत्तर दिशा

अगर घर में खुशहाली चाहते है तो घर की उत्तर दिशा में डार्क ब्लेक कलर का फर्श लगवाना चाहिए क्योंकि इसे धन-कुबेर का स्थान माना जाता है।

### दक्षिण दिशा

दक्षिण दिशा की तरफ कभी भी घर का प्रवेश द्वार नहीं होना चाहिए। वहीं, पति-पत्नी का बेडरूम भी इस दिशा मे नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उनकी बीच लड़ाई-झगड़े बने रहते है। अगर चाहते है कि घर की इस दिशा से जुड़े वास्तु दोष दूर हो जाए तो फर्श का रंग हमेशा डार्क रेड चुनें।

### उत्तर-पूर्व दिशा

इस जगह पर भगवान शिव का वास माना गया है। बात शिव जी की करें तो उन्हें आसमानी व नीला रंग बेहद पसंद होता है इसलिए इस दिशा का फर्श यानी फ्लोर भी इन्हीं रंगों में सिलेक्ट करें।

### दक्षिण-पूर्व

घर की इस दिशा को सृष्टि के रचियता ब्रह्मा की दिशा कहा जाता है इसलिए इस दिशा में बैंगनी यानी पर्पल कलर का फर्श डलवाएं।

### दक्षिण-पश्चिम दिशा

इस दिशा में हल्के रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए। यहां तक कि फर्श का रंग भी हल्का गुलाबी ही यूज करें। इससे घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

### उत्तर-पश्चिम दिशा

इस दिशा की दीवारों, पर्दों और यहां तक कि फर्श का रंग भी ग्रे होना चाहिए क्योंकि यह रंग इस दिशा के लिए सबसे शुभ माना जाता है।



# 15 अगस्त पर जींस के साथ पहनें ये टी शर्ट

**15 अगस्त का दिन हर भारतवासी के लिए खास होता है। इस दिन हर कोई झंडा लहराता है। ऐसे में उनके कपड़े पहनने का अंदाज तिरंगे जैसा होता है। कई सारी महिलाएं इस दिन साड़ी पहनती हैं, तो कुछ सूट को स्टाइल करती हैं। लेकिन अगर आपको अपने लुक में कुछ चेंज करना है, तो आप जींस और टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं।**

जींस और टी-शर्ट पहनने में काफी कंफर्टेबल होती है। साथ ही, पहनने के बाद अच्छी लगती है। चलिए आपको बताते है किस तरह की टी-शर्ट को आप जींस के साथ स्वतंत्रता दिवस पर पहन सकती हैं।

### वंदे मातरम वाली टी-शर्ट करें स्टाइल

अगर आपको कुछ अलग ट्राई करना है, तो आप इस तरह के तिरंगे वाली वंदे मातरम लिखी हुई टी-शर्ट को स्टाइल कर सकती हैं। यह टी-शर्ट प्लेन होती है। बस आपको इसमें बीच में एक प्रिंट मिलता है, जिसमें आप वंदे मातरम या भारत माता की जय वाला प्रिंट भी ले सकती है। यह टी-शर्ट ब्लू जींस के साथ अच्छी लगेगी। इसमें आपका लुक भी अलग दिखेगा। मार्केट में इस तरह की प्रिंटेड टी-शर्ट आपको 100 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### स्लोगन वाली टी-शर्ट

अगर आपकी देशभक्ति को और ज्यादा बढ़ाना है, तो आप ऐसे में स्लोगन वाली अलग-अलग डिजाइन की टी-शर्ट खरीद सकती हैं। इसमें आपको हर तरह के स्लोगन लिखे हुए मिलेंगे। इससे आपकी टी-शर्ट अलग नजर आएगी। इसमें आप कलर के साथ प्रिंट को भी चेंज करके ले सकती हैं। मार्केट में इस तरह की टी-शर्ट आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी। इसके साथ आपको ज्यादा एक्सेसरीज स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### दिल है हिंदुस्तानी टी-शर्ट

हर किसी का दिल हिंदुस्तानी होता है। इस तरह की टी-शर्ट भी पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें प्रिंट भी आपको काफी खुला-खुला मिलता है। इसकी वजह से टी-शर्ट डिजाइन अच्छा लगता है। इसमें आप व्हाइट, ऑरेंज या ग्रीन कलर की टी-शर्ट को खरीद सकती है। साथ ही, इसे तिरंगे के प्रिंट में डिजाइन को खुद भी कस्टमाइज्ड करा सकती है। मार्केट में प्लेन टी-शर्ट आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएगी। इसपर प्रिंट करवाने के लिए आपको 150 रुपये देने पड़ेंगे।

इस बार 15 अगस्त को खास बनाने के लिए पहनें प्रिंटेड डिजाइन वाली टी-शर्ट। इसमें आप कम्फर्टेबल रहेंगी। साथ ही, आपका लुक भी अलग दिखाई देगा।



# क्या एशिया कप में खेलते नजर आएंगे बुमराह, अक्षर-गिल उपकप्तानी के दावेदार

एजेंसियां। नयी दिल्ली



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद अब सभी की नजरें अगले महीने होने वाले एशिया कप पर टिकी हुई हैं. इंग्लैंड दौरे पर कार्यभार प्रबंध चलते तीन टेस्ट खेलने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता को लेकर संशय चल रहा है, लेकिन ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वह एशिया कप में खेल सकते हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह को इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया जाएगा, लेकिन वह अक्तूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले शुरुआती टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे.

**9 से 28 सितंबर तक होना है एशिया कप :** रोहित शर्मा की जगह नए टेस्ट कप्तान बनाए गए शुभमन गिल शानदार फॉर्ममें दिखे थे और अब वह अक्षर पटेल के साथ टी20 टीम की उपकप्तानी के दौड़ में भी शामिल हो गए हैं. एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौ से 28 सितंबर तक होना है. अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए टीम का चयन कर सकती है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्पोर्ट्स साइंस टीम सभी खिलाड़ियों का मेडिकल बुलेटिन कब भेजती है, जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव भी शामिल हैं, जिन्होंने बंगलूरू में नेट्स पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है. भारतीय टीम के चयन को लेकर कुछ मुश्किल फैसले होंगे, लेकिन भारतीय चयनकर्ता निश्चित रूप से निरंतरता बनाए रखना चाहेंगे जिसने उन्हें सूर्यकुमार के टी20 कप्तान के रूप में पदभार संभालने के बाद से बहुत सफलता दिलाई है.

इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज के दौरान अक्षर उपकप्तान थे, लेकिन पिछले साल श्रीलंका दौरे पर जब सूर्यकुमार को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया था तो गिल ने उपकप्तान की भूमिका निभाई थी. यह समझा जाता है कि चयन समिति इस सेटअप में बहुत अधिक बदलाव करने के लिए उत्सुक नहीं होगी, क्योंकि अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या शीर्ष पांच में शामिल हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, अभिषेक शर्मा पिछली आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज बने. संजू सैमसन ने पिछले सीजन में बल्ले और विकेटकीपिंग दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था, इसलिए यह फैसला लेना मुश्किल होगा, लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए शुभमन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था. चयनकर्ताओं के लिए समस्या यह है कि शीर्ष क्रम में कई अच्छे खिलाड़ी मौजूद हैं.

**शीर्ष क्रम पर कई दावेदार :** शीर्ष क्रम पर कई खिलाड़ी होने की वजह से यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को जगह मिलना मुश्किल दिख रहा है. वनडे में विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल को भी शायद ही मौका मिले क्योंकि वह मध्यक्रम पर बल्लेबाजी नहीं करते. विकेटकीपर के तौर पर सैमसन पहली पसंद हैं, लेकिन दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल के बीच प्रतिस्पर्धा रहेगी. जुरेल पिछली टी20 सीरीज का हिस्सा थे, जबकि जितेश ने आरसीबी की खिताबी जीत में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था. वह फिनिशर के तौर पर उभर रहे हैं.

**रेड्डी का समय से फिट होना मुश्किल :** तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के लिए हार्दिक पांड्या पहली पसंद बने रहेंगे, वहीं इंग्लैंड दौरे के दौरान चोटिल होने वाले नीतीश कुमार रेड्डी का समय से फिट होना मुश्किल है. इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी वापसी करने वाले शिवन दुबे भी टीम में जगह बना सकते हैं. अक्षर और वॉशिंगटन सुंदर दो स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हो सकते हैं.

**कौन होगा तीसरा तेज गेंदबाज :** भारतीय चयनकर्ताओं के सामने तेज गेंदबाजी विभाग का चयन करना आसान नहीं होगा. बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह पक्की है, ऐसे में तीसरे तेज गेंदबाज के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा के बीच दावेदारी रहेगी. प्रसिद्ध ने पिछले आईपीएल में 25 विकेट लिए थे, जबकि हर्षित के पास भी शानदार गेंदबाजी करने की क्षमता है.

### एशिया कप के लिए संभावित भारतीय टीम...

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा/प्रसिद्ध कृष्णा, हार्दिक पांड्या, जितेश शर्मा/ध्रुव जुरेल.

# भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करेगी

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे महिला वनडे विश्व कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है. भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी. इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था.

हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं. विश्व कप हमेशा खास होता है. मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं. जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है. इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह और हरमनप्रीत की टीम के साथी भी उपस्थित थे.

भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है. उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे सीरीज जीती थी. वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू सीरीज खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा.

हरमनप्रीत ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है. यह सीरीज (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे) हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा. हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं. हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रन की जोरदार पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी. उस पारी की यादें अब भी उनके जेहन में ताजा हैं. उन्होंने कहा, 'वह पारी मेरे और महिला क्रिकेट के लिए वाकई बहुत खास थी। उस पारी के बाद मेरे लिए बहुत कुछ बदल गया. हम भले ही फाइनल में हार गए थे लेकिन जब हम वापस लौटे तो बहुत सारे लोग हमारा इंतज़ार कर रहे थे और हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे. मैं उसे याद करके आज भी रोमांचित हो जाती हूं.

## एशिया कप से पहले बीसीसीआई ने वैभव सूर्यवंशी को बुलाया बेंगलुरु

# टीम इंडिया में एंट्री के लिए हो रही स्पेशल ट्रेनिंग!

एजेंसियां। नयी दिल्ली



वैभव सूर्यवंशी के लिए ये साल किसी सपने के जैसे रहा है, पहले आईपीएल में 1 करोड़ से अधिक की राशि के साथ राजस्थान रॉयल्स में शामिल होना. फिर आईपीएल में ऐतिहासिक प्रदर्शन और इस वजह से उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम में भी जगह मिली. बीसीसीआई उन्हें अब खास ट्रेनिंग दे रहा है, हालांकि अभी बोर्ड का ज्यादा ध्यान एशिया कप को लेकर होगा जो सितंबर में खेला जाना है. सूर्यवंशी को ये ट्रेनिंग भविष्य में नेशनल टीम के लिए तैयार करने के लिए हैं.

वैभव सूर्यवंशी की ये ट्रेनिंग एशिया कप को लेकर नहीं है, लेकिन अब जब सीनियर प्लेयर्स धीरे-धीरे रिटायरमेंट ले रहे हैं तो ऐसे में बोर्ड चाहता है कि युवा खिलाड़ियों को तैयार किया जाए. उन्हें बीसीसीआई ने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में स्पेशल ट्रेनिंग के लिए बुलाया है.

**बेंगलूर में स्पेशल ट्रेनिंग कर रहे हैं वैभव सूर्यवंशी :** 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था, वह अब भारत के लिए इस लीग में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं. इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर भी उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया. उन्हें इंग्लैंड से लौटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने भी एक विशेष अभ्यास सत्र के लिए बुलाया था. वहां से वैभव सूर्यवंशी 10 अगस्त को सीधे सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस पहुंचे, जहां उनके लिए मैच-विशिष्ट परिस्थितियों और टेक्निकल ड्रिल्स को ध्यान में रखकर एक स्पेशल ट्रेनिंग तैयार की गई है. उनके बचपन के कोच मनीष ओझा ने माईखेल से बात करते हुए बताया कि यह ट्रेनिंग ऑस्ट्रेलिया की तात्कालिक चुनौती से कहीं आगे की बात है.

**सितंबर में ऑस्ट्रेलिया जाएंगे वैभव सूर्यवंशी :** भारत की अंडर-19 टीम सितंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 यूथ ओडीआई मैच और 2 यूथ टेस्ट मैच खेले जाएंगे. वैभव को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भी अंडर-19 टीम में चुना गया है.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम में चुने गए प्लेयर्स**

आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), राहुल कुमार, डी दीपेश, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, किशन कुमार, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, अनमोलजीत सिंह, अमन चौहान, खिलान पटेल, उधव मोहन.

### बीसीसीआई आगे की सोच रहा-सूर्यवंशी के कोच ने कहा

वैभव सूर्यवंशी के बचपन के कोच ओझा के हवाले से मायखेल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि बीसीसीआई आगे की सोच रहा है. सीनियर प्लेयर्स धीरे-धीरे संन्यास ले रहे हैं और उन जगहों को भरने के लिए युवाओं के अगले बैच को पूरी तरह तैयार होना होगा. वैभव का यह प्रशिक्षण उसी प्रक्रिया का हिस्सा है. हम एक-एक करके खिलाड़ियों को चुनते हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की ज़रूरतों के हिसाब से तैयार करते हैं.₹ उन्होंने आगे कहा, ₹वैभव में पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपनाने की क्षमता है, जो टी20 और वनडे में एक बहुत बड़ी पॉजिटिव बात है. आपने उन्हें आईपीएल, अंडर-19 और विजय हजारे ट्रॉफी में देखा होगा, लेकिन टेस्ट में उनका स्तर वनडे और टी20 की तुलना में थोड़ा गिर जाता है. हमारा लक्ष्य उन्हें टेस्ट में भी और बेहतर बनाना है. उनके द्वारा खेली जाने वाली 10 पारियों में 7-8 तो प्रभावशाली होनी चाहिए.

## मैच से पहले इस मुस्लिम क्रिकेटर ने पिच पर नारियल फोड़ की पूजा



एजेंसियां। मुंबई

भारत में क्रिकेट को पूजा जाता है. जब एक टीम चुनी जाती है तो उसमें न धर्म देखा जाता है और न ही जाती, उसमें सिर्फ उस प्लेयर की काबिलियत ही देखी जाती है. प्लेयर्स भी एक दूसरे के धर्म और रीति-रिवाजों का सम्मान करता हैं. इसका एक उदाहरण मुंबई की कांगा लीग में देखने को मिला, जहां मुस्लिम क्रिकेटर शम्स मुलानी ने हिन्दू रीति रिवाजों से विकेट्स की पूजा की. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. मुंबई में हर साल कांगा लीग का आयोजन होता है, जिसमें मुंबई के लोकल क्रिकेट क्लब खेलते हैं. इस सीजन 10 अगस्त से इसका आयोजन शुरू हो गया है. इस बार आयोजन की शुरुआत करने का अंदाज बेहद खास रहा, जिसने सभी का ध्यान खींचा. शम्स मुलानी ने विकेट्स और पिच की पूजा करके इसकी शुरुआत की. 28 वर्षीय शम्स मुलानी मुस्लिम परिवार से आते हैं, उन्होंने कांगा लीग की शुरुआत विकेट्स और पिच की पूजा के साथ की. वह पहले पिच पर बैठे, मिठाई लाए, फूल इत्यादि चढ़ाए और फिर विकेट के सामने नारियल फोड़कर उसके पानी को विकेट्स पर छिड़का. फिर उन्होंने हाथ जोड़े. ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है. भारत के कई स्टेडियम में पिच का रख रखाव करने वाले कर्मचारी किसी भी टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले जब पिच को तैयार करते हैं तो इसी तरह से पूजा करते हैं. पिच तैयार होने के बाद भी विकेट्स की पूजा करते हैं. कई अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए पिच तैयार करते हुए भी कर्मचारी ऐसा करते हैं.

**आईपीएल में मुंबई के लिए खेल चुके हैं शम्स मुलानी :** शम्स मुलानी इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं. दिल्ली के लिए वह डेब्यू नहीं कर सके, जबकि पिछले साल (2024) में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 2 मैच खेले थे.

## महिला विश्व कप से पहले युवराज ने भारतीय टीम को दी सलाह



एजेंसियां। नयी दिल्ली

आईसीसी महिला वनडे विश्व कप को शुरू होने में अब 50 दिन शेष हैं और भारतीय पुरुष टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भरोसा जताया है कि टीम इस टूर्नामेंट को जीतने की दावेदार है। युवराज 2011 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा हैं और उनके पास घर में वैश्विक टूर्नामेंट खेलने का अच्छा अनुभव है. युवराज सिंह का कहना है कि टीम बस प्रक्रिया का पालन करती रहे, इससे ही उसे सफलता मिलेगी.

युवराज ने कहा, 50 ओवर का विश्व कप भारत में होने जा रहा है और मुझे लगता है कि सभी लोग इसके लिए उत्साहित होंगे. मेरा मानना है कि यह पल हर बार जीवन में नहीं आते हैं. मुझे लगता है कि यह इतिहास रचने का सुनहरा मौका है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप शुरुआत से ही जीतने के बारे में सोचें. आपको पूरे टूर्नामेंट का अनुभव लेना होगा. आप उस पूरी प्रक्रिया में जाएं और देखेंगे कि खुद नतीजे मिलेंगे.

**युवराज ने महिला टीम का समर्थन करने का आग्रह किया** :युवराज ने कहा कि अब समय आ गया है कि जिस तरह हम पुरुष टीम का समर्थन करते हैं, उसी तरह महिला टीम का भी सहयोग किया जाए. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि महिला टीम ने कुछ फाइनल हारे हैं. हम भी वहां थे और यह जरूरी है कि आप उस पल का आनंद लें. आगे की सोचने बजाए उस पल में रहें. हम लोग पुरुष टीम का समर्थन करते हैं और अब समय है कि महिलाओं का भी समर्थन किया जाए.

### युवराज बोले- खुद पर भरोसा रखना जरूरी

युवराज ने कहा, फैंस हमेशा चौके-छक्के लगाते देखना चाहते हैं या विकेट मिलते देखना चाहते हैं, यही खेल है. वे मनोरंजन चाहते हैं, लेकिन मुख्य बात यह है कि अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो आपको उस स्थिति में होना होगा जिसमें आप हैं. मुझे लगता है कि ऐसा भी समय आएगा जब दबाव महसूस होगा और उस वक्त अनुभव और खुद को विश्वास रखना काम आएगा. यह भरोसा होना चाहिए कि मैं इस पल से आगे निकल सकता हूं.

## वीमेंस स्पीड चेस चैंपियनशिप के क्वाफा में पहुंची दिव्या देशमुख

**नयी दिल्ली** । हाल ही में जॉर्जिया में आयोजित फिडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने सोमवार को चीनी जीएम लेई टिंगजी को 10-3 से हराकर विमेंस स्पीड चेस चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली. 19 वर्षीय दिव्या ने शुरुआती राउंड में ही लेई पर दबदबा कायम करते हुए शानदार जीत दर्ज की. अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैंपियन और चीनी जीएम हाउ यीफान से होगा. यह मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा. भारत की एक अन्य प्रतिभागी आर. वैशाली पहले ही बाहर हो चुकी हैं. उन्हें पिछले हफ्ते अमेरिकी आईएम ऐलिस ली के हाथों 6-8 से हार का सामना करना पड़ा था. विमेंस स्पीड चेस चैंपियनशिप एक ऑनलाइन नॉकआउट टूर्नामेंट है जिसमें 16 खिलाड़ी हिस्सा लेती हैं. इनमें आठ क्वालिफायर और आठ सीधे आमंत्रित खिलाड़ी होती हैं. कुल इनामी राशि 75,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें विजेता को 7,000 डॉलर मिलेंगे. पहले और क्वार्टरफाइनल राउंड में तीन सेगमेंट खेले जाते हैं—पहले 45 मिनट तक 5+1 गेम, फिर 30 मिनट तक 3+1 गेम और अंत में 15 मिनट तक 1+1 गेम. सेमीफाइनल और फाइनल में समय अवधि और बढ़ा दी जाती है.

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो की होनेवाली है शादी



एजेंसियां। लिस्बन

दुनिया के मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो जल्द ही शादी करने जा रहे हैं. 5 बच्चों के पिता रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिग्स ने इंस्टाग्राम पर एक ऐसा पोस्ट किया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया. दरअसल काफी समय से दोनों की सगाई की ख़बरें थी, जिस पर जॉर्जिना ने पूर्ण विराम लगा दिया. उन्होंने सगाई की खबरों की पुष्टि कर दी है. पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो और मॉडल जॉर्जिना रोड्रिग्स 8 साल से साथ हैं, 2016 में इनकी डेटिंग शुरू की थी. जॉर्जिना के साथ रोनाल्डो के 4 बच्चे हैं. 2017 में सरोगसी से बच्चे (ईवा मारिया और मैटियो) पैदा हुए थे, एलाना भी 2017 में पैदा हुई थी. 2022 में बेला का जन्म हुआ, उनके साथ पैदा हुए बेटे की जन्म के बाद ही मौत हो गई थी. रोनाल्डो का एक बड़ा बेटा (रोनाल्डो जूनियर) भी है, जिसकी मां के बारे में जानकारी नहीं है.

### जॉर्जिना रोड्रिग्स के इंस्टाग्राम पोस्ट ने मचाया तहलका

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया, जिसमें उनका और रोनाल्डो का हाथ है. जॉर्जिना के हाथ में एक चमचमाती अंगूठी है, जो सगाई की है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, ₹हां, मैंने कर ली है.₹ ये फोटो सऊदी अरब के रियाद का है, उन्होंने पोस्ट के साथ लोकेशन भी शेयर की. इसके बाद यूजर्स उन्हें बधाई देने लगे.

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की नेटवर्थ इंग्लिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो की 2025 में नेटवर्थ 1.45 बिलियन डॉलर है. रोनाल्डो की बेस सैलरी 200 मिलियन डॉलर के करीब है.

**क्रिकेट** | क्या तेंदुलकर-एंडरसन को ट्रॉफी समारोह में आमंत्रित किया गया?

# सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड पर जम कर साधा निशाना

एजेंसियां। मुंबई



भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इंग्लैंड और भारत के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद पुरस्कार समारोह के आयोजन को लेकर इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) पर सवाल उठाए हैं. गावस्कर ने पूछा कि क्या एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ड्रॉ होने के बाद सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन को पुरस्कार समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था?

**एंडरसन-तेंदुलकर के नाम पर खेली गई थी सीरीज :** मालूम हो कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज एंडरसन-तेंदुलकर के नाम से खेली गई थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि यह उचित होता कि तेंदुलकर और एंडरसन, जो उस समय इंग्लैंड में थे, समारोह में उपस्थित होते. भारत ने ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में छह रन से जीत दर्ज कर पांच मैचों की यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई थी. उस मैच में मोहम्मद सिराज चमके थे जिन्होंने कुल नौ विकेट चटकाए थे जिसमें दूसरी पारी में पांच विकेट लेना शामिल है. गावस्कर ने एक कॉलम में लिखा, यह क्रिकेट के दो महानत दिग्गजों, सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर आयोजित पहली सीरीज थी. उम्मीद तो यही थी कि दोनों कप्तानों को ट्रॉफी सौंपने के लिए मौजूद रहेंगे, खासकर जब सीरीज ड्रॉ रही. जहां तक मेरी जानकारी है, दोनों उस समय इंग्लैंड में थे. तो क्या उन्हें आमंत्रित ही नहीं किया गया? या क्या यह वैसा ही था जैसा इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, जब सिर्फ एलन बॉर्डर को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी प्रदान करने के लिए कहा गया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज जीत ली थी? चूंकि इंग्लैंड की यह सीरीज ड्रॉ रही थी, इसलिए शायद दोनों में से किसी को भी प्रस्तुति में शामिल होने के लिए नहीं कहा गया था.

### नाम बदलने पर भी गावस्कर ने उठाए थे सवाल

गौरतलब है कि गावस्कर उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने ट्रॉफी का नाम पटौदी ट्रॉफी से बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी करने पर सवाल उठाया था. इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह भी कहा कि ट्रॉफी का नाम एंडरसन-तेंदुलकर की बजाय तेंदुलकर-एंडरसन रखा जाना चाहिए था. कड़ी प्रतिक्रिया के बाद ईसीबी ने घोषणा की थी कि विजेता कप्तान को पटौदी पदक दिया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि उनका नाम इस हाई-प्रोफाइल सीरीज से जुड़ा रहेगा.

# धौनी ने 11 साल पहले किया था 100 करोड़ की मानहानि का केस

**कोर्ट ने दिया बड़ा आदेश**

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी आईपीएल सट्टेबाजी कांड में अपना नाम घसीटने के लिए दो बड़े मीडिया चैनलों और एक पत्रकार के खिलाफ दायर 100 करोड़ रुपये के मानहानि मामले में अपना बयान दर्ज कराएंगे. मद्रास उच्च न्यायालय ने इस मामले में मुकदमे का आदेश दिया है. जस्टिस सीवी कार्तिकेयन ने एक एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया है. यह कमिश्नर धोनी की ओर से सबूत रिकॉर्ड करेगा. 2013 में आईपीएल में सट्टेबाजी कांड हुआ था. एमएस धौनी ने 2014 में ही मामला दायर किया था. उन्होंने 100 करोड़ रुपये के नुकसान की मांग की है. पूर्व भारतीय कप्तान धौनी का आरोप है कि आईपीएल सट्टेबाजी कांड पर एक टेलीविजन बहस के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक टिप्पणी की गई थी. इससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है. द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार वरिष्ठ वकील पीआर रमन ने धौनी की ओर से एक हलफनामा पेश किया. इसमें मुकदमे को शुरू करने की बात कही गई है. यह मुकदमा अब एक दशक से लंबित है क्योंकि इसमें शामिल पार्टियां वर्षों से राहत मांग रही हैं. हलफनामे में लिखा है, 'उपरोक्त अनुरोध किसी भी अनुचित देरी से बचने और मुकदमे के निष्पक्ष, न्यायपूर्ण और शीघ्र न्यायनिर्णयन का समर्थन करने के इरादे से किया गया है. मैं कहता हूं कि मैं एडवोकेट कमिश्नर के साथ पूरा सहयोग करूंगा. मुकदमे और सबूतों की रिकॉर्डिंग के संबंध में इस माननीय न्यायालय द्वारा जारी सभी निर्देशों का पालन करूंगा.'

2013 का आईपीएल स्पॉट-फिक्सिंग और सट्टेबाजी कांड टी20 लीग के इतिहास में एक बड़ा धब्बा माना जाता है. इसमें तीन क्रिकेटरों को स्पॉट फिक्सिंग में शामिल पाया गया था.

# घर-घर जाकर गो माता के लिए रोटियां जुटाएगा खास वाहन

### युवाओं की है अनूठी पहल

शुभम संदेश। अररिया

फारबिसगंज में मारवाड़ी युवा मंच के युवाओं ने गौ माता की सेवा के लिए एक अनूठी पहल की शुरूआत की है. वही, इस संस्था ने रोटी बैंक रिक्शा की शुरुआत की है, जो ये रिक्शा जन्माष्टमी पर्व के दिन से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10 बजे सुबह तक शहर में घर-घर जाकर गौ माता के लिए रोटी और अन्य खाद्य सामग्री एकत्र करेगा. मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गौरव जैन ने बताया कि यह सेवा जन्माष्टमी पर्व से शुरू हो जाएगी.

यह पहल गो सेवा के प्रति जन सहभागिता और जागरूकता को बढ़ाने और लोगों को गो-संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है. वही, मारवाड़ी युवा मंच के इस पहल को फारबिसगंज शहर के लोगों ने खूब सराहा है. वही, इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष अश्विनी खटोर, महामंत्री निखिल चिरानिया और कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, निशांत गोयल, पूर्व सचिव कुणाल केडिया, जयंत पांडिया, अमन अग्रवाल, प्रमोद केडिया, देवेश गोलछा, विवेक खेमानी समेत कई लोग मौजूद रहे.



# बाढ़ के साथ उत्तर बिहार के आठ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी



शुभम संदेश। पटना

बिहार में लगातार हो रही भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गये पानी से बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में है.कई जिलों के ज्यादातर पंचायतों में बाढ़ के पानी ने लोगों का जीना दुभर कर दिया है. वहीं सरकार की ओर से दी जा रही सहायता कहीं पहुंच रही है तो कही नहीं. भारी बारिश और बाढ़ ने पटना, भागलपुर, बेगूसराय समेत सात जिलों को टापू बना दिया है. गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन, घाघरा, सोन, कमला, अधवारा और कनकाई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे करीब 18 लाख लोग प्रभावित हैं और कई लोगों की मौत हो चुकी है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 12 अगस्त के लिए उत्तर बिहार के आठ जिलों सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा और मधुबनी में बहुत भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट और सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण समेत 11 अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. पटना सहित दक्षिण बिहार के 19 जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी है. पिछले 24 घंटों में शिवहर में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि कटिहार में 140 मिमी, नालंदा में 70 मिमी और पटना में 57 मिमी बारिश हुई. मॉनसून की द्रोणिका दरभंगा से होकर गुजर रही है और बंगाल की खाड़ी से नम हवाओं के कारण 14 अगस्त तक भारी बारिश का दौर जारी रहेगा. सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी है, जबकि सीतामढ़ी, मधुबनी और कटिहार में आंधी-तूफान के साथ 30-40 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. राजधानी पटना में गंगा नदी की स्थिति की बात करे तो दीघा घाट पर 51.62 मीटर और गांधी घाट पर 50.20 मीटर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. भागलपुर में सुल्तानगंज के पास गंगा का पानी एनएच-80 तक पहुंच गया, जिससे सड़क यातायात बंद है. नवगछिया में 15 करोड़ रुपये की लागत से बना रिंग बांध का 70% हिस्सा बह गया, जिससे गोपालपुर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई है. बेगूसराय में बाढ़ के कारण 137 स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र 14 अगस्त तक बंद हैं. भागलपुर, बक्सर, मुंगेर, वैशाली, खगड़िया और बेगूसराय में बाढ़ का पानी घरों और खेतों में घुस गया है.

### नीतीश कुमार ने 125 यूनिट 'मुफ्त बिजली योजना' के लाभुकों से किया संवाद

# कार्यक्रम के माध्यम से 16 लाख विद्युत उपभोक्ता जुड़े

शुभम संदेश। पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के लाभुकों से संवाद किया. इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से 16 लाख विद्युत उपभोक्ता जुड़े. मुख्यमंत्री ने सभी उपभोक्ताओं से सीधे संवाद किया तथा उनकी राय जानी. संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है. इसे राज्यभर में लागू भी कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले राज्य में बिजली का काफी बुरा हाल था. राजधानी पटना में भी 7-8 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं रहती थी. 24 नवम्बर, 2005 को राज्य में हमलोगों की सरकार बनने के बाद बिजली के क्षेत्र में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर काम किया गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा विभाग का बजट बढ़ाया गया तथा बिजली की आपूर्ति बढ़ायी गयी. इसके बाद राज्य के सभी गांवों एवं टोलों में बिजली पहुंचाई गयी. वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के अन्तर्गत 'हर घर बिजली' निश्चय की शुरूआत कर हर घर को बिजली देने का काम निर्धारित समय से दो माह पूर्व अक्टूबर, 2018 में पूरा कर लिया गया. इसके बाद जो भी नए घर या टोले बने हैं, उन सभी को बिजली पहुंचा दी गयी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से ही सभी लोगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराते रहे हैं. बिजली खरीदने में सरकार का काफी ज्यादा पैसा खर्च होता है. लेकिन लोगों को लागत से काफी कम दर पर देना पड़ता रहा है. उन्होंने कहा कि लोगों के हित में हमने यह तय कर दिया है कि जुलाई माह के बिल से ही राज्य के लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को अब प्रति माह 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जायेगी. इसे लागू कर दिया गया है तथा इससे राज्य के 1 करोड़ 89 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ हो रहा है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. सभी सरकारी भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा (सोलर) संयंत्र लगाये गये हैं. अब यह भी तय किया गया है कि सभी इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा का लाभ दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में अनेक जगहों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है. आज के कार्यक्रम में लगभग 16 लाख लोग शामिल हैं. साथ ही इस कार्यक्रम में सभी जिलों के प्रभारी मंत्री एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे हैं. इस कार्यक्रम में कुछ घरेलू उपभोक्ताओं ने अपनी बात भी कही है. मुख्यमंत्री ने कहा, ₹ ऊर्जा तथा योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव शुरू से ही सब काम देख रहे हैं. मैं इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये ऊर्जा विभाग और ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को धन्यवाद देता हूं.₹ उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि इस नई पहल से बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है.

राज्य सरकार इसी तरह से राज्यवासियों के हित में लगातार काम करती रहेगी. आज के इस कार्यक्रम से जुड़े हुए सभी बिजली उपभोक्ताओं को धन्यवाद देता हूं. मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया. आज के कार्यक्रम में सभी जिलों के विद्युत उपभोक्ता जुड़े हुए थे. सुपौल, नालंदा, मुजफ्फरपुर एवं गयाजी जिले की महिला उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ संवाद भी किया.

## न्यूज अपडेट

### बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**कटिहार।** सावन के पावन महीने में बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में इस बार जलाभिषेक करने आये श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड में स्थित इस मंदिर में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, नेपाल और भूटान सहित कई देशों से कांवरियों की टोली आती है. गोरखनाथ धाम कमिटी के अनुसार, इस वर्ष सावन में जलाभिषेक करने आये श्रद्धालुओं से चांदी और सोने के आभूषणों के अलावा दानपात्र और चंदे के रूप में कुल 46 लाख 80 हजार 684 रुपये नगद प्राप्त हुए हैं. इसके अलावा मंदिर में दान स्वरूप चांदी के आभूषणों में सात त्रिशूल, चार चेन, चांदी के 12 छोटे टुकड़े और सोने के दो छोटे टुकड़े प्राप्त हुए हैं.

### कारोबारी की गला रेतकर हत्या, लोगों में दहशत

**मोतिहारी।** चकिया अनुमंडल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती देती एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. परसौनी गांव निवासी अनाज कारोबारी नीरज कुमार की अपहरण के बाद गला रेतकर हत्या कर दी गई. घटना के पीछे फिरौती की मांग पूरी न होना बताया जा रहा है. मृतक नीरज, कल्याणपुर थाना क्षेत्र में थोक और खुदरा अनाज व्यापार करते थे. जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने नीरज से दो लाख रुपये की फिरौती मांगी थी. लेकिन रकम न मिलने पर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी गई. पुलिस ने इस मामले में आरोपी शुभम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. जांच में सामने आया कि शुभम साइबर फ्रॉड के पैसों का लेन-देन नीरज के बैंक खाते से करता था. जब नीरज ने इसका विरोध किया, तो विवाद इतना बढ़ गया कि बात हत्या तक पहुंच गई.

### इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, प्रेमी संग भागी विवाहिता

**नालंदा।** कतरीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत छाछुबिगहा गांव में सोशल मीडिया की एक दोस्ती ने वैवाहिक जीवन में भूचाल ला दिया. गांव निवासी कैलू राम की पुत्री निशा कुमारी की शादी मात्र चार महीने पूर्व राजगीर विस्थापित नगर निवासी सोनू कुमार से हुई थी. परंतु शादी के बाद भी वह जमुई जिले के मंजोश गांव निवासी रितिक कुमार से इंस्टाग्राम पर लगातार संपर्क में थी. करीब छह महीने से दोनों के बीच ऑनलाइन बातचीत चल रही थी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई. कुछ दिन पूर्व निशा मायके आई और फिर प्रेमी के बुलावे पर घर से गायब हो गई. काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो मां सविता देवी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई.

### जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो गिरफ्तार

**खगड़िया।** परबत्ता नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 में मंगलवार को ज़मीन के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद हिंसक रूप ले बैठा. सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दो युवक सड़क पर खुलेआम हथियार लहराते हुए दिखाई दिए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. जानकारी के अनुसार, वार्ड 17 निवासी शिवा मल्लिक और फूलनचंद मल्लिक के बीच लंबे समय से पारिवारिक ज़मीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था. मल्लिक समाज की परंपरा के अनुसार, बंटवारे के बाद प्रत्येक व्यक्ति को अपने हिस्से के गांव में ही रहना होता है, और दूसरे हिस्से में प्रवेश वर्जित होता है. इसी प्रथा को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि शिवा मल्लिक का पुत्र गोविंद मल्लिक और उसका फूफेरा भाई गौतम मल्लिक हथियार लेकर सड़क पर उतर आए. वीडियो में दोनों युवक इधर-उधर दौड़ते और हथियार लहराते नज़र आ रहे हैं.

### हादसे में एएसआई जितेंद्र सिंह की दर्दनाक मौत

**नालंदा।** मुफस्सिल थाना में तैनात एएसआई जितेंद्र कुमार सिंह की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई. 51 वर्षीय जितेंद्र सिंह वैशाली ज़िले के दिलावरपुर गाँव के निवासी थे और ड्यूटी पर एक केस की जांच के सिलसिले में पटना के महुआ जा रहे थे. चंडी थाना क्षेत्र के कचरा भेड़िया गाँव के पास फोरलेन पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को तुरंत बिहार शरीफ़ के मॉडल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सिर और पैर में गहरी चोटों के चलते डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया था, मगर रास्ते में ही उनका निधन हो गया. इस ख़बर के मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया. उनकी पत्नी और बच्चों की चीखों से अस्पताल का माहौल ग़मगीन हो गया. साथ काम करने वाले पुलिसकर्मी भी अपने आंसू नहीं रोक पाए. सहकर्मियों के अनुसार, जितेंद्र सिंह एक ईमानदार, बहादुर और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे.

## कारोबार

### दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश दिया है कि दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को दो महीने के भीतर पकड़कर शेल्टर होम में रखा जाए. हालांकि यह आदेश व्यवहार में लागू करना बेहद चुनौतीपूर्ण और खर्चीला साबित हो सकता है. राजधानी में फिलहाल करीब 10 लाख आवारा कुत्ते हैं, लेकिन नगर निगम के पास मौजूद अस्थायी एबीसी केंद्रों में महज़ 3,500-4,000 कुत्तों को ही एक साथ रखा जा सकता है. यदि प्रत्येक कुत्ते को प्रतिदिन 40 की दर से खाना दिया जाए, तो रोज़ाना 4 करोड़ और सालाना लगभग 1,400 करोड़ का खर्च आएगा.

### टैक्स रिफंड बढ़ने से सरकार की आय घटी

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में सरकार के लिए डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन चिंता का विषय बनता जा रहा है. हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 11 अगस्त के बीच नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 3.95% घटकर 6.64 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है. टैक्स कलेक्शन में गिरावट का मुख्य कारण रिफंड्स में तेज़ी से हुआ इज़ाफा बताया जा रहा है. हैरानी की बात यह है कि रिफंड से पहले का ग्रॉस टैक्स कलेक्शन भी उम्मीद से कम रहा है, जिससे सरकार की कुल आमदनी पर दबाव बढ़ा है. कंपनी टैक्स से 2.29 लाख करोड़ रुपये और नॉन-कंपनी टैक्स से 4.12 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ है.

### ग्लोबल मार्केट से भारतीय बाजार के लिए मिले-जुले संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज भारतीय बाजार के लिए मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं. अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए. हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है. यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा. वहीं एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है.

### पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर : वर्दी के साथ अरबों का कारोबार

# धमकियों के पीछे सत्ता व संपत्ति का खेल

एजेंसी। नयी दिल्ली



पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं और भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं. कभी मिसाइल हमले की धमकी, तो कभी परमाणु हमले की बात, इन दिनों वह चर्चा में बने हुए हैं. लेकिन सवाल यह है कि क्या ये धमकियां सिर्फ सैन्य रणनीति का हिस्सा हैं, या इसके पीछे कोई बड़ा राजनीतिक और आर्थिक हित भी छिपा है? दरअसल, पाकिस्तानी सेना को सिर्फ एक सैन्य संस्था समझना भूल होगी. यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी कारोबारी ताकत भी है. सेना के अधीन 100 से अधिक कंपनियां चलती हैं, जो रियल एस्टेट, बैंकिंग, डेयरी, ट्रांसपोर्ट और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में काम करती हैं. ये कंपनियां अरबों डॉलर का मुनाफा कमाती हैं, जिससे सेना और उसके बड़े अधिकारियों को भारी लाभ होता है. ऐसे में पाकिस्तान के आर्मी चीफ का पद किसी सैन्य अधिकारी से ज्यादा एक शक्तिशाली कॉर्पोरेट सीईओ जैसा है.

जनरल असीम मुनीर खुद भी इस आर्थिक साम्राज्य का एक बड़ा चेहरा हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी कुल संपत्ति करीब 800,000 अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 7 करोड़ रुपये है. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि पाकिस्तान में सेना की वर्दी सिर्फ बंदूक नहीं, बल्कि संपत्ति और सत्ता का प्रतीक भी है. पाकिस्तानी लेखिका आयशा सिद्दीका ने अपनी चर्चित किताब मिलिट्रि इंक में इस पर विस्तार से प्रकाश डाला है. उन्होंने बताया कि सेना कैसे कल्याणकारी संगठनों की आड़ में बड़े-बड़े व्यावसायिक साम्राज्य खड़े करती है. फौजी फाउंडेशन, आर्मी वेलफेयर ट्रस्ट, शाहीन फाउंडेशन और बहरिया फाउंडेशन जैसे संगठन दिखने में भले ही सामाजिक लगें, लेकिन ये पूरी तरह से मुनाफाखोर कंपनियों की तरह काम करते हैं.

कराची, लाहौर और इस्लामाबाद जैसे शहरों में सेना अक्सर ₹राष्ट्रीय सुरक्षा₹ के नाम पर जमीन अधिग्रहित करती है और बाद में वहां डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) जैसे हाई-एंड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट खड़े कर देती है. डीएचए की बाजार में अरबों डॉलर की वैल्यू है और यह पाकिस्तान की सबसे मुनाफेदार रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है. विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तानी सेना की व्यावसायिक गतिविधियों का कुल मूल्य 40 से 100 अरब अमेरिकी डॉलर के बीच हो सकता है. ये आंकड़े यह दिखाते हैं कि पाकिस्तान में सेना केवल देश की रक्षा नहीं करती, बल्कि आर्थिक रूप से भी देश पर अपना नियंत्रण बनाए रखती है. इसलिए जब जनरल असीम मुनीर भारत को धमकी देते हैं, तो उसे सिर्फ एक सैन्य प्रतिक्रिया मानना सही नहीं होगा. यह एक ऐसी व्यवस्था का हिस्सा है, जिसमें सत्ता, संपत्ति और सैन्य ताकत का मिला-जुला खेल चलता है — और उस खेल के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं पाकिस्तान के आर्मी चीफ.

### विनय अग्रवाल | करियर की तलाश में विदेश जानेवाले भारतीयों के लिए चेतावनी

# पश्चिमी देशों में अब अच्छे दिन नहीं बचे

एजेंसी। नयी दिल्ली



विदेश में नौकरी करने का सपना आज भी लाखों भारतीयों के दिल में बसता है. अच्छी पढ़ाई-लिखाई के बाद कई युवा भारत छोड़कर पश्चिमी देशों में बेहतर जीवन और करियर की तलाश में निकल पड़ते हैं. लेकिन अब इस सपने को लेकर इंडोविजन सर्विसेज के सीईओ विनय अग्रवाल ने एक बड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा है कि अगर कोई भारतीय विदेश को ₹अच्छे दिनों₹ की उम्मीद में देख रहा है, तो उसे अपनी सोच बदलनी होगी, क्योंकि भारतीयों के लिए पश्चिमी देशों में अब पहले जैसे अच्छे दिन नहीं रहे. विनय अग्रवाल ने यह विचार अपने एक लिंक्डइन पोस्ट में साझा किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. उन्होंने लिखा कि अब विदेशों, खासकर पश्चिमी देशों में नौकरी पाना पहले की तरह आसान नहीं रहा. वहां का माहौल प्रवासियों के लिए अब उतना अनुकूल नहीं रहा, जितना पहले हुआ करता था. उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीयों को अब आधी सैलरी के बदले दोगुना काम करना पड़ता है, प्रमोशन की संभावनाएं कम हो गई हैं और काम की जगहों पर अनदेखी आम बात हो गई है.

अग्रवाल ने यह भी कहा कि कई भारतीय वहां अकेलेपन, भेदभाव और सांस्कृतिक दूरी का सामना करते हैं. वे अपने अनुभवों को रिश्तेदारों से छिपाते हैं और अक्सर विदेश की केवल अच्छी तस्वीर पेश करते हैं ताकि उनके फैसले पर सवाल न उठें. उन्होंने चेतावनी दी कि विदेश जाकर बसने की चाहत में लोग अपने परिवार, रिश्ते और संस्कृति से दूर हो जाते हैं, जिससे तलाक की दर भी बढ़ रही है और बच्चे भारतीय मूल्यों से दूर हो रहे हैं. उनके अनुसार, विदेश में सफल होने वाले भारतीय भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होते क्योंकि वे अपनी जड़ों से कट जाते हैं. उन्होंने यह सलाह दी कि विदेश जाने से पहले लोग वहां कुछ समय बिताएं, अनुभव लें और केवल रिश्तेदारों की बातों पर भरोसा न करें. विनय अग्रवाल ने साफ कहा कि विदेश में ₹दूसरे दर्जे का नागरिक₹ बनने से अच्छा है कि भारत में रहकर ₹पहले दर्जे का नागरिक₹ बनें. उनकी इस पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं. कुछ लोग उनकी बातों से सहमत हैं, तो कुछ इसे नकारात्मक सोच बता रहे हैं. फिलहाल इतना तय है कि विदेश जाने का सपना देखने वालों को अब और अधिक सोच-समझकर फैसला लेना होगा.

### हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर की स्टॉक मार्केट में एंट्री

**नई दिल्ली।** इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और मैनेजमेंट कंपनी हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 70 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 117 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 115 रुपये के स्तर पर हुई. इस तरह स्टॉक मार्केट में एंट्री करने के साथ ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 67 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर उछल कर 122.84 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 75 प्रतिशत से अधिक का मुनाफ हो चुका है. हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर का 130 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 316.64 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

### डीपीआईआईटी ने जेप्टो के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. ये समझौता हार्डवेयर, आईओटी, पैकेजिंग और दीर्घकालिक विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस समझौता ज्ञापन पर डीपीआईआईटी के निदेशक डॉ. सुमीत जारंगल और जेप्टो के सह-संस्थापक कैवल्य वोहरा ने हस्ताक्षर किए हैं. इस सहयोग का उद्देश्य छह महीने के एकाग्र कार्यक्रम के माध्यम से स्टार्टअप्स की खोज और उनका मार्गदर्शन करना है. यह कार्यक्रम हार्डवेयर, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, पैकेजिंग और दीर्घकालिक विनिर्माण के क्षेत्रों में तकनीक विकसित करने वाले स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान करेगा. वे जेप्टो के वितरण और डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग करके प्रोटोटाइप से बाजार तक के लिए तैयार समाधानों का विकास कर सकेंगे.

### सिट्रोएन इंडिया ने सिट्रोएन सीउएक्स लॉन्च की

**मुंबई।** सिट्रोएन 2.0 - शिफ्ट इन टू द न्यू स्ट्रेट्जिक प्लान के अंतर्गत, सिट्रोएन इंडिया ने आज नई सिट्रोएन सी3एक्स रेंज लॉन्च की. यह इसकी लोकप्रिय एसयूवी-स्टाईल की कार का बोल्ड रूपांतरण है. इसमें 15 नए इंटैलिजेंट फीचर्स दिए गए हैं. सिट्रोएन सी3 हर सफर में बेहतर कम्फर्ट, टेक्नोलॉजी पर केंद्रित सुविधाएं और सुरक्षा प्रदान करती है. यह अपने सेगमेंट में सबसे किफायती मूल्य में होने के कारण आसानी से खरीदी जा सकती है, जिससे इसे प्रतिस्पर्धी बढ़त मिलती है. इसकी इनोवेटिव विशेषताओं में सिट्रोएन का प्रॉक्सी-सेंस पैसिव एंट्री और पुश स्टार्ट सिस्टम है, जो ट्रू हैंडस-फ्री अनुभव प्रदान करने वाला सेगमेंट का सबसे बेहतर फीचर है. जहाँ पारंपरिक की-लेस सिस्टम के लिए यूज़र्स को रिक्वेस्ट सेंसर को दबाना पड़ता है, वहीं प्रॉक्सी सेंस, जब भी चाबी वाहन के नजदीक होती है, तो उसे ऑटोमैटिक रूप से अनलॉक कर देता है, और जब आप दूर जाते हैं, तो उसे लॉक कर देता है.

### नई निसान मैग्नाइट के लिए एक्सटेंडेड वारंटी प्लान

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने आज नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह का पहला 10 साल का एक्सटेंडेड वारंटी प्लान लॉन्च किया. यह सेगमेंट में अपनी तरह का पहला प्लान है, जो गुणवत्ता, भरोसे और मन के सुकून को लेकर ब्रांड की लॉन्ग-टर्म कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) को दर्शाता है. एओपी (एडल्ट ऑक्युपेंट सेफ्टी) में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग के साथ ओवरऑल पैसेंजर सेफ्टी में नई निसान मैग्नाइट को 5-स्टार रेटिंग मिलने की सफलता के बाद कंपनी ने इस एक्सटेंडेड प्लान का एलान किया है.इसमें 3 साल की स्टैंडर्ड वारंटी के साथ 10 साल तक की एक्सटेंडेड वारंटी का फ्लेक्सिबल प्लान मिलेगा. इस प्लान में 10 साल/2 लाख किलोमीटर तक के लिए 22 पैसे प्रति किलोमीटर या 12 रुपये प्रति दिन के किफायती दाम पर सुरक्षा मिल सकेगी.

### ओप्पो इंडिया ने 13 टर्बो प्रो 5जी किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** ओप्पो इंडिया ने ओप्पो के 13 टर्बो सीरीज 5जी पेश की है. इस सीरीज़ में दो स्मार्टफोन हैं, ओप्पो के 13 टर्बो प्रो 5 जी और ओप्पो के 13 टर्बो 5 जी ये बिल्ट-इन कूलिंग फैन के साथ आने वाले भारत के पहले स्मार्टफोन हैं, जो स्मार्टफोन थर्मल मैनेजमेंट में नए मानक स्थापित कर रहे हैं. इन्हें शानदार परफॉर्मेंस और मल्टीटास्किंग के लिए डिज़ाईन किया गया है. इसलिए यह सीरीज़ गेमिंग, हैवी मल्टीटास्किंग, और लंबे समय तक आउटडोर इस्तेमाल के लिए उत्तम है. इसमें आधुनिक एक्टिव और पैसिव थर्मल डिज़ाईन, शक्तिशाली प्रोसेसर, और 80वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग के साथ 7,000एमएएच की दमदार बैटरी दी गई है. यह 120हट्र्ज़ आई-फ्रेंडली ई-स्पोर्ट्स लेवल की फ्लैट स्क्रीन के साथ आता है. के 13 टर्बो सीरीज भारी टास्क के लिए भी सतत और हाई-परफॉर्मेंस अनुभव प्रदान करती है. इसलिए यह आज के डायनामिक और परफॉर्मेंस पर केंद्रित युवाओं के लिए उत्तम सीरीज़ है. इस सीरीज़ के 8जीबी+128जीबी वैरिएंट शुरुआती मूल्य 27,999 रुपये तथा 8जीबी+256जीबी वैरिएंट का शुरुआती मूल्य 29,999 रुपये है. ओप्पो के 13 टर्बो 5 जी तीन रंगों - व्हाईट नाईट, पर्पल फैंटम, और मिडनाईट मैवेरिक में उपलब्ध होगा.

## न्यूज अपडेट

### केंद्र सरकार ने चार नई सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत के सेमीकंडक्टर मिशन के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई है. इससे अब छह राज्यों में कुल 10 यूनिट स्थापित किए जाने को मंजूरी मिल गई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ओडिशा, पंजाब और आंध्र प्रदेश में 4,600 करोड़ के निवेश से चार सेमीकंडक्टर उत्पादन यूनिट स्थापित करने को मंजूरी दी. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में बताया कि इससे 2034 स्किल प्रोफेशनल को रोजगार मिलेगा. साथ ही यह भारत में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग अर्थतंत्र को बनाने में मददगार होगा.

### जैसलमेर के भांगू गांव के रहनेवाले जलालुद्दीन उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे

**जैसलमेर।** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए जैसलमेर जिले के भागू केगांव निवासी जलालुद्दीन ने नामांकन पत्र दाखिल किया है. जलालुद्दीन ने अब तक छात्रसंघ, वार्ड पंच, विधायक व सांसद के चुनाव लड़े हैं और अब उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में अपनी ताल ठोंक दी है. जलालुद्दीन सोमवार को दिल्ली में नामांकन दाखिल करने के बाद मंगलवार दोपहर जैसलमेर पहुंचे. जलालुद्दीन ने बताया कि भारत के लोकतंत्र में सभी नागरिकों को चुनाव लड़ने का अधिकार प्राप्त है. नामांकन के दौरान उनका प्रस्तावक कोई नहीं था. उन्होंने यह भी बताया कि 22 तारीख तक वे इस पद की दौड़ में है. उसके बाद प्रस्तावक नहीं होने से उनका फार्म निरस्त हो जाएगा और 15 हजार रुपये की जमा राशि पुनः वापस कर दी जाएगी.

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों पर लोग अब खुलकर बात कर रहे हैं: वेणुगोपाल

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और कथित वोट चोरी को लेकर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद देशभर में लोग मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ियों को समझने लगे हैं और अब खुलकर विसंगतियों की बात कर रहे हैं. वेणुगोपाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि लोगों को यह एहसास हो रहा है कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है. यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह इन चिंताओं का समाधान करे.

### नेपाल में ऑटो शो के दौरान इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार लॉन्च करने की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल में अगले हफ्ते एक इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार को लॉन्च करने की तैयारी की गई है. चीन की एक कार निर्माता कंपनी की तरफ से 19 से 24 अगस्त तक काठमांडू में होने वाले ऑटो शो के दौरान इस कार को लॉन्च किया जायेगा. नेपाल के मैनेजिंग डायरेक्टर विष्णु अग्रवाल ने बताया कि उनकी कंपनी नेपाल की पहली कंपनी के रूप में अपना रिकॉर्ड दर्ज करने जा रही है. ऑटो शो के दौरान विद्युतीय गाड़ियों के अलावा फ्लाइंग कार को भी लॉन्च किया जा रहा है, जो देश के मोटर वाहन और विमानन क्षेत्रों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है. बताया कि ईएच 216-एस क्रांतिकारी पायलट रहित इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ़ एंड लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान है.

### कुलगाम में अखल के जंगल में आतंकवाद रोधी अभियान जारी

**कुलगाम।** कुलगाम में अखल के जंगल में आतंकवाद-रोधी अभियान मंगलवार को 12वें दिन भी जारी है. सुरक्षा बलों ने जंगल की प्राकृतिक गुफाओं और घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए अपनी ताकत दोगुनी कर दी है. एक अधिकारी ने कहा कि अभियान अभी भी जारी है. सुरक्षा बल गुफा जैसी संरचनाओं में छिपे आतंकवादियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जंगल में मौजूद आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित माने जा रहे हैं क्योंकि वह ड्रोन से बचने के लिए घने जंगलों का फायदा उठा रहे हैं. जिले के अकाल वन क्षेत्र में 1 अगस्त को शुरू हुई मुठभेड़ में सेना के दो जवान बलिदान हो गए हैं जबकि नौ अन्य घायल हो गए हैं.

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान सीमा पर तीन आतंकियों को मार गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मंगलवार को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित सांबाजा इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे तीन आतंकवादियों को मार गिराया. पिछले पांच दिनों में सुरक्षा बलों ने सीमा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए कम से कम 47 आतंकवादियों को ढेर किया है. सांबाजा की घटना के बाद अब यह संख्या बढ़कर 50 हो गई है. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार यह दावा पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में किया है. आईएसपीआर ने कहा है कि सुरक्षा बलों ने सांबाजा इलाके में घुसपैठ रोकने के लिए 10 और 11 अगस्त की रात तलाशी अभियान शुरू किया.



## धराली आपदा का आठवां दिन : लापता लोगों की तलाश में अभियान हुआ तेज


**देहरादून।** उत्तरकाशी में धराली आपदा के बाद हर्षिल में गंगा भागीरथी नदी में बनी झील से पानी की निकासी के साथ ही लापता लोगों की खोज को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है. इसके अलावा प्रशासन ने आपदा में अपने घर खो चुके लोगों को 5-5 लाख की तत्काल सहायता के चेक भी वितरित किए हैं. गंगोत्री र के विधायक सुरेश चौहान ने बताया कि प्रभावितों को सहायता राशि दे दी गई है और अब लापता की तलाश को लेकर अभियान तेज किया जा रहा है. धराली आपदा का आज आठवां दिन है. आपदा प्रभावित क्षेत्रों में फंसे सभी लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू का कार्य पूरा होने के बाद अब लापता लोगों की तलाश पर सरकार फोकस है. गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडे ने भी आपदा की समीक्षा की और उन्होंने अब झील से पानी की निकासी के साथ ही लापता की खोज तेजी से करने के निर्देश दिए हैं. गढ़वाल मंडल के आयुक्त के अनुसार, 43 लोग लापता हैं और उन्हें जल्द खोजने जाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं. हर्षिल में बनी झील से पानी की निकासी को लेकर प्रयास तेज किए गए. सोमवार को झील से मलबा हटाते वक्त एक जेसीबी भी झील में समा गई. चालक, परिचालक ने जेसीबी से कूद कर जान बचाई. झील से पानी की निकासी के लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम, सिंचाई विभाग के साथ अन्य विभाग भी लगातार जुटे हुए हैं. जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने कहा कि निचले इलाकों को सर्तक किया गया है और जल्द ही झील से पानी की निकासी सुरक्षित तरीके से कर ली जाएगी. गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी में वैली ब्रिज से वाहनों की आवाजाही होने के बाद अब डबरानी में मार्ग पर आवाजाही शुरू करने का कार्य भी आज तेज हुआ है.

## अहमद पटेल के बेटे फैसल ने की पीएम मोदी की तारीफ, कहा
# देश सुरक्षित हाथों में है

**एजेंसियां । नयी दिल्ली**

कांग्रेस के दिवंगत वरिष्ठ नेता और सोनिया गांधी के भरोसेमंद रहे अहमद पटेल के बेटे फैसल पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की खुलकर तारीफ की है. उन्होंने हाल ही में संपन्न 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश को एक बड़े संकट से सफलतापूर्वक बाहर निकालने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता अत्यंत प्रभावशाली रही. फैसल पटेल ने कहा, ₹इससे बेहतर नेतृत्व नहीं हो सकता, जो शो चला रहे हैं. सशस्त्र सेनाओं ने अद्भुत कार्य किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतरीन नेतृत्व दिखाया है. देश को एक बड़ी चुनौती से बाहर निकालने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है.₹ फैसल पटेल ने पीएम मोदी के साथ-साथ गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की भी सराहना की. उन्होंने कहा, ₹मुझे अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है. मैं डॉ. एस जयशंकर का बहुत सम्मान करता हूं. मोदी जी जिस तरह से योग्य ब्यूरोक्रेट्स को चुनकर उन्हें नेता बनाते हैं और मंत्रालयों की जिम्मेदारी देते हैं, वह काबिले तारीफ है.₹





उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा सरकार बहुत मेहनत कर रही है. ₹देश में महंगाई, बेरोजगारी जैसी कई समस्याएं हैं, लेकिन इन नेताओं की मेहनत और समर्पण को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.₹ फैसल ने सुधांशु त्रिवेदी की भी सकारात्मक भूमिका की चर्चा की. जहां एक ओर फैसल पटेल ने भाजपा सरकार की तारीफों के पुल बांधे, वहीं उन्होंने कांग्रेस की मौजूदा स्थिति पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा, ₹मैं अभी भी कांग्रेस पार्टी में हूं. यह पार्टी मेरे लिए परिवार की तरह है और इसके नेताओं से मेरे अच्छे संबंध हैं. लेकिन कांग्रेस की खुद की एक अलग दुनिया चल रही है, उन्हें समझ नहीं आता कि क्या करना है और किस दिशा में जाना है.₹

उन्होंने आगे कहा कि इसी असमंजस का फायदा भाजपा उठा रही है और वह पूरा राजनीतिक नियंत्रण चाहती है. हालांकि, उन्होंने राहुल गांधी की निडरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे डटे हुए हैं और जनता के मुद्दों पर संघर्ष कर रहे हैं. फैसल पटेल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस पार्टी 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार पर सवाल उठा रही है. ऐसे में पार्टी के अंदर से ही आए इस समर्थन को राजनीतिक गलियारों में बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है. उनके पिता अहमद पटेल को कांग्रेस का संकटमोचक कहा जाता था और वे पार्टी के सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में गिने जाते थे. अब उनके बेटे का इस तरह से कांग्रेस पर सवाल उठाना और भाजपा सरकार की सराहना करना पार्टी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है. इससे कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में हलचल और असंतोष की स्थिति और बढ़ सकती है.

## पाकिस्तान के सीजेपी ने लाहौर हाईकोर्ट की टिप्पणी पर सवाल उठाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी ने आज अपदस्थ प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की नौ मई 2023 के आठ मामलों में जमानत याचिकाओं पर लाहौर उच्च न्यायालय की कुछ टिप्पणियों पर सवाल उठाए. मुख्य न्यायाधीश अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आज जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की. पीठ में न्यायमूर्ति मोहम्मद शफी सिद्दीकी और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब शामिल हैं. डान अखबार की खबर के अनुसार नवंबर, 2024 में लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने दंगों से संबंधित इन मामलों में इमरान को जमानत देने से इनकार कर दिया था. इनमें एक मामला लाहौर कोर कमांडर के घर पर हमला भी शामिल था. जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान ने निचली अदालत के फैसले को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी. 24 जून को लाहौर उच्च न्यायालय ने खान की याचिका खारिज कर दी. इसके कुछ दिन बाद इमरान खान ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायायल का रुख किया. इमरान खान की तरफ से आज उच्चतम न्यायालय में बैरिस्टर सलमान सफदर पेश हुए.

## श्योपुर : मादा चीता ज्वाला को वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू

**एजेंसियां । भोपाल**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जनपद स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से राजस्थान के सवाई माधोपुर जनपद स्थित रणथंभौर अभयारण्य में पहुंची मादा चीता 'ज्वाला' को वन विभाग की टीम ने मंगलवार को रेस्क्यू कर लिया है. रेडियो कॉलर की मदद से लोकेशन ट्रेस करते हुए कूनो की टीम मौके पर पहुंची और विशेषज्ञों की मदद से ज्वाला को बेहोश कर वाहन से सुरक्षित कूनो लाया गया. दरअसल, सवाई माधोपुर का बालेर गांव मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले से सटा हुआ है. मादा चीता ज्वाला को कूनो के खुले बाड़े में रखा गया है. यहां से वह 130 किलोमीटर दूर सवाई माधोपुर जिले के बालेर गांव पहुंच गई. सोमवार देर शाम ज्वाला को रणथंभौर पार्क क्षेत्र में देखा गया, जो एक दिन पूर्व मानपुर और काशीपुर (मध्यप्रदेश) में देखी गई थी. इसके बाद दोनों राज्यों की वन्यजीव टीमें अलर्ट पर थीं. उसकी मूवमेंट पर सुरक्षा कैमरों और रेडियो कॉलर के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही थी. मंगलवार अलसुबह राजस्थान के बहरावंडा कलां थाना क्षेत्र के करीरा गांव में उसने दो बकरियों का शिकार कर लिया. घटना के बाद से वह बकरियों के बाड़े के पास ही मौजूद रही. मंगलवार सुबह 6 बजे ग्रामीणों ने बाड़े में चीता को देखा तो टाइगर रिजर्व टीम को सूचना दी. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन चीता के एग्रेसिव होने कारण टीम रेस्क्यू नहीं कर पाई. इसके बाद कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों को जानकारी दी गई. मौके पर मध्य प्रदेश के कूनो अभयारण्य की ट्रैकिंग टीम और राजस्थान वन विभाग की टीम उस पर नजर रख रही थी. कूनो नेशनल पार्क की टीम सुबह करीब 10 बजे बालेर गांव पहुंची और 15 मिनट में ज्वाला को ट्रैंकुलाइज कर कूनो ले आई. वन विभाग ने कहा था कि फिलहाल वह सुरक्षित है, लेकिन रणथंभौर में पहले से मौजूद बाघों के साथ आमना-सामना होने पर खतरे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता. सिंह परियोजना के सीसीएफ उत्तम शर्मा ने बताया कि यह मूवमेंट संभवतः ज्वाला के नए क्षेत्र की तलाश और शिकार की उपलब्धता से जुड़ा है. ऐसे मामलों में जंगली जीव अक्सर अपने पुराने क्षेत्र से निकलकर नए इलाकों में जाते हैं, जहां उन्हें पर्याप्त शिकार और अनुकूल वातावरण मिल सके. उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश और राजस्थान की वन विभाग टीमें सतर्कता बरत रही थीं. ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और वन विभाग को किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत देने के निर्देश दिए गए थे.

## भारत-पाक सीमा पर साढ़े आठ करोड़ की हेरोइन जब्त

**बीकानेर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की खुफिया सूचना पर पुलिस के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान भारत-पाकिस्तान अन्तरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक 1.665 किलो हेरोइन जब्त की गयी है. बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में लगभग 8.50 करोड़ रुपये बताई गई है. उपसमादेष्टा इंटेलिजेंस ब्रांच बीकानेर के महेश चंद जाट ने मंगलवार को बताया कि लोकल पुलिस खाजूवाला के साथ ग्राम 21 बी डी के एरिया में एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया. इस दौरान बंदरी पोस्ट के नजदीक कीचड़ में पैकेट मिला. खोलने पर इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली. यह पैकेट छह



अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था. इसी पोस्ट पर दो साल पहले तत्कालीन डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने तीन सौ करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की थी, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी. जाट ने बताया कि बीएसएफ बीकानेर की इंटेलीजेंस ब्रांच बॉर्डर एरिया में बहुत ही सतर्कता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रही है, ताकि इस क्षेत्र को नशे और अपराध मुक्त बनाया जा सके.

## गाजा पट्टी पर इजराइल के हमले में नौ नागरिक मारे गए

**गाजा पट्टी।** इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के आज सुबह खान यूनिस और गाजा सिटी में हुए हमलों में नौ नागरिकों के मारे जाने का दावा किया गया है. फिलिस्तीनी प्राधिकरण की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा (डब्ल्यूएएफए) ने दो अस्पतालों के सूत्रों के हवाले से यह खबर प्रसारित की है. गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि खान यूनिस के अल-मजयदा इलाके में आईडीएफ ने एक तंबू को निशाना बनाया. इस हमले के बाद पांच शव और कई घायलों को अस्पताल लाया गया. ऐसा ही एक दावा गाजा सिटी स्थित बैपटिस्ट अस्पताल के सूत्रों ने किया है. गाजा सिटी के इस अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, शहर के दक्षिण-पूर्व में अल-जैतून इलाके में अल-फारूक मस्जिद के पास अल-होसरी परिवार के घर पर इजराइली बलों ने बमबारी की. इस हमले में चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. वफा के अनुसार, सोमवार रात गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजराइली गोलाबारी में 13 नागरिक मारे गए और अन्य कई घायल हो गए. आईडीएफ ने गाजा पट्टी के उत्तर-पश्चिम में अल-सुदानिया इलाके में सहायता चाहने वालों को निशाना बनाया.

## चुनाव आयोग का निर्देश नहीं मानने पर मुख्य सचिव दिल्ली तलब

**एजेंसियां । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के राज्य सचिवालय नवान्न और भारत निर्वाचन आयोग के बीच टकराव अब चरम पर पहुंच गया है. राज्य सरकार ने चार अधिकारियों के निलंबन और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के चुनाव आयोग के आदेश को मानने से इनकार कर दिया था. इसके बाद आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को दिल्ली तलब कर लिया है. उन्हें बुधवार शाम पांच बजे तक आयोग में पेश होने का निर्देश दिया गया है. मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी करने के आरोप में बारुईपुर पूर्व (137) विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ देवोत्तम दत्ता चौधरी, सहायक एईआरओ तथागत मंडल, मयना के ईआरओ बिप्लव सरकार, एईआरओ सुदीप्त दास और डेटा एंट्री ऑपरेटर सुरजीत हालदार पर कार्रवाई का आदेश दिया गया था. चुनाव आयोग ने इन सभी को निलंबित करने और उनके खिलाफ 1950 के जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिया थे.


**दु:खद** | बरमूडा ट्रायंगल का रहस्य सुलझा? ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक का बड़ा दावा

## तस्मानिया में रहस्यमय तरीके से फिर गायब हुआ विमान

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

बरमूडा ट्रायंगल दशकों से रहस्यमय कहानियों का केंद्र बना हुआ है. यह क्षेत्र फ्लोरिडा, बरमूडा और ग्रेटर एंटिलीज के बीच स्थित है और इसे लेकर लंबे समय से कहा जाता रहा है कि यहां प्रवेश करने वाले कई जहाज और विमान रहस्यमय तरीके से गायब हो जाते हैं.

बीसवीं सदी के दौरान इस क्षेत्र से 50 से अधिक जहाज और 20 विमान लापता हो चुके हैं. इन घटनाओं ने समुद्री राक्षसों से लेकर एलियन के अपहरण तक की कई अजीबोगरीब थ्योरीज को जन्म दिया. हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक कार्ल क्रुजेलनिकी ने दावा किया है कि



बरमूडा ट्रायंगल का रहस्य उतना रहस्यमय नहीं जितना समझा जाता है. एओएल की रिपोर्ट के अनुसार, क्रुजेलनिकी का कहना है कि इन घटनाओं के पीछे अलौकिक शक्तियों का नहीं, बल्कि आंकड़ों, खराब मौसम और मानवीय भूल का हाथ है. उनके इस सिद्धांत का समर्थन अमेरिकी राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन, लंदन की इंश्योरेंस कंपनी लॉयड्स और अमेरिकी तटरक्षक बल ने भी किया है. एनओएए ने 2010 में स्पष्ट किया था कि बरमूडा ट्रायंगल में लापता होने की घटनाएं समुद्र के अन्य व्यस्त क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा नहीं हैं. साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि गल्फ स्ट्रीम में अचानक मौसम बदलाव, कैरिबियाई द्वीपों की जटिल संरचना और दुर्लभ चुंबकीय विसंगतियां नेविगेशन को कठिन बना देती हैं. वैज्ञानिक कार्ल क्रुजेलनिकी भी 2017 से यही तर्क देते आ रहे हैं.

बरमूडा ट्रायंगल की ही तरह, ऑस्ट्रेलिया और तस्मानिया के बीच का समुद्री क्षेत्र भी रहस्यमय घटनाओं के लिए जाना जाता है. 1978 में 20 वर्षीय पायलट फ्रेडरिक वेलेंटिक अपने सेसना 182L विमान के साथ लापता हो गए थे. उन्होंने रेडियो पर आखिरी बार एक "अजीब धातु की वस्तु" को अपने विमान के ऊपर मंडराते देखा था. उनका विमान कभी नहीं मिला. अब एक और ताजा घटना ने सभी का ध्यान खींचा है. 7 अगस्त 2025 को 72 वर्षीय ग्रेगरी वॉन और 66 वर्षीय किम वॉर्नर तस्मानिया के जॉर्ज टाउन से हिलस्टन, न्यू साउथ वेल्स के लिए एक लाइट स्पोर्ट्स विमान में रवाना हुए, लेकिन वे कभी गंतव्य तक नहीं पहुंचे. पुलिस को किसी दुर्घटना के सबूत नहीं मिले हैं, लेकिन खराब मौसम के चलते खोज अभियान में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इस घटना ने एक बार फिर रहस्यमय समुद्री इलाकों और उनसे जुड़े वैज्ञानिक तथा काल्पनिक सिद्धांतों की बहस को हवा दे दी है.

## गोवा पुलिस के 700 रंगरूटों ने पूरी की ट्रेनिंग

**गोलाघाट (असम)।** गोवा पुलिस के प्रथम, द्वितीय और तृतीय इंडिया रिजर्व बटालियन के कुल 700 रंगरूटों ने असम के देरगांव स्थित लाचित बरफूकन पुलिस अकादमी (एलबीपीए) में 43 हफ्तों का बेसिक ट्रेनिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर लिया . मंगलवार को अकादमी परिसर में भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिम्मत बिस्व सरमा, दोनों राज्यों के पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और रंगरूटों के परिजन मौजूद रहे. रंगरूट 4 अक्टूबर, 2024 को विशेष ट्रेन से एलबीपीए पहुंचे थे और उन्होंने शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, फील्ड टैक्टिक्स और हथियार संचालन जैसी कठोर ट्रेनिंग ली.

## अमेरिकी इस्पात संयंत्र में विस्फोट दो की मौत, 10 लोग घायल हो गए

**एजेंसियां । वाशिंगटन**

संयुक्त राज्य अमेरिका के पेन्सिलवेनिया राज्य के पिट्सबर्ग के दक्षिण में मोनोंघेला नदी के एक मोड़ पर स्थित अमेरिकी इस्पात संयंत्र (यूएस स्टील क्लेयरटन संयंत्र) में सोमवार सुबह हुए भीषण विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए. इस संयंत्र का संचालन यूएस स्टील क्लेयरटन कोक वर्क्स के हाथ में है. सीबीएस न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, इस विस्फोट की सबसे पहले सूचना सुबह 11 बजे से कुछ पहले बचावकर्मियों को दी गई. सोमवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयंत्र के अधिकारियों ने बताया कि मलबे से एकमात्र लापता कर्मचारी का शव निकाल लिया गया है. इससे पहले, सोमवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूएस स्टील क्लेयरटन संयंत्र के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य विनिर्माण अधिकारी स्कॉट बकिसो ने इस विस्फोट में दो लोगों की मृत्यु की पुष्टि की. एलेघेनी काउंटी पुलिस ने कहा कि पहला विस्फोट काफी शक्तिशाली रहा. इस विस्फोट के बाद एक और धमका हुआ, मगर उससे ज्यादा क्षति नहीं हुई. मृतकों में एक की पहचान 39 वर्षीय टिमोथी क्विन के रूप में हुई है.

दूसरे की पहचान सोमवार रात तक नहीं हो पाई. अधिकारियों ने बताया कि 10 लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया. इनमें पांच लोगों की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई गई है.


स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.